सूर्योदय - 06:32
सूर्यास्त - 05:39

अधिकतम तापमान 20.5°
न्यूनतम तापमान 15.2°

ओपन सर्च

हिन्दी दैनिक

RNI No. HARHIN/2023/86132

खबरें और विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें

Mob. : 8826637033
opensearchnews@gmail.com

E-mail | satbeerbhardwaj925@gmail.com Facebook | https://www.facebook.com/opensearch.co.in Website | www.opensearch.co.in

वर्ष : 04 अंक : 100 गुरुग्राम (हरियाणा), गुरुवार 12 नवंबर 2026 हरियाणा, नई दिल्ली, बिहार से प्रकाशित ₹ मूल्य : 01 रुपए | पृष्ट : 08

विकास कार्यों के टेंडर में तेजी के लिए अलग कॉरपोरेशन बनाया जाए : मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने अगले बजट की तैयारियों के लिए वर्तमान बजट के विभागवार खर्च की समीक्षा की

ओपन सर्च/ब्यूरो

चंडीगढ़। हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि महत्वपूर्ण विकास कार्यों की टेंडर प्रक्रिया को तेजी से सिरे चढ़ाने के लिए सिंगापुर की तर्ज पर अलग से कॉरपोरेशन बनाया जाए जो सभी विभागों के बड़े व महत्वपूर्ण टेंडरों की प्रक्रिया को बिना देरी पूरा करवाए। इससे विकास कार्यों में तेजी आएगी और बजट का समुचित इस्तेमाल सुनिश्चित हो सकेगा।



मुख्यमंत्री ने यह बात बुधवार को हरियाणा सिविल सचिवालय में अगले वित्त वर्ष के बजट की तैयारियों के मद्देनजर चालू वित्त वर्ष के विभागवार खर्च की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए कही। उन्होंने सभी विभागों को अलॉट किए गए बजट के खर्च की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि विकास कार्यों को तेज गति से पूरा करवाया जाए ताकि अलॉट किए गए बजट का चालू वित्त वर्ष की समाप्ति से पहले समुचित उपयोग हो सके।

समीक्षा बैठक में कुछ विभागों के टेंडरों में देरी का मामला संज्ञान में आने पर मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि विकास कार्यों की प्रवृति के अनुरूप नया कॉरपोरेशन बनाने के साथ-साथ कंसल्टेंट कंपनियों को सूचीबद्ध करने तथा टाउनशिप कंसल्टेंट हायर करने के विकल्प अपनाए जाएं। इसके लिए मुख्य सचिव की अध्यक्षता में बड़े विभागों के अधिकारी समुचित योजना बनाकर इसे क्रियान्वित करें। उन्होंने कहा कि विभागों के लिए टेंडर डॉक्यूमेंट तैयार करने से लेकर टेंडर अलॉट करने तक की प्रक्रिया कॉरपोरेशन व विशेषज्ञ कंसल्टेंट्स के माध्यम से होगी तो टेंडर प्रक्रिया तेज गति से पूरी हो सकेगी जिससे विकास कार्यों का आमजन को त्वरित लाभ मिल सकेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा सरकार प्रदेश में विकास कार्यों को गति देने, जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन तथा आधारभूत ढांचे को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि वित्त वर्ष 2026-27 के लिए प्रदेश का कुल बजट अनुमान 2,23,658 करोड़ रुपये निर्धारित किया गया है, जो वित्त वर्ष 2025-26 के बजट अनुमान से 9.1 प्रतिशत अधिक है। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष लगभग 95 प्रतिशत बजट खर्च हुआ था। अधिकारी चालू वित्त वर्ष में प्राप्त बजट के शत-प्रतिशत खर्च करने का लक्ष्य रखें।

समीक्षा बैठक में बताया गया कि विभागवार खर्च की स्थिति के अनुसार, 13 विभाग अपने वार्षिक बजट प्रावधान का 50 प्रतिशत से अधिक खर्च कर चुके हैं। इनमें आर्थिक एवं सांख्यिकी कार्य विभाग 91.8 प्रतिशत व्यय के साथ अग्रणी है। सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग ने 73.7 प्रतिशत, ऊर्जा विभाग ने 72.9 प्रतिशत, लोक निर्माण (भवन एवं सड़कें) विभाग ने 68.6 प्रतिशत, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग ने 63.2 प्रतिशत तथा जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग ने 62.9 प्रतिशत बजट का उपयोग किया है।

इसी प्रकार, पुलिस विभाग द्वारा 61 प्रतिशत, परिवहन विभाग द्वारा 58.7 प्रतिशत, माध्यमिक शिक्षा विभाग द्वारा 55.7 प्रतिशत तथा उच्च शिक्षा विभाग द्वारा 51.9 प्रतिशत बजट खर्च किया गया है। स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान तथा प्राथमिक शिक्षा जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में भी बजट का प्रभावी उपयोग किया जा रहा है। चालू कार्यों के संपन्न होने के साथ ही बजट के खर्च की गति में उल्लेखनीय बढ़ोतरी प्रदर्शित होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि बजट का विकास कार्यों में समुचित इस्तेमाल करने के मामले में सभी विभाग प्रो-एक्टिव होकर कार्य करें। इसी प्रकार निर्माण कार्यों में गुणवत्ता से भी किसी प्रकार का समझौता न किया जाए।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की समीक्षा बैठक में इंफ्रास्ट्रक्चर और ऊर्जा परियोजनाओं पर फोकस

अधिकारियों को दिए तेजी से काम पूरा करने के निर्देश

ओपन सर्च/ब्यूरो

चंडीगढ़। मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी प्रमुख विकास परियोजनाओं को निर्धारित समय सीमा में उच्च गुणवत्ता के साथ पूरा किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि परियोजनाओं के कार्य में किसी भी प्रकार की अनावश्यक देरी या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिन परियोजनाओं के कार्य में देरी हो रही है, उनके लिए जिम्मेदार ठेकेदारों पर नियमानुसार पेनल्टी लगाई जाए। इसके अलावा, जो ठेकेदार बार-बार कार्य में देरी करते हैं या निर्धारित मानकों के अनुरूप काम नहीं करते, उन्हें भविष्य में नए कार्य आवंटित न किए जाएं।

मुख्यमंत्री बुधवार को चंडीगढ़ में आयोजित 14वीं स्टेट प्रगति पोर्टल (SPP) की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में प्रदेश में चल रही 75 करोड़ रुपये से अधिक लागत वाली प्रमुख बुनियादी ढांचा और ऊर्जा क्षेत्र की परियोजनाओं की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की गई। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी विभाग आपसी समन्वय से कार्य करते हुए परियोजनाओं में आने वाली बाधाओं को प्राथमिकता के आधार पर दूर करें, ताकि विकास कार्यों को समय पर पूरा किया जा सके।

सोहना में औद्योगिक आधारभूत ढांचे के विकास कार्यों में तेजी: बैठक में ईएमसी सोहना और आईएमटी सोहना की प्रगति की समीक्षा की गई। अधिकारियों ने बताया कि ईएमसी सोहना परियोजना में 77 प्रतिशत प्रगति दर्ज की जा चुकी है। यहां सड़कों और अन्य बुनियादी सुविधाओं के विकास का कार्य तेजी से किया जा रहा है। वहीं, आईएमटी सोहना परियोजना में 70 प्रतिशत प्रगति हासिल की गई है। यहां वाटर वर्क्स टावर और मुख्य सड़कों का निर्माण कार्य लगभग पूरा होने की ओर है। इन परियोजनाओं के पूरा होने से क्षेत्र में औद्योगिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलने के साथ निवेशकों को बेहतर आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

बिजली वितरण प्रणाली को मजबूत करने के लिए चल रहे कार्यों की समीक्षा: मुख्यमंत्री ने आरडीएसएस (RDSS) योजना के तहत प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में चल रही ऊर्जा परियोजनाओं की भी समीक्षा की। अधिकारियों ने बताया कि सोहना डिविजन में बिजली वितरण प्रणाली के लॉस कम करने से संबंधित कार्य 93 प्रतिशत पूरा हो चुका है। करनाल में एपी कनेक्शन और वीजीएस योजना के तहत ट्रांसफार्मर तथा एच-पोल लगाने का कार्य 61 प्रतिशत पूरा हो चुका है।

गुरुग्राम ग्लोबल सिटी और श्री कृष्णा आयुष विश्वविद्यालय की समीक्षा

बैठक में गुरुग्राम ग्लोबल सिटी प्रोजेक्ट (फेज-I) की प्रगति की समीक्षा के दौरान अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि परियोजना का कार्य सुचारू रूप से आगे बढ़ रहा है। क्षेत्र की कनेक्टिविटी और आधारभूत सुविधाओं को मजबूत करने के लिए पटौदी रोड तथा सेंट्रल पेरिफेरल रोड (CPR) से जोड़ने वाली सड़कों के टेंडर और अन्य प्रशासनिक प्रक्रियाएं पूरी कर ली गई हैं। इसी प्रकार, श्री कृष्णा आयुष विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र की स्थापना से संबंधित परियोजना की भी समीक्षा की गई। अधिकारियों ने बताया कि हरियाणा राज्य औद्योगिक एवं अवसंरचना विकास निगम (HSIIDC) के माध्यम से कार्यान्वित इस परियोजना के लिए टेंडर जारी किया जा चुका है और ठेकेदार के साथ अनुबंध भी कर लिया गया है।

हरियाणा में पराली प्रबंधन को लेकर सरकार के व्यापक प्रयास

किसानों को वितरित की गईं 13,200 आधुनिक कृषि मशीनें

ओपन सर्च/ब्यूरो

चंडीगढ़। हरियाणा सरकार, प्रदेश में फसल अवशेष प्रबंधन को बढ़ावा देने और पर्यावरण संरक्षण के लिए व्यापक स्तर पर प्रयास कर रही है। किसानों को पराली प्रबंधन के आधुनिक संसाधन उपलब्ध करवाने के साथ-साथ आर्थिक प्रोत्साहन भी दिया जा रहा है। इसी दिशा में इस वर्ष किसानों को सुपर सीडर, बेलर सहित विभिन्न प्रकार की 13,200 कृषि मशीनें वितरित की गई हैं। इन मशीनों की खरीद पर 50 प्रतिशत तक अनुदान दिया जा रहा है। इसके अलावा, फसल अवशेष प्रबंधन अपनाने वाले किसानों को 1,200 रुपये प्रति एकड़ की दर से प्रोत्साहन राशि भी प्रदान की जा रही है। इस योजना के तहत अबकि बार लगभग 500 करोड़ रुपये किसानों को दिए जाएंगे। इस संबंध में जानकारी देते हुए एक सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा पराली जलाने की घटनाओं की रोकथाम के लिए तकनीक आधारित निगरानी व्यवस्था भी मजबूत की गई है। हॉटस्पॉट गांवों में 79 सेंसर स्थापित किए गए हैं, जबकि विभिन्न जिलों में 36 ड्रोन के माध्यम से लगातार निगरानी की जा रही है। इसके साथ ही, जिला स्तर पर अधिकारियों की जिम्मेदारी निर्धारित करते हुए प्रभावी मॉनीटरिंग सुनिश्चित की गई है। उन्होंने बताया कि प्रदेश के 23 जिलों में अब तक आग लगने की 206 घटनाएं सामने आई हैं, जिनमें से 89 मामलों में खेतों में फसल अवशेष जलने की पुष्टि हुई है। प्रशासन द्वारा सभी 206 स्थानों का निरीक्षण किया गया है। पराली जलाने के मामलों में नियमानुसार कार्रवाई करते हुए 62 चालान के माध्यम से 3.55 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है, जिसमें से 2.30 लाख रुपये की वसूली की जा चुकी है। इसके अतिरिक्त, 74 एफआईआर दर्ज की गई हैं तथा 19 मामलों में संबंधित खेतों के राजस्व रिकॉर्ड में रेड एंट्री की गई है। प्रवक्ता ने किसानों से अपील करते हुए कहा कि वे पराली जलाने के बजाय आधुनिक कृषि मशीनों और उपलब्ध सरकारी योजनाओं का लाभ उठाकर फसल अवशेषों का उचित प्रबंधन करें।

इन जिलों में पराली जलाने की कोई घटना दर्ज नहीं हुई

प्रवक्ता ने बताया कि जिलावार स्थिति के अनुसार भिवानी, चरखी दादरी, गुरुग्राम, महेंद्रगढ़, नूंह और रेवाड़ी में पराली जलाने की कोई घटना दर्ज नहीं हुई है। पंचकूला में आग लगने की एक घटना सामने आई, लेकिन खेत में फसल अवशेष जलने की पुष्टि नहीं हुई। वहीं, हिसार और हांसी में छह-छह घटनाएं दर्ज की गई हैं। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा निगरानी व्यवस्था को प्रभावशाली बनाने के लिए अधिकारियों की जवाबदेही भी तय की है। इयूटी में लापरवाही के आरोप में 109 नोडल अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं, ताकि पराली प्रबंधन अभियान के क्रियान्वयन में किसी प्रकार की ढिलाई न रहे।

अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति मामलों में न्याय सुनिश्चित करने के लिए

मुख्यमंत्री के 60 दिनों के भीतर शत-प्रतिशत मामलों में चार्जशीट दाखिल करने के दिए निर्देश

ओपन सर्च/ब्यूरो

चंडीगढ़। हरियाणा में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (एससी-एसटी) के नागरिकों को त्वरित न्याय दिलाने और उनके विरुद्ध होने वाले अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि एससी-एसटी से जुड़े प्रत्येक मामले में निर्धारित 60 दिनों की अवधि के भीतर न्यायालय में चार्जशीट दाखिल करना अनिवार्य होगा। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि शत-प्रतिशत मामलों में इस समय-सीमा का पालन हो। पीड़ितों को न्याय दिलाने के मामले में किसी भी स्तर पर लापरवाही, ढिलाई अथवा कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी चंडीगढ़ में अनुसूचित जाति अत्याचार अधिनियम 1989 और नागरिक अधिकार संरक्षण अधिनियम 1955 के प्रावधानों के कार्यान्वयन की समीक्षा हेतु राज्य स्तरीय सतर्कता एवं निगरानी समिति की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी भी मौजूद रहे।

एससी-एसटी मामलों में लगभग 28 प्रतिशत की कमी

बैठक में पुलिस महानिदेशक श्री अजय सिंघल ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि राज्य में एससी-एसटी से संबंधित मामलों में लगभग 28 प्रतिशत तक की कमी दर्ज की गई है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार एससी-एसटी से संबंधित मामलों में 60 दिनों के भीतर चार्जशीट दाखिल करने की प्रक्रिया को प्रभावी ढंग से लागू किया जा रहा है और इसे शत—प्रतिशत ले जाने का पूरा प्रयास किया जा रहा है। बैठक में बताया गया कि पीड़ितों को न्याय दिलाने में लापरवाही बरतने के मामलों में 10 पुलिसकर्मियों के विरुद्ध कार्रवाई की गई है। साथ ही, जिला एवं उपमंडल स्तर पर वरिष्ठ अधिकारियों को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है, जो मामलों की प्रगति, जांच और समयबद्ध निपटान की नियमित निगरानी करेंगे।

पांच जिलों में स्थापित होंगी स्पेशल न्यायालय

एससी-एसटी से जुड़े मामलों के त्वरित निपटान को और गति देने के लिए मुख्यमंत्री ने हिसार, फरीदाबाद, पलवल, रोहतक और भिवानी में स्पेशल न्यायालय स्थापित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इन न्यायालयों के माध्यम से ऐसे मामलों की सुनवाई में तेजी लाई जाए, ताकि पीड़ितों को न्याय के लिए लंबा इंतजार न करना पड़े। उन्होंने कहा कि स्पेशल कोर्ट्स स्थापित करने की प्रक्रिया को गति से आगे बढ़ाया जाए।

अधिक मामलों वाले जिलों और पुलिस थानों की होगी विशेष निगरानी

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि जिन जिलों में एससी-एसटी से संबंधित मामलों की संख्या अपेक्षाकृत अधिक सामने आ रही है, वहां विशेष अभियान चलाकर विस्तृत समीक्षा की जाए। ऐसे मामलों के पीछे के कारणों की पहचान की जाए और स्थानीय परिस्थितियों का विश्लेषण कर ठोस सुधारात्मक कदम उठाए जाएं, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

उन्होंने विशेष रूप से निर्देश दिए कि जिन पुलिस थानों में इस श्रेणी के मामले अधिक दर्ज हो रहे हैं, उनकी अलग से पहचान कर वहां वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा विशेष निगरानी की जाए।

स्वच्छ सर्वेक्षण 2025–26 के परिणाम हुए घोषित, राज्य का पहला स्वच्छ शहर बना करनाल

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने प्रेसिडेंशियल अवॉर्ड देकर किया सम्मानित

ओपन सर्च / प्रदीप मैहता

करनाल। दुनिया के सबसे बड़े शहरी स्वच्छता सर्वेक्षण 2025-26 के 10वें संस्करण के परिणामों का ऐलान हो चुका है। करनाल शहर को हरियाणा राज्य का पहला स्वच्छ शहर चुना गया है। केन्द्रीय आवासन एवं शहरी मामले मंत्रालय की ओर से परिणामों की घोषणा की गई है। बुधवार को नई दिल्ली स्थित विज्ञान भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने हरियाणा शहरी स्थानीय निकाय मंत्री विपुल गोयल, आयुक्त एवं सचिव अशोक कुमार मीणा, महापौर रेणु बाला गुप्ता व नगर निगम आयुक्त सलोनी शर्मा को राष्ट्रपति पुरस्कार देकर सम्मानित किया। मंच पर राष्ट्रपति के साथ केन्द्रीय आवासन एवं शहरी मामले मंत्री मनोहर लाल, इसी मंत्रालय के राज्य मंत्री तोखन साहू व सचिव उपस्थित थे। लगातार दूसरी बार राष्ट्रपति पुरस्कार पाने वाला करनाल हरियाणा प्रदेश का पहला शहर बन गया है। राष्ट्रीय स्तर की रैंकिंग अगले दो दिन में जारी होने की उम्मीद है।



नगर निगम की महापौर रेणु बाला गुप्ता ने शहरवासियों को बधाई देते कहा कि करनाल शहर के साथ-साथ हरियाणा प्रदेश को गौरवशाली उपलब्धि मिली है। उन्होंने कहा कि यह हमारे लिए गर्व की बात है कि स्वच्छता के क्षेत्र में करनाल को एक बार फिर राष्ट्रपति अवॉर्ड से नवाजा गया है। इसके लिए उन्होंने नगर निगम करनाल की पूरी टीम विशेषकर सफाई मित्रों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने इस उपलब्धि के लिए केन्द्रीय ऊर्जा एवं आवासन एवं शहरी मामले मंत्री तथा करनाल के सांसद मनोहर लाल जी का आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि मनोहर लाल जी की दूरदर्शी सोच, पारदर्शी कार्य तथा जनसेवा के प्रति पूर्णत: समर्पित नेतृत्व में करनाल शहर को विकास व स्वच्छता में नई ऊंचाईयों तक पहुंचाया है। उन्होंने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी जी का भी धन्यवाद करते कहा कि उनके कुशल नेतृत्व व मार्गदर्शन में करनाल निरंतर प्रगति के पथ पर आगे बढ़ रहा है। स्वच्छ सर्वेक्षण के इस परिणाम के लिए उन्होंने समर्पित सफाई मित्रों, निष्ठावान अधिकारियों व कर्मचारियों और जागरूक शहरवासियों को सफलता का श्रेय दिया, जिन्होंने शहर को स्वच्छ, सुंदर और सुव्यवस्थित बनाए रखने में अहम भूमिका निभाई है।

नगर निगम आयुक्त सलोनी शर्मा ने करनाल शहर को स्वच्छता के क्षेत्र में प्रेसिडेंशियल अवॉर्ड मिलने पर समस्त शहरवासियों को बधाई दी और कहा कि यह सामुहिक सहयोग व नागरिक सहभागिता से ही सम्भव हुआ है। उन्होंने सफाई मित्रों की यह कहकर प्रशंसा की वे हर मौसम में साफ-सफाई के कार्य में लगे रहते हैं। इसे देखते उनका योगदान सबसे महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि महीनों के समर्पित प्रयासों, नवीन दृष्टिकोणों और स्वच्छता के प्रति अटूट प्रतिबद्धता का परिणाम है।

राज्य भर में खुलेंगी 2,651 फेयर प्राइस शॉप्स

इच्छुक आवेदक 25 नवंबर तक कर सकते हैं ऑनलाइन आवेदन

ओपन सर्च/ब्यूरो

चंडीगढ़। हरियाणा सरकार ने गरीब और पात्र परिवारों के लिए राशन डिपो की पहुंच को बेहतर बनाने के लिए राज्यभर में 2,651 उचित मूल्य की दुकानें खोलने का निर्णय लिया है। हाल ही में खाद्य, नागरिक आपूर्ति और उपभोक्ता मामले विभाग ने प्रदेश में खाली पड़ी 2,651 उचित मूल्य की दुकानों (फेयर प्राइस शॉप्स) के लिए लाइसेंस हेतु ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि को आगे बढ़ा दिया है। अब इच्छुक आवेदक 25 नवंबर 2026 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकतें हैं, जबकि पहले इसकी अंतिम तिथि 10 नवंबर 2026 निर्धारित थी।

एक सरकारी प्रवक्ता ने इस बारे में जानकारी देते हुए बताया कि फेयर प्राइस शॉप्स के माध्यम से विशेष रूप से उन दूरदराज के क्षेत्रों में रहने वाले नागरिकों को सीधा लाभ पहुंचाया जाएगा, जहां मौजूदा डिपो काफी दूर स्थित हैं। इस योजना से न केवल सार्वजनिक वितरण प्रणाली मजबूत होगी, बल्कि युवाओं के लिए स्वरोजगार के नए अवसर भी पैदा होंगे। इसके साथ ही, इस पूरी प्रक्रिया में महिलाओं के लिए 33% आरक्षण का प्रावधान किया गया है, जिससे जमीनी स्तर पर महिला सशक्तिकरण को भी एक नया बढ़ावा मिलेगा।



फाइल फोटो।

उन्होंने बताया कि इच्छुक आवेदक ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। इस पोर्टल की शुरुआत हरियाणा के मुख्यमंत्री द्वारा 10 अक्टूबर 2026 को की गई थी। उन्होंने आगे बताया कि योग्य आवेदक हरियाणा अंत्योदय सरल पोर्टल (https://saralharyana.gov.इन) के माध्यम से 25 नवंबर 2026 तक अपने आवेदन ऑनलाइन जमा कर सकते हैं।

गुरुग्राम में 9 महीने में 10.66 लाख ट्रैफिक चालान, 200.66 करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया

अगस्त में सबसे ज्यादा 1.64 लाख चालान कटे, जीएमडीए शहर में 2722 और हाई रिजॉल्यूशन कैमरे लगा रहा

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता
सतबीर भारद्वाज



गुरुग्राम। गुरुग्राम में ट्रैफिक नियम तोड़ने वालों पर अब तीसरी आंख से नजर रखी जा रही है। शहर में लगे इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम (आईटीएमएस) के जरिए जनवरी से सितंबर 2026 तक 10 लाख 66 हजार 385 चालान काटे गए हैं। इन चालानों के माध्यम से 200.66 करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया गया है। कैमरों की निगरानी और तकनीक आधारित चालान व्यवस्था से ट्रैफिक नियमों की पालना सुनिश्चित करने के प्रयास तेज किए जा रहे हैं।

आंकड़ों के अनुसार, अगस्त महीने में सबसे ज्यादा 1 लाख 64 हजार 773 चालान काटे गए। इसके बाद जुलाई में 1 लाख 50 हजार 393 और सितंबर में 1 लाख 46 हजार 248 चालान हुए। शहर में आईटीएमएस के तहत लगे सीसीटीवी कैमरों को गुरुग्राम महानगर विकास प्राधिकरण (जीएमडीए) के इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर (आईसीसीसी) से जोड़ा गया है। यहां से 24 घंटे शहर की निगरानी की जा रही है।

जीएमडीए के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) पीसी मीणा ने बताया कि शहर में तकनीक आधारित निगरानी व्यवस्था को लगातार मजबूत किया जा रहा है। इसका उद्देश्य ट्रैफिक प्रबंधन बेहतर करना, सड़क सुरक्षा बढ़ाना और यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करना है। आईसीसीसी के माध्यम से सभी कैमरों की निगरानी एक ही केंद्र से की जा रही है, जिससे नियमों के उल्लंघन की पहचान कर साक्ष्यों के आधार पर चालान जारी किए जा सकते हैं।

पहले चरण में लगे 1200 कैमरे, अब 5287 तक पहुंचेगी संख्या: जीएमडीए ने सीसीटीवी निगरानी परियोजना के पहले चरण में शहर के अलग-अलग स्थानों पर 1200 कैमरे लगाए थे। इसके अलावा कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (सीएसआर) के तहत 365 कैमरे और लगाए गए हैं। इस तरह फिलहाल कुल 1565 कैमरे आईसीसीसी से जुड़े हुए हैं।

अब दूसरे चरण में 2722 और कैमरे लगाए जा रहे हैं। इसके अलावा सीएसआर के माध्यम से 1000 अतिरिक्त कैमरे लगाने की भी योजना है। इन सभी के स्थापित होने के बाद शहर में एकीकृत सीसीटीवी कैमरों की संख्या बढ़कर 5287 हो जाएगी। इससे गुरुग्राम, मानेसर और आसपास के क्षेत्रों में निगरानी का दायरा बढ़ेगा।

दूसरे चरण में 8 मेगापिक्सल के हाई रिजॉल्यूशन कैमरे लगाए जा रहे हैं। इनसे वाहनों की नंबर प्लेट स्पष्ट दिखाई देगी और यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों की पहचान करना आसान होगा।

258 स्थानों पर लगेंगे अलग-अलग श्रेणी के कैमरे

दूसरे चरण में कुल 2722 कैमरे लगाने की योजना है। इनमें 1406 ऑटोमैटिक नंबर प्लेट रिकग्निशन (एएनपीआर), 102 रेड लाइट वायलेशन डिटेक्शन (आरएलवीडी), 74 पैन-टिल्ट-जूम (पीटीजेड), 759 सामान्य निगरानी कैमरे, 347 फेस रिकग्निशन कैमरे और 20 स्पीड रडार शामिल हैं। ये कैमरे गुरुग्राम, मानेसर और आसपास के क्षेत्रों में 258 स्थानों पर लगाए जाएंगे। सीईओ पीसी मीणा ने संबंधित अधिकारियों को कैमरे लगाने का काम जल्द पूरा करने और उन्हें आईसीसीसी से निर्बाध रूप से जोड़ने के निर्देश दिए हैं, ताकि इस तकनीकी व्यवस्था का प्रभावी इस्तेमाल किया जा सके।

कंपनी के केमिकल टैंक की सफाई के दौरान जहरीली गैस से तीन कर्मचारियों की मौत

मृतकों में दो बिहार के रहने वाले जबकि एक बादशाहपुर गुरुग्राम का व्यक्ति शामिल

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता
सतबीर भारद्वाज



गुरुग्राम। भोंडसी थाना क्षेत्र के धूमसपुर स्थित संधार कंपनी में बुधवार दोपहर केमिकल टैंक में गिरने से तीन कर्मचारियों की मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलने पर भोंडसी थाना पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस ने तीनों मृतकों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं पुलिस ने बादशाहपुर निवासी मृतक नरेश यादव के बेटा की शिकायत पर इस संबंध में कंपनी प्रबंधन के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। शिकायत में बिना सुरक्षा उपकरण कैमिकल संबंधी काम कराने को लेकर कंपनी प्रबंधन के खिलाफ शिकायत दी, जिस पर पुलिस ने यह कार्रवाई की है।

धूमसपुर गांव स्थित संधार कंपनी दिवाली-गोवर्धन व भाईदूज त्योहार को लेकर चार दिन से बंद थी। कंपनी में छुट्टियों के बाद साफ-सफाई का काम चल रहा था। इस दौरान पेंटशॉप के टेंक की सफाई का किया जा रहा था। टेंक में नरेश यादव (55 वर्ष) सबसे पहले उतरा तो रासायनिक गैस के कारण वह बेहोश होकर गिर गया। इसके बाद अनिल झा (45 वर्ष) व आरिफ (21 वर्ष) उतरा लेकिन जहरीली गैस के कारण तीनों टेंक में ही बेसुध होकर गिर गए। आनन-फानन में तीनों को टैंक से बाहर निकालकर बादशाहपुर स्थित एकता अस्पताल पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर हालत को देखते हुए पार्क अस्पताल रेफर कर दिया गया। हालांकि, डॉक्टरों के तमाम प्रयासों के बावजूद तीनों की जान नहीं बचाई जा सकी। इलाज के दौरान तीनों ने दम तोड़ दिया।


सुरक्षा इंतजामों की भी होगी जांच: हादसे की सूचना मिलने पर भोंडसी थाना पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस ने तीनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अब पुलिस हादसे के कारणों का पता लगाने में जुटी है। जांच में यह भी देखा जाएगा कि कंपनी में केमिकल टैंक के आसपास सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम थे या नहीं और कर्मचारी किन परिस्थितियों में टैंक में गिरे। फिलहाल पुलिस हादसे से जुड़े सभी पहलुओं की जांच कर रही है।

शिकायत मिलने के बाद होगी एफआईआर: पुलिस और अस्पताल प्रशासन के अनुसार मृतकों की पहचान मुजफ्फरपुर (बिहार) निवासी 21 वर्षीय आरिफ पुत्र जमाल खान, नवादा (बिहार) के रूप में हुई। दूसरे मृतक की पहचान अनिल झा निवासी बिहार वहीं तीसरा बादशाहपुर की आरआर कॉलोनी निवासी 55 वर्षीय नरेश यादव के रूप में हुई है। भोंडसी थाना पुलिस ने तीनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की कानूनी जांच शुरू कर दी है।

गो तस्करों ने बजरंग दल की टीम पर की फायरिंग

बचने के लिए चलती पिकअप से आठ गोवंश को सड़क पर फेंका

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता
सतबीर भारद्वाज



गुरुग्राम। गुरुग्राम में मंगलवार देर रात गो तस्करों और बजरंग दल की टीम के बीच टकराव का मामला सामने आया है। गो तस्करों का पीछा कर रही बजरंग दल और काऊ प्रोटेक्शन फोर्स की टीम पर आरोपियों ने फायरिंग कर दी। खुद को घिरता देख तस्करों ने चलती पिकअप गाड़ी से आठ गोवंश को सडक़ पर फेंकना शुरू कर दिया। इसके बाद आरोपी गोली चलाते हुए मौके से फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही भोंडसी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायल गोवंश को रेस्क्यू कर गौशाला पहुंचाया। पुलिस ने बजरंग दल के सदस्य की शिकायत पर मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक, बजरंग दल की टीम को देर रात क्षेत्र में गो तस्करी किए जाने की सूचना मिली थी। इसके बाद टीम ने काऊ प्रोटेक्शन फोर्स के साथ मिलकर संदिग्ध पिकअप गाड़ी का पीछा शुरू किया। पीछा करते हुए टीम ने पिकअप को घेर लिया। खुद को चारों तरफ से घिरा देख गाड़ी में सवार तस्करों ने भागने के लिए चलती पिकअप से गोवंश को सडक़ पर फेंकना शुरू कर दिया। इस दौरान उन्होंने बजरंग दल के सदस्यों को निशाना बनाकर फायरिंग भी की। इसके बाद आरोपी चंद्रशेखर फार्म के पास अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए।

घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलने पर भोंडसी थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने नगर निगम की गाडग़ियों को बुलाकर सडक़ पर घायल अवस्था में पड़े गोवंश को वहां से हटवाया और गौशाला भिजवाया। बताया जा रहा है कि आठ गोवंश को चलती गाड़ी से फेंका गया था। इनमें से दो गायों को गंभीर चोटें आई हैं। पशु चिकित्सकों की टीम उनका उपचार कर रही है।

बजरंग दल के सदस्य चमन खटाना की शिकायत पर भोंडसी थाना पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली है। पुलिस के अनुसार, घटनास्थल से गोली के खोल भी बरामद किए गए हैं। पुलिस आसपास के क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज और अन्य साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों की पहचान करने में जुटी है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है और फरार गो तस्करों की तलाश जारी है।

बिल्डर के खुले तालाब में चार बच्चियां डूबी, दो बच्चियों की मौत, दो को बचाया

सुरक्षा के नाम पर लगाई टीन के बीच छोड़ी जगह से अंदर गई थी बच्चियां, लापरवाही पर केस दर्ज

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता
सतबीर भारद्वाज



गुरुग्राम। गुरुग्राम के बादशाहपुर थाना क्षेत्र के सेक्टर-71 स्थित बिल्डर के प्रोजेक्ट में खुले कच्चे तालाब में डूबने से दो नाबालिग बच्चियों की दर्दनाक मौत हो गई। दोनों बच्चियां मंगलवार दोपहर अपनी दो अन्य सहेलियों के साथ तालाब में नहाने गई थीं। हादसे की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने बच्चियों के परिजनों की शिकायत पर लापरवाही के आरोप में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

फाजिलपुर निवासी राम विनय महतो की बेटी साजन कुमारी (13 वर्ष) और उनके रिश्तेदार की बेटी नैहा कुमारी (12 वर्ष) गत मंगलवार को दोपहर करीब एक बजे दो अन्य बच्चियों के साथ निर्माणाधीन गोल्फ कोर्स के लिए बने कच्चे तालाब में नहाने गई थीं। इसी दौरान चारों बच्चियां पानी में डूब गईं हालांकि आसपास के लोगों ने दो बच्चियों को सुरक्षित निकालकर सीपीआर दी तो उनकी जान बच गई जबकि दो बच्चियों की डूबने से मौत हो गई। इस घटना की सूचना ईआरवी-272 के माध्यम से पुलिस को मिली। बादशाहपुर थाना पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची। वहां मौजूद सुरक्षा गार्ड वीर सिंह ने बताया कि सुपरवाइजर दोनों बच्चियों को निकालकर सेक्टर-10 स्थित अस्पताल ले गया। पुलिस टीम अस्पताल पहुंची, जहां डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया।

राम विनय महतो ने पुलिस को दी शिकायत में तालाब की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल उठाए हैं। उनका आरोप है कि तालाब के चारों तरफ कोई पक्की चारदीवारी नहीं थी। जमीन को घेरने के लिए केवल लोहे की टीन लगाई गई थी, लेकिन इनके बीच जगह छोड़ी हुई थी। इसी रास्ते से बच्चियां तालाब तक पहुंच गईं। उन्होंने आरोप लगाया कि सुरक्षा व्यवस्था में बरती गई लापरवाही के कारण यह हादसा हुआ है।

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने सीन ऑफ क्राइम टीम को घटनास्थल पर बुलाया। टीम ने मौके का निरीक्षण कर जरूरी साक्ष्य एकत्र किए। इसके बाद पुलिस ने दोनों बच्चियों के शव पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिए।

बादशाहपुर थाना पुलिस ने राम विनय महतो की शिकायत के आधार पर बीएनएस की धारा 106 और 3(5) के तहत प्राथमिकी दर्ज की है। पुलिस का कहना है कि तालाब की सुरक्षा व्यवस्था, घटनास्थल की परिस्थितियों और कथित लापरवाही के सभी पहलुओं की जांच की जा रही है। जांच में जो भी व्यक्ति कानूनन जिम्मेदार पाया जाएगा, उसके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

जाट वोटों को लेकर राव नरबीर ने फिर निकाली भड़ास

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता
सतबीर भारद्वाज



गुरुग्राम। गुरुग्राम जिला के बादशाहपुर से विधायक एवं कैबिनेट मंत्री राव नरबीर सिंह ने एक बार फिर जाट वोट को लेकर खुलकर बोले। उन्होंने नारनौल में एक कार्यक्रम के दौरान कहा कि बादशाहपुर सीट से चुनाव लड़ते समय जाट समाज ने उन्हें वोट नहीं दिया। उन्हें सिर्फ अहीर समाज के वोट मिले। इससे पहले वे गुरुग्राम के (जाट बाहुल) दौलताबाद गांव के ग्रामीणों को भी वोट नहीं देने का उल्हाना दे चुके हैं। नारनौल में उन्होंने कहा कि वहां जाट समाज से भी विधायक रहे, लेकिन उन्होंने अपने पूरे कार्यकाल में विकास कार्यों पर 15 लाख रुपए भी खर्च नहीं किए। इसके उलट, उन्होंने बिना वोट मिले भी क्षेत्र में 15 करोड़ रुपए के विकास कार्य करवाए। लोगों को जाति, बिरादरी और धर्म देखकर नहीं, बल्कि काम देखकर वोट देना चाहिए। पूर्व मंत्री अभय सिंह को लेकर उन्होंने कहा कि यह मत सोचना कि अभय सिंह विधायक नहीं हैं। आज भी उनकी ताकत मेरे से ज्यादा है। राव नरबीर ने ये बातें मंगलवार को नांगल चौधरी के नायन गांव में कहीं।

'तंवरों की नाममात्र वोट, फिर भी सोहना से तंवर विधायक बने'

राव नरबीर सिंह यहीं नहीं रुके। उन्होंने सोहना से विधायक तेजपाल तंवर की ओर इशारा करते हुए कहा कि सोहना में तंवरों के वोट बहुत कम हैं, फिर भी तेजपाल तंवर विधायक बने हुए हैं। इसके उलट, यहां खटाना की पूरी खाप मौजूद है, लेकिन इसके बावजूद वे आज तक विधायक नहीं बन पाए।

अहीरवाल में वर्चस्व को लेकर नेताओं के बीच खींचतान

राव नरबीर सिंह और केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह के बीच राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता 1987 से चली आ रही है। उस समय राव नरबीर ने जाटूसाना सीट पर राव इंद्रजीत को हराया था। 2019 में राव नरबीर का टिकट कटने के पीछे भी उनके समर्थकों ने राव इंद्रजीत का हाथ होने के आरोप लगाए थे। 2024 में बादशाहपुर से जीतने के बाद भी दोनों नेताओं के बीच खींचतान की चर्चाएं बनी रहीं।

पूर्व मंत्री अभय सिंह यादव और राव इंद्रजीत के बीच भी राजनीतिक मतभेद सामने आते रहे हैं। 2024 में अभय यादव को मंत्री बनाए जाने पर राव इंद्रजीत समर्थकों ने नाराजगी जताई थी। उस समय राव समर्थक माने जाने वाले ओमप्रकाश यादव को मंत्रिमंडल से बाहर किया गया था। अगस्त 2025 में कोरियावास मेडिकल कॉलेज का नाम शहीद राव तुलाराम के नाम पर रखने की मांग को लेकर विवाद बढ़ा। इस दौरान अभय यादव ने राव इंद्रजीत को छोटे दिल का नेता बताते हुए कहा था कि कुछ नेता अहीर समाज की राजनीति को अपनी जागीर समझते हैं।

खेत से पाइप चोरी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता
सतबीर भारद्वाज



गुरुग्राम। खेडक़ी दौला थाना पुलिस ने सेक्टर-83ए स्थित खेत से लोहे के पाइप चोरी करने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी किए गए 10 लोहे के पाइप बरामद किए हैं। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि दोनों आरोपी नशे के आदी हैं और नशे की पूर्ति के लिए उन्होंने चोरी की वारदात को अंजाम दिया था।

पुलिस के अनुसार, एक व्यक्ति ने खेडक़ी दौला थाने में शिकायत दी थी कि एक नवंबर को सेक्टर-83ए स्थित उसके खेत से अज्ञात व्यक्ति लोहे के पाइप चोरी कर ले गए। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

जांच के दौरान पुलिस टीम ने 10 नवंबर को खेडक़ी दौला थाना क्षेत्र से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। उनकी पहचान सूरज उर्फ मंगू निवासी झारखंड और मोनू निवासी बिहार के रूप में हुई है। दोनों वर्तमान में सेक्टर-83, गुरुग्राम में रह रहे थे। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर चोरी के 10 लोहे के पाइप बरामद किए हैं। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

दो अलग-अलग सड़क हादसों में दो लोग घायल

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता
सतबीर भारद्वाज



गुरुग्राम। जिला में दो अलग-अलग सड़क हादसों में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। इस संबंध में उद्योग विहार व सेक्टर-14 थाना पुलिस ने अज्ञात वाहन चालकों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

दिल्ली के करावला निवासी रिषभ ने उद्योग विहार थाना पुलिस में दी शिकायत में बताया कि वह उद्योग विहार फेज-1 स्थित एक निजी कंपनी में काम करता है और दीप पीजी में रहता है। बीती रात करीब 12 बजे वह अपने दोस्तों के साथ पैदल पीजी लौट रहा था। एलवाईएनएक्स कैफे के पास एक ट्रक ने उसे टक्कर मार दी। हादसे में वह सडक़ पर गिर गया और ट्रक का टायर उसके पैरों के ऊपर से गुजर गया। इससे उसके पैर और कमर में गंभीर चोटें आईं। उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

विष्णु दत्त का धनपत सिंह सांगी लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड-2026 के लिए चयन

प्रसिद्ध सांगी पंडित लख्मीचंद के पौत्र हैं विष्णुदत्त, एक लाख रुपये की पुरस्कार राशि एवं प्रशस्ति पत्र से होंगे सम्मानित

ओपन सर्च/ब्यूरो

चंडीगढ़। हरियाणा की समृद्ध लोकनाट्य परंपरा सांग को समर्पित प्रतिष्ठित श्री धनपत सिंह सांगी लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड-2026 के लिए प्रसिद्ध सांगी पंडित लख्मीचंद के पौत्र श्री विष्णु दत्त का चयन किया गया है। उन्हें एक लाख रुपये की पुरस्कार राशि एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा। सूचना, जनसम्पर्क एवं भाषा विभाग, हरियाणा के निदेशक डॉ. आदित्य दहिया ने बताया कि हरियाणा की लोक संस्कृति में सांग का विशेष स्थान है। यह केवल मनोरंजन की विधा नहीं, बल्कि लोक जीवन, सामाजिक चेतना, नैतिक मूल्यों और सांस्कृतिक परंपराओं को जन-जन तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम रही है। सांग की इसी गौरवशाली विरासत के संरक्षण एवं कलाकारों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से विभाग द्वारा प्रतिवर्ष राज्य स्तरीय सांग महोत्सव का आयोजन किया जाता है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2025-26 के राज्य स्तरीय सांग महोत्सव का आयोजन 23 से 27 फरवरी, 2026 तक हरियाणा कला परिषद, कुरुक्षेत्र के सभागार में किया गया था। पांच दिवसीय महोत्सव में प्रदेश के विभिन्न सांग कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से हरियाणा की पारंपरिक लोकनाट्य शैली, लोक संगीत, अभिनय और संवाद अदायगी की समृद्ध झलक प्रस्तुत की। डॉ. दहिया ने बताया कि पुरस्कार के लिए निर्धारित मूल्यांकन प्रक्रिया अपनाई गई। इसके अंतर्गत समीक्षा समिति द्वारा कलाकारों की मंचीय प्रस्तुतियों का मूल्यांकन 60 अंकों तथा चयन समिति द्वारा उनके दस्तावेजों एवं जीवनवृत्त का मूल्यांकन 40 अंकों के आधार पर किया गया। दोनों समितियों के संयुक्त मूल्यांकन के उपरांत श्री विष्णु दत्त का इस प्रतिष्ठित पुरस्कार के लिए चयन किया गया।

पंडित लख्मीचंद की गौरवशाली सांग परंपरा से जुड़ा है विष्णु दत्त का नाम

डॉ. आदित्य दहिया ने कहा कि हरियाणा की लोक नाट्य परंपरा में पंडित लख्मीचंद का योगदान अविस्मरणीय है। उन्होंने अपनी रचनाओं, लोकगीतों और सांग प्रस्तुतियों के माध्यम से हरियाणवी लोक साहित्य को नई ऊंचाइयां प्रदान कीं। उनकी रचनाओं में लोकजीवन की संवेदनाएं, सामाजिक सरोकार, नैतिक मूल्य और मानवीय संबंधों की गहरी अभिव्यक्ति मिलती है।

उन्होंने कहा कि पंडित लख्मीचंद के पौत्र श्री विष्णुदत्त का इस सम्मान के लिए चयन होना हरियाणा की उस समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के प्रति सम्मान का प्रतीक है, जिसने लोककला और लोकभाषा को प्रदेश की विशिष्ट पहचान प्रदान की है।

लोक कलाकारों को प्रोत्साहन देने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल

डॉ. आदित्य दहिया ने बताया कि चयनित श्री विष्णुदत्त को एक लाख रुपये की पुरस्कार राशि एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाएगा। इसके अतिरिक्त राज्य स्तरीय सांग महोत्सव में भाग लेने वाले अन्य कलाकारों को 30 हजार रुपये प्रति प्रस्तुति मानदेय प्रदान किया गया है। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार प्रदेश की पारंपरिक लोक कलाओं के संरक्षण, संवर्धन एवं प्रचार-प्रसार के लिए प्रतिबद्ध है। विभाग का उद्देश्य वरिष्ठ लोक कलाकारों के योगदान को सम्मान देने के साथ-साथ युवा प्रतिभाओं को मंच उपलब्ध करवाना तथा नई पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ना है। डॉ. दहिया ने कहा कि सांग हरियाणा की लोक आत्मा की अभिव्यक्ति है। इसकी परंपरा को जीवंत बनाए रखना हमारी सांस्कृतिक जिम्मेदारी है।

हरियाणा में विकास और सुशासन के नए आयाम स्थापित कर रही भाजपा सरकार : सुरेश यादव

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता सतबीर भारद्वाज

गुरुग्राम। वरिष्ठ भाजपा नेता एवं भाजपा जिला कार्यकारिणी सदस्य सुरेश यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के कुशल नेतृत्व में प्रदेश की भाजपा सरकार विकास, सुशासन और जनकल्याण के नए आयाम स्थापित कर रही है। सरकार पूरी पारदर्शिता, ईमानदारी और जवाबदेही के साथ प्रदेश के विकास को नई गति देने का काम कर रही है। भाजपा सरकार का उद्देश्य केवल जनकल्याणकारी योजनाएं बनाना नहीं, बल्कि उनका लाभ समाज के अंतिम पायदान पर खड़े जरूरतमंद व्यक्ति तक पहुंचाना है। सरकार सुशासन, सेवा और जनकल्याण के अपने संकल्प को पूरी प्रतिबद्धता के साथ धरातल पर साकार कर रही है। सुरेश यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी स्वयं प्रदेश के विकास कार्यों की निगरानी कर रहे हैं। विकास परियोजनाओं में लापरवाही बरतने, सरकारी योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाने में कोताही करने अथवा जनता की समस्याओं के समाधान में उदासीनता दिखाने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों के विरुद्ध कार्रवाई करना इस बात का प्रमाण है कि वर्तमान सरकार प्रशासनिक जवाबदेही को लेकर पूरी तरह गंभीर है। सरकार ने स्पष्ट कर दिया है कि जनसेवा में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने पारदर्शी भर्ती व्यवस्था को मजबूत करके प्रदेश के युवाओं में योग्यता और मेहनत के आधार पर आगे



बढ़ने का विश्वास पैदा किया है। बिना पर्ची और बिना खर्ची रोजगार देने की नीति ने युवाओं को नई उम्मीद और आत्मविश्वास दिया है। महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए लाडो लक्ष्मी योजना, किसानों के हितों की रक्षा के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य पर फसलों की खरीद तथा गरीब और जरूरतमंद परिवारों के लिए विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाएं सरकार की जनहितैषी सोच को दर्शाती हैं। इसके साथ ही सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, उद्योग और आधारभूत सुविधाओं के विस्तार पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। सुरेश यादव ने कहा कि हरियाणा को निवेश और औद्योगिक विकास का प्रमुख केंद्र बनाने की दिशा में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की सरकार निरंतर प्रयासरत है। नई औद्योगिक नीतियों, निवेश को प्रोत्साहन और रोजगार के नए अवसरों के सृजन से प्रदेश की अर्थव्यवस्था को मजबूती देने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। सरकार की प्राथमिकता है कि प्रदेश में उद्योगों का विस्तार हो, युवाओं को रोजगार मिले, किसानों की आय और सुविधाओं में वृद्धि हो तथा प्रत्येक परिवार तक विकास का लाभ पहुंचे। प्रदेश के विकास में कैबिनेट मंत्री राव नरबीर सिंह की भूमिका की सराहना करते हुए सुरेश यादव ने कहा कि गुरुग्राम और आसपास के क्षेत्रों के विकास को गति देने में उनका अनुभव, सक्रियता और जनहित के प्रति समर्पण महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। कैबिनेट मंत्री राव नरबीर सिंह क्षेत्र की समस्याओं, औद्योगिक विकास, आधारभूत सुविधाओं के विस्तार और आम नागरिकों की अपेक्षाओं को गंभीरता से उठाते रहे हैं। उनका प्रयास है कि गुरुग्राम विकास, निवेश, रोजगार और आधुनिक सुविधाओं के मामले में देश के अग्रणी शहरों में अपनी पहचान और मजबूत करे। सुरेश यादव ने कहा कि कैबिनेट मंत्री राव नरबीर सिंह केवल विकास की बात नहीं करते, बल्कि जनहित से जुड़े विषयों को प्राथमिकता देकर उन्हें आगे बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयासरत रहते हैं। गुरुग्राम के विकास के प्रति उनकी प्रतिबद्धता और सरकार के साथ बेहतर समन्वय निश्चित रूप से क्षेत्र के लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। सुरेश यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के विकसित हरियाणा के लक्ष्य को साकार करने में प्रदेश सरकार पूरी निष्ठा के साथ जुटी हुई है। कैबिनेट मंत्री राव नरबीर सिंह जैसे अनुभवी और सक्रिय जनप्रतिनिधियों का सहयोग इस विकास यात्रा को और अधिक मजबूती प्रदान कर रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार के लिए सत्ता सेवा का माध्यम है और जनता का विश्वास उसकी सबसे बड़ी पूंजी है। पारदर्शिता, ईमानदारी, जवाबदेही और जनकल्याण के आधार पर हरियाणा को विकास की नई ऊंचाइयों तक पहुंचाना ही सरकार का संकल्प है।

जांच में दोषी मोहित शर्मा पर निगमायुक्त रहे मेहरबान, डीसी के आदेश से भी नहीं हटाया

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता सतबीर भारद्वाज

गुरुग्राम। सदर बाजार से एक दुकानदार का अवैध रूप से सामान उठाने के मामले की जांच में दोषी ठहराए जाने के साथ उसे तुरंत प्रभाव से ड्यूटी से निष्कासित करने के आदेशों की धज्जियां गुरुग्राम नगर निगम में उड़ाई गई है। नगराधीश (सीटीएम) के द्वारा जांच और उपायुक्त के आदेशों के बाद भी उस पर नगर निगम गुरुग्राम (एमसीजी) ने कोई संज्ञान नहीं लिया। निगमायुक्त द्वारा उसे निष्कासित किया जाना था, मगर ऐसा करने की बजाय उसे शो कॉज नोटिस देकर जवाब मांगा गया। निगमायुक्त की यह कार्यप्रणाली सवाल खड़े करती है कि आखिर क्यों ऐसे व्यक्ति का बचाव किया गया, जो जांच में दोषी सिद्ध हो चुका है। नगर निगम गुरुग्राम की डिजास्टर मैनेजमेंट टीम के सदस्य मोहित शर्मा द्वारा सदर बाजार स्थित जैन जलेबी दुकान के सामने स्थित जिनेंद्र जैन नामक व्यक्ति की दुकान से अवैध कब्जा बताकर



सामान उठाया गया था। पीड़ित दुकानदार जैनेंद्र जैन ने मोहित शर्मा द्वारा की गई इस कार्रवाई को लेकर जिला उपायुक्त के समक्ष शिकायत देकर निष्पक्ष जांच की मांग की गई। जिला उपायुक्त के निर्देशों पर नगराधीश (सीटीएम) ने इस मामले की गहनता से जांच की। 25 अप्रैल 2024 को नगराधीश द्वारा सौंपी गई जांच में कहा गया कि मोहित शर्मा द्वारा दुकानदार जैनेंद्र जैन का सामान उठाया जाना सही नहीं बल्कि अवैध कार्य था। साथ ही जांच में यह भी लिखा गया कि नगर निगम गुरुग्राम द्वारा मोहित शर्मा को ऐसी चेकिंग के लिए मनोनीत किया गया है। यह भी समझ से परे है कि वह आखिर किस हैसियत से पुलिस बल का इंतजाम करता है। मोहित शर्मा द्वारा जैनेंद्र जैन की दुकान से अनाधिकृत रूप से उठाए गए सामान की कार्रवाई के लिए उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। साथ ही इस मामले में नगर निगम कार्यालय के दोषी अधिकारियों के खिलाफ भी अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाए। नगराधीश की जांच रिपोर्ट को लेकर जिला उपायुक्त की ओर से भी 7 मई 2024 को निगमायुक्त को पत्र लिखकर मोहित शर्मा के खिलाफ कार्रवाई की सिफारिश की। हैरानी की बात है कि 7 मई 2024 से लेकर 5 अक्टूबर 2026 तक यानी ढाई साल में निगमायुक्त गुरुग्राम द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई। एक तरह से उसका बचाव किया गया। निगमायुक्त की ओर से 6 अक्टूबर 2026 को मोहित शर्मा को शो कॉज नोटिस जारी कर तीन दिन में जवाब देने की बात कही गई। होना यह चाहिए था कि जिला उपायुक्त का पत्र मिलने के साथ ही मोहित शर्मा का निष्कासन किया जाना चाहिए था। जांच की रिपोर्ट भेजे जाने के ढाई साल तक मोहित शर्मा नौकरी करता रहा और सरकारी खजाने से वेतन लेता रहा। निगमायुक्त की कार्यप्रणाली से साफ है कि मोहित शर्मा का जिला उपायुक्त के आदेशों को दरकिनार करके बचाव किया जाता रहा। इस तरह से जिला उपायुक्त के आदेश जीरो हो गया। पीड़ित दुकानदार जैनेंद्र जैन ने मांग की है कि नगराधीश की रिपोर्ट और जिला उपायुक्त के आदेशों के मुताबिक मोहित शर्मा की सेवाएं तुरंत प्रभाव से समाप्त होनी चाहिए। ढाई साल तक उसके द्वारा लिया गया वेतन सरकारी खजाने में वापस जमा कराया जाए। ऐसा होने पर ही आम आदमी को न्याय की आस बंधेगी। अगर ऐसा नहीं होता है तो इस तरह के अधिकारी आम जनता पर अपनी मनमानी चलाते रहेंगे और अत्याचार करते रहेंगें। साथ ही उन्होंने कहा कि मोहित शर्मा द्वारा पुलिस फोर्स का दुरुपयोग करने के मामले में एफआईआर भी दर्ज होनी चाहिए। एक तरह से उन्होंने पुलिस को भी भ्रमित करने का काम किया है। नगराधीश की जांच में यह साबित हो चुका है।

ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी के विरोध में फिर हड़ताल पर जाएंगे नर्सिंग ऑफिसर्स

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता सतबीर भारद्वाज

गुरुग्राम। 11 नवंबर: हरियाणा में नर्सिंग ऑफिसर्स ने ऑनलाइन मॉडल ट्रांसफर पॉलिसी के विरोध में एक बार फिर आंदोलन का बिगुल बजा दिया है। नर्सिंग ऑफिसर्स वेलफेयर एसोसिएशन की राज्य प्रधान विनीता बांगड़ ने बुधवार को कहा कि सरकार ने नर्सिंग ऑफिसर्स के साथ धोखा किया है। बिना सूचित किए ट्रांसफर का तुगलकी फरमान जारी कर दिया गया है। अब सरकार के साथ आर-पार की लड़ाई लड़ी जाएगी। विनीता बांगड़ ने कहा कि ऑनलाइन मॉडल ट्रांसफर पॉलिसी के विरोध में नर्सिंग ऑफिसर्स ने पांच-छह अक्टूबर 2026 को हड़ताल की थी। उस दौरान अतिरिक्त मुख्य सचिव (एसीएस) डा. सुमिता मिश्रा ने आश्वासन दिया था कि वे मुख्यमंत्री के समक्ष नर्सिंग ऑफिसर्स पर यह पॉलिसी लागू नहीं करने की सिफारिश करेंगी। इस आश्वासन पर उन्होंने हड़ताल को समाप्त करवाया था। विनीता बांगड़ ने कहा कि इसके बाद इस पर क्या निर्णय हुआ, क्या चर्चा हुई, इसकी कोई जानकारी नर्सिंग एसोसिएशन को नहीं दी गई। अब अचानक बिना सूचित किए ट्रांसफर के आदेश निकाले जा रहे हैं। यह नर्सिंग ऑफिसर्स के साथ सरासर धोखा है। अब अनिश्चिकालीन हड़ताल होगी। क्योंकि जबरन ट्रांसफर पॉलिसी थोपकर सरकार नर्सिंग ऑफिसर्स को अनिश्चितकालीन हड़ताल जैसा फैसला लेने के लिए मजबूर कर दिया है। जल्द ही हड़ताल की तारीख तय की जाएगी। हड़ताल में जान-माल के नुकसान की जिम्मेदारी सरकार की होगी। उन्होंने सभी नर्सिंग ऑफिसर्स से एकजुट होकर आंदोलन में भाग लेने की अपील की है।

14 नवंबर तक प्रदेश के सभी जिलों में होंगी बैठकें

विनीता बांगड़ ने बताया कि हरियाणा के सभी जिलों के नर्सिंग एसोसिएशन प्रधान अपने-अपने जिलों में 14 नवंबर 2026 तक मीटिंग रखेंगे। अपने-अपने जिलों में चर्चा करेंगे, ताकि आंदोलन की तैयारी की जा सके। सभी जिलों से सुझाव लेकर आगे की रणनीति तय की जाएगी। एसोसिएशन का मुख्य उद्देश्य ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी को बंद करवाना है। साथ ही सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन और स्पेशल टास्क फोर्स की गाइडलाइन को लागू करवाना है। ऐसे में अब हड़ताल का कदम फिर से उठाना होगा।

नर्सिंग ऑफिसर्स की ड्यूटी आम कर्मचारियों से अलग

विनीता बांगड़ ने कहा कि ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी में सरकार महिला कर्मचारियों की सुरक्षा, रात में परिवहन की सुविधा का ख्याल नहीं रख रही। नर्सिंग ऑफिसर्स की ड्यूटी आम कर्मचारियों यानी अन्य विभागों के कर्मचारियों से बिल्कुल अलग है। हमारी कोई 9 से 5 बजे की ड्यूटी नहीं है। सुबह, दोपहर, रात का ड्यूटी शेड्यूल रहता है। हम 24 घंटे की सेवा देते हैं। इसलिए सरकार आवासीय सुविधा दे। बच्चों की एडमिशन फीस सरकार वहन करे, जो तबादला होने पर दूसरे जिलों में देनी पड़ेगी। केंद्र के समान नर्सिंग अलाउंस दिया जाए।

नर्सिंग ऑफिसर्स की ट्रांसफर से परिवार होंगें प्रभावित

सबसे बड़ी परेशानी नर्सिंग ऑफिसर्स का परिवार और सुरक्षा है। किसी के बच्चे बिल्कुल छोटे हैं तो किसी के स्कूल जाने वाले बच्चे हैं। किसी के जवान बच्चे हैं। ऐसे में अचानक दूसरे जिले में ट्रांसफर कर देना पूरे परिवार को परेशानी में डाल देता है। साथ ही नर्सिंग ऑफिसर्स की अपनी सुरक्षा का भी सवाल है। रात को ड्यूटी पर जाते हुए और रात 8 बजे खत्म होने वाली शाम की शिफ्ट में ओवर देकर आना पड़ता है। अगर कोई मरीज सीरियल हो तो ड्यूटी से निकलते हुए 9 भी बज सकते हैं। महिला स्टाफ का ऐसी परिस्थिति में अकेले आना-जाना कितना खतरनाक है, इसका सरकार को अंदाजा नहीं है। राज्य प्रधान ने कहा कि जबरन ट्रांसफर पॉलिसी थोपकर सरकार नर्सिंग ऑफिसर्स को अनिश्चितकालीन हड़ताल जैसा फैसला लेने पर मजबूर कर रही है। जल्द ही हड़ताल की तारीख तय की जाएगी। हड़ताल में जान-माल के नुकसान की जिम्मेदारी सरकार की होगी। उन्होंने सभी नर्सिंग ऑफिसर्स से एकजुट होकर आंदोलन में भाग लेने की अपील की है।

रेलवे रोड पर लापरवाही व कथित भ्रष्टाचार पर भी एक्शन लो सीएम साहब: पंकज डावर

करीब पांच महीने पहले घटिया तरीके से लगाई टाइलें उखाड़ने के बाद लगाई ही नहीं

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता सतबीर भारद्वाज

गुरुग्राम। कांग्रेस के शहरी जिला अध्यक्ष पंकज डावर ने बुधवार को ओल्ड रेलवे रोड के डिवाइडर की दुर्दशा दिखाते हुए भाजपा सरकार, जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों पर सीधा हमला बोला। उन्होंने कहा कि सरकारी काम में लापरवाही और भ्रष्टाचार देखना है तो ओल्ड रेलवे रोड पर जाकर देख लीजिए। उन्होंने मुख्यमंत्री से मांग की है कि रेलवे रोड पर हुए इस घटिया काम की जांच कराकर दोषी अधिकारियों और ठेकेदार पर एफआईआर दर्ज की जाए। हकीकत तो यह है कि यह काम हुआ



ही नहीं। पंकज डावर ने कहा कि कबीर भवन चौक से आगे रेलवे रोड तक डिवाइडर पर करीब पांच महीने पहले लॉकिंग टाइलें लगाई गई थीं। काम इतना घटिया था कि कोई भी देखकर बता दे कि इसमें बड़ी लापरवाही और कथित भ्रष्टाचार हुआ है। अगर भ्रष्टाचार न हुआ होता तो यह काम बहुत बढ़िया हो जाता। ठेकेदार और अधिकारियों की मिलीभगत इसमें दिख रही है। पहली बार जब यह डिवाइडर पर टाइलें लगाई गई तो ना टाइलों के लॉक मिलाए गए, ना लेवल सही किया गया। टाइलें बेतरतीब तरीके से, काफी गैप छोड़कर, ऊबड़-खाबड़ लगा दी गईं। डावर ने कहा कि उन्होंने 9 जुलाई 2026 को इस मुद्दे को उन्होंने उठाया था। आवाज उठाने के अगले ही दिन ठेकेदार ने टाइलों को दोबारा लगाने के नाम पर उखाड़कर एक जगह इक_ा कर दिया। लेकिन आज पांच महीने बीतने के बाद भी टाइलें ज्यों की त्यों पड़ी हैं। उन्हें दोबारा लगाने की शुरुआत तो क्या सोचा तक नहीं हुई है। इक_ी की गई टाइलें अब धीरे-धीरे बिखरती जा रही हैं, टूट रही हैं। इसे भ्रष्टाचार ना कहें तो क्या कहें। आखिर गुडग़ांव का प्रशासन, नगर निगम, जीएमडीए क्या कर रहा है। जिस भी विभाग के अंतर्गत यह काम है, उस विभाग के किसी अधिकारी ने क्या कभी यहां आकर काम को देखा या नहीं। जनता के टैक्स के पैसे की बर्बादी यहां खुलेआम की जा रही है। सरकार को इस पर कड़ा संज्ञान लेना चाहिए, ताकि काम तय समय पर पूरे हों और जनता को राहत मिले।

काम की किसी को चिंता नहीं, होनी चाहिए जांच

डावर ने जनप्रतिनिधियों पर भी लापरवाही के आरोप लगाते हुए कहा कि ठेकेदार को किसी का डर नहीं है, क्योंकि उसे पता है कि ऊपर से नीचे तक कोई पूछने वाला नहीं हैं। उन्होंने कहा कि यहां से रोजाना भाजपा के नेता, विधायक, पार्षद और अधिकारी गुजरते हैं, लेकिन किसी को इस डिवाइडर की दुर्दशा नजर नहीं आती।

राष्ट्रीय शिक्षा दिवस पर साढ़राणा के विद्यालय में हुआ विशेष कार्यक्रम, शिक्षा को बताया राष्ट्र निर्माण की नींव

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता सतबीर भारद्वाज

गुरुग्राम। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, साढ़राणा (जिला गुरुग्राम) में आज राष्ट्रीय शिक्षा दिवस अत्यंत उत्साह और गरिमा के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य देश के पहले शिक्षा मंत्री और महान स्वतंत्रता सेनानी मौलाना अबुल कलाम आजाद के शिक्षा के क्षेत्र में दिए गए अमूल्य योगदान को याद करना और विद्यार्थियों को शिक्षा के प्रति जागरूक करना था। समारोह की शुरुआत माँ सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन और वंदना के साथ हुई। विद्यालय के प्रधानाचार्य और शिक्षकों ने अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर विद्यालय के छात्रों द्वारा शिक्षा के महत्व को दर्शाते हुए प्रेरणादायक भाषण, कविता पाठ और लघु नाटिका प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता राजनीतिक शास्त्र के



प्रवक्ता श्री महावीर रंगा ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा ही समाज की रीढ़ है और हर नागरिक का शिक्षित होना एक सशक्त राष्ट्र के निर्माण की अनिवार्य शर्त है। उन्होंने विद्यार्थियों से देश के संविधान और लोकतांत्रिक मूल्यों को समझने तथा अपनी पढ़ाई पूरी निष्ठा से करने का आह्वान किया। हिन्दी अध्यापक श्री सतवीर सिंह ने अपने संबोधन में भाषा और ज्ञान के अंतर्संबंधों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मातृभाषा और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के बिना किसी भी समाज का सर्वांगीण विकास संभव नहीं है। उन्होंने युवाओं को अपने संस्कारों को संजोए रखते हुए आधुनिक ज्ञान प्राप्त करने की प्रेरणा दी। इतिहास प्रवक्ता श्री राजेश कुमार ने मौलाना अबुल कलाम आजाद के जीवन और स्वतंत्र भारत में शिक्षा की नींव रखने में उनकी दूरदर्शिता का विस्तृत विवरण दिया। उन्होंने छात्रों को इतिहास से सीख लेते हुए राष्ट्रहित में योगदान देने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय परिवार की ओर से सभी वक्ताओं और गणमान्य अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया। इस आयोजन ने छात्रों में नया जोश और शिक्षा के प्रति एक नई दृष्टि पैदा की।

धूल नियंत्रण अभियान को लेकर नगर निगम गुरुग्राम की सक्रियता तेज

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता सतबीर भारद्वाज

गुरुग्राम। शहर में वायु प्रदूषण पर नियंत्रण, सड़कों से धूल हटाने और नागरिकों को स्वच्छ वातावरण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से नगर निगम गुरुग्राम द्वारा धूल नियंत्रण संबंधी गतिविधियों को लगातार तेज किया जा रहा है। वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) की धूल हटाने संबंधी कार्ययोजना के तहत नगर निगम की टीमें विभिन्न क्षेत्रों में सफाई, धूल हटाने, मैकेनाइज्ड रोड स्वीपिंग और एंटी-स्मॉग गन के माध्यम से पानी का छिड़काव कर रही हैं। इसी क्रम में संयुक्त आयुक्त सपना यादव ने जोन-1 में चल रहे डस्ट रिमूवल कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने मौके पर पहुंचकर धूल नियंत्रण गतिविधियों की प्रगति की समीक्षा की और कार्यों के प्रभावी क्रियान्वयन का जायजा लिया। निरीक्षण का उद्देश्य यह सुनिश्चित



करना था कि धूल हटाने और प्रदूषण नियंत्रण से संबंधित गतिविधियां निर्धारित कार्ययोजना के अनुसार धरातल पर प्रभावी ढंग से संचालित हों।

हीरो होंडा चौक से उमंग भारद्वाज चौक रोड पर धूल हटाने का अभियान तेजी से जारी

हीरो होंडा चौक से उमंग भारद्वाज चौक रोड पर नगर निगम की टीम द्वारा म धूल हटाने का अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान सड़क पर जमा धूल को हटाने और सड़क की स्वच्छता बेहतर बनाने के लिए सफाई गतिविधियां की जा रही हैं। सड़क से धूल का जमाव कम करने के इन प्रयासों से वाहनों की आवाजाही के दौरान धूल उड़ने की समस्या को नियंत्रित करने में मदद मिलेगी।

सड़कों पर एंटी-स्मॉग गन से धूल नियंत्रण

वायु प्रदूषण को कम करने के प्रयासों के तहत गुरुग्राम-फरीदाबाद रोड सहित अन्य मुख्य सड़कों पर एंटी-स्मॉग गन का संचालन किया जा रहा है। इसके माध्यम से पानी का छिड़काव कर हवा में मौजूद धूल के कणों को नियंत्रित करने का प्रयास किया जा रहा है। नगर निगम द्वारा प्रमुख मार्गों पर इस प्रकार की गतिविधियां संचालित कर धूल नियंत्रण और बेहतर वायु गुणवत्ता की दिशा में काम किया जा रहा है।

सड़कों पर मैकेनाइज्ड रोड स्वीपिंग से बदली सड़क की तस्वीर

नगर निगम की टीम द्वारा सड़कों पर मैकेनाइज्ड रोड स्वीपिंग भी की जा रही है। मशीनों के माध्यम से सड़क पर जमा धूल और गंदगी को हटाकर सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाया जा रहा है। इस अभियान की पहले और बाद की तस्वीरों में सफाई कार्य के परिणाम स्पष्ट रूप से दिखाई देते हैं। मैकेनाइज्ड रोड स्वीपिंग के माध्यम से प्रमुख सड़कों को साफ रखने और धूल के जमाव को कम करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

वरिष्ठ भाजपा नेता व प्रसिद्ध उद्योगपति बोधराज सीकरी ने लगातार 50वें वर्ष वृंदावन धाम में पूर्ण किया गोवर्धन पूजा का संकल्प

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता सतबीर भारद्वाज

गुरुग्राम। प्रसिद्ध समाजसेवी, उद्योगपति एवं वरिष्ठ भाजपा नेता बोधराज सीकरी न केवल एक कुशल राजनीतिज्ञ और व्यवसायी हैं, बल्कि उनका आध्यात्मिक दृष्टिकोण उन्हें एक विशिष्ट व्यक्तित्व प्रदान करता है। उनकी अटूट निष्ठा और दृढ़ इच्छाशक्ति का ज्वलंत उदाहरण उनका 50 वर्षों का वह पावन संकल्प है, जिसे उन्होंने आज तक बिना किसी रुकावट के पूरा किया है। वर्ष 1976 में अन्नकूट और गोवर्धन पूजा के शुभ अवसर पर बोधराज सीकरी ने पहली बार वृंदावन धाम के दर्शन किए थे। उसी पावन दिन उन्होंने संकल्प लिया था कि वे आजीवन हर वर्ष अन्नकूट और गोवर्धन पूजा के दिन वृंदावन धाम आकर भगवान के चरणों में हाजिरी लगाएंगे। सीकरी जी ने अत्यंत विनम्रता के साथ साझा किया कि ईश्वर की असीम अनुकंपा से उनका यह संकल्प पिछले 50 वर्षों से निरंतर चला आ रहा है और एक भी वर्ष ऐसा नहीं बीता जब वे इस नियम को पूरा न



कर पाए हों। उन्होंने कहा कि दृढ़ इच्छाशक्ति से व्यक्ति किसी भी असंभव कार्य को संभव बना सकता है।

अठखंबा स्थित 540 वर्ष पुराने भट्ट जी मंदिर में पुरानी परंपराओं संग पूजन: अपनी वृंदावन यात्रा के दौरान बोधराज सीकरी हर वर्ष श्री बांके बिहारी जी एवं श्री राधा वल्लभ जी के दर्शन करते हैं। गोवर्धन पूजा और अन्नकूट का मुख्य पर्व वे अठखंबा स्थित लगभग 540 वर्ष पुरानी ऐतिहासिक हवेली, 'श्री मदन मोहन जी मंदिर' (जिसे भट्ट जी मंदिर भी कहा जाता है) में मनाते हैं। इस ऐतिहासिक मंदिर की विशेषता यह है कि यहाँ सभी पर्व-त्योहार प्राचीन सनातन रीति-रिवाजों के साथ मनाए जाते हैं और वर्तमान में यहाँ की सेवा-पूजा पाँचवीं पीढ़ी द्वारा निष्पादित की जा रही है। यहाँ भगवान को 56 भोग अर्पित करने के बाद ढाई घंटे की पारंपरिक 'समाज' (संतों द्वारा रचित पदों का गायन) का आयोजन होता है। इस भक्तिमय वातावरण की खासियत यह है कि इसमें किसी माइक या लाउडस्पीकर का प्रयोग नहीं होता; केवल हारमोनियम, मृदंग और झांझ/छैने की मधुर ध्वनि के बीच शास्त्रीय रागों में श्री कृष्ण की आराधना की जाती है, जिसके उपरांत प्रसाद वितरण होता है।

सनातन पर्व, ज्ञान-विज्ञान और पर्यावरण का सीधा संबंध:

वृंदावन धाम में दर्शन और पूजन के उपरांत बोधराज सीकरी ने गुरुग्राम की न्यू कॉलोनी स्थित 'श्री श्याम जी मंदिर' (जिसके वे प्रधान हैं) में पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित श्रद्धालुओं एवं संगत को संबोधित करते हुए भारतीय त्योहारों के वैज्ञानिक व पर्यावरणीय महत्व पर प्रकाश डाला।

अपने ओजस्वी वक्तव्य में सीकरी जी ने कहा:

हमारे सनातन पर्व केवल औपचारिकता या रीति-रिवाज मात्र नहीं हैं, बल्कि इनके पीछे गहरा ज्ञान और आधुनिक विज्ञान छिपा हुआ है। गोवर्धन पूजा का सीधा संबंध प्रकृति और पर्यावरण के संरक्षण से है। त्रेता युग में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम और द्वापर युग में योगिराज श्री कृष्ण ने अपनी युवावस्था को वनों की रक्षा और पर्यावरण संरक्षण के प्रति समर्पित किया था।"

हरियाणवी विरासत, संस्कृति एवं नैतिक मूल्यों को बढ़ावा देने में सांस्कृतिक महोत्सव अहम : सुरेंद्र बजाड़

बाल भवन नूंह में जिला स्तरीय सांस्कृतिक महोत्सव-2026 का आयोजन, विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

ओपन सर्च/ आस मोहम्मद





नूंह। शिक्षा विभाग की ओर से बुधवार को सामुदायिक केंद्र, बाल भवन नूंह में हरियाणवी विरासत, संस्कृति एवं नैतिक मूल्यों की थीम पर आधारित जिला स्तरीय सांस्कृतिक महोत्सव-2026 का आयोजन किया गया। महोत्सव में कक्षा 5वीं से 8वीं तक के विद्यार्थियों के लिए स्किट, रागिनी, एकल नृत्य एवं समूह नृत्य प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। जिले के विभिन्न विद्यालयों से आए विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी सांस्कृतिक एवं रचनात्मक प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी सुरेंद्र बजाड़ ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता खंड शिक्षा अधिकारी मनवीर सिंह ने की। इस अवसर पर जिला कल्चरल कोऑर्डिनेटर डॉ. कुसुम मलिक, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जौरासी की प्राचार्य किरण यादव, देव शर्मा एवं संदीप खटाना भी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी सुरेंद्र बजाड़ ने कहा कि शिक्षा विभाग द्वारा हरियाणवी विरासत, संस्कृति एवं नैतिक मूल्यों की थीम पर जिला स्तरीय सांस्कृतिक महोत्सव का आयोजन एक सराहनीय पहल है। इससे विद्यार्थियों को अपनी समृद्ध हरियाणवी विरासत, संस्कृति एवं नैतिक मूल्यों को समझने और उनसे जुड़ने का अवसर मिलता है। इस प्रकार के आयोजन बच्चों की प्रतिभा को निखारने के साथ-साथ उनमें आत्मविश्वास, रचनात्मकता और अनुशासन की भावना भी विकसित करते हैं। उन्होंने कहा कि सांस्कृतिक महोत्सव जैसे मंच विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के साथ-साथ राज्य स्तर की प्रतियोगिताओं में भाग लेने के अवसर भी प्रदान करते हैं। आज की प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने जिस तैयारी, उत्साह और अनुशासन के साथ अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया है, वह सराहनीय है। उन्होंने विद्यार्थियों के हुनर की प्रशंसा करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा प्रतियोगिताओं में स्थान प्राप्त करने वाले सभी विद्यालयों, प्रतिभागी विद्यार्थियों एवं उनके मार्गदर्शक शिक्षकों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। खंड शिक्षा अधिकारी मनवीर सिंह एवं जिला कल्चरल कोऑर्डिनेटर डॉ. कुसुम मलिक ने भी प्रतियोगिताओं के सफल आयोजन पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के सांस्कृतिक आयोजन विद्यार्थियों की छिपी हुई प्रतिभाओं को निखारने और उन्हें अपनी कला एवं संस्कृति प्रदर्शित करने का बेहतर अवसर प्रदान करते हैं। आज की प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया है। उन्होंने बताया कि गुरुवार को कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों के लिए जिला स्तरीय सांस्कृतिक महोत्सव-2026 के अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी।

प्रतियोगिताओं के परिणाम इस प्रकार रहे : कक्षा 5वीं से 8वीं तक की स्किट प्रतियोगिता में राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय फिरोजपुर झिरका ने प्रथम, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बिस्सर अकबरपुर (तावडू) ने द्वितीय, पीएमएस राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मालब (नूंह) ने तृतीय तथा राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय फिरोजपुर झिरका ने चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार रागिनी प्रतियोगिता में राजकीय मॉडल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय तावडू ने प्रथम, राजकीय माध्यमिक विद्यालय पथराली (फिरोजपुर झिरका) ने द्वितीय, राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय उजिना (नूंह) ने तृतीय तथा राजकीय कन्या माध्यमिक विद्यालय बुराका (नूंह) ने चतुर्थ स्थान हासिल किया। एकल नृत्य प्रतियोगिता में राजकीय मॉडल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नगीना ने प्रथम, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय संगेल (नूंह) ने द्वितीय, राजकीय कन्या माध्यमिक विद्यालय फिरोजपुर झिरका ने तृतीय तथा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अड़बर (नूंह) ने चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। वहीं, समूह नृत्य प्रतियोगिता में राजकीय मॉडल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नगीना-2 ने प्रथम, राजकीय कन्या माध्यमिक विद्यालय फिरोजपुर झिरका ने द्वितीय, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अड़बर ने तृतीय तथा राजकीय मॉडल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय तावडू ने चतुर्थ स्थान प्राप्त किया।

उल्लेखनीय है कि इस जिला स्तरीय सांस्कृतिक महोत्सव में जिले के विभिन्न खंडों में आयोजित प्रतियोगिताओं में प्रत्येक विधा में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली टीमों एवं प्रतिभागियों ने भाग लिया। महोत्सव का उद्देश्य विद्यार्थियों को हरियाणवी लोक संस्कृति, परंपराओं एवं नैतिक मूल्यों से जोड़ने के साथ-साथ उनकी रचनात्मक एवं सांस्कृतिक प्रतिभा को उचित मंच प्रदान करना है।

एसआईआर के तहत प्रारूप निर्वाचक नामावली से छूटे एएसडीडी निर्वाचकों को अंतिम नामावली में नाम शामिल करवाने का एक और अवसर : अखिल पिलानी

एएसडीडी निर्वाचकों को गणना प्रपत्र जमा करवाकर नाम जुड़वाने का मिलेगा अवसर

ओपन सर्च/ आस मोहम्मद



नूंह। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त अखिल पिलानी की अध्यक्षता में बुधवार को लघु सचिवालय के सभागार में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के संबंध में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों एवं उनके द्वारा नियुक्त बूथ लेवल एजेंटों (बीएलए) के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपायुक्त ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिला नूंह में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का कार्य सफलतापूर्वक किया जा रहा है, जो अब अंतिम चरण में है। आयोग के निर्देशानुसार एएसडीडी (अनुपस्थित, स्थानांतरित, मृत एवं दोहरी प्रविष्टि) श्रेणी में चिह्नित किए गए निर्वाचकों को अंतिम निर्वाचक नामावली में अपना नाम शामिल करवाने का एक और अवसर प्रदान किया गया है।

उन्होंने बताया कि ऐसे सभी एएसडीडी निर्वाचकों की बूथवार सूचियां, नाम शामिल न होने के संभावित कारणों सहित, संबंधित मतदान केंद्रों, पंचायत भवनों, शहरी स्थानीय निकाय कार्यालयों तथा खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी (बीडीपीओ) एवं शहरी स्थानीय निकाय अधिकारियों के कार्यालयों में दोबारा प्रदर्शित की गई हैं। इसके अतिरिक्त, ये सूचियां मुख्य निर्वाचन अधिकारी की वेबसाइट पर पठनीय पीडीएफ प्रारूप में भी अपलोड की गई हैं। उन्होंने सभी राजनीतिक दलों एवं बीएलए से अपील की कि वे प्रत्येक एएसडीडी निर्वाचक तक इस अंतिम अवसर की जानकारी पहुंचाएं, ताकि पात्र निर्वाचक अनुलग्नक-क में अपना गणना प्रपत्र भरकर वर्तमान सामान्य निवास से संबंधित निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (ईआरओ)/सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (एईआरओ) के पास जमा करवा सकें।

उपायुक्त ने बताया कि इस विशेष अवसर के तहत निर्वाचक एसआईआर के दौरान विधिवत भरा हुआ गणना प्रपत्र अनुलग्नक-क में अपने वर्तमान सामान्य निवास से संबंधित ईआरओ/एईआरओ के पास जमा करवा सकते हैं। आंशिक रूप से भरे हुए प्रपत्र ईसीआईनेट पर ईआरओ डैशबोर्ड के माध्यम से दोबारा तैयार किए जा सकते हैं तथा बीएलओ द्वारा व्यक्तिगत रूप से या व्हाट्सएप, ई-मेल अथवा एसएमएस के माध्यम से निर्वाचकों तक पहुंचाए जा सकते हैं। निर्वाचक अपने पूर्व ईपीआईसी नंबर का उपयोग करके भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट या ईसीआईनेट ऐप से भी प्रपत्र डाउनलोड कर सकते हैं अथवा भर सकते हैं।

उन्होंने बताया कि बीएलओ राजनीतिक दलों के बूथ लेवल एजेंटों (बीएलए) के समन्वय से घर-घर जाकर, पड़ोसियों, परिवार के सदस्यों एवं आरडब्ल्यूए से जानकारी लेकर तथा फोन के माध्यम से संबंधित निर्वाचकों से संपर्क करेंगे। इस दौरान उन्हें प्रपत्र जमा करवाने की प्रक्रिया के बारे में भी मार्गदर्शन दिया जाएगा। जिन निर्वाचकों ने अपना निवास स्थान नहीं बदला है, वे हस्ताक्षरित प्रपत्र के साथ विलंब का कारण बताते हुए अनुलग्नक-ख में विवरण स्वयं या परिवार के किसी सदस्य के माध्यम से ईआरओ/एईआरओ/बीएलओ को जमा करवा सकते हैं। इसके अतिरिक्त ईसीआईनेट पर ई-साइन के माध्यम से ऑनलाइन प्रपत्र जमा करवाने की सुविधा भी उपलब्ध है।

उपायुक्त ने बताया कि राज्य के भीतर स्थानांतरित होने वाले निर्वाचकों को फॉर्म-8 जमा करवाने की आवश्यकता नहीं है।

राशन डिपो के लाइसेंस के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित, 25 नवंबर तक करें आवेदन : अखिल पिलानी

महिलाओं को मिलेगा 33 प्रतिशत आरक्षण, युवाओं के लिए स्वरोजगार के अवसर : सीमा शर्मा

ओपन सर्च/ आस मोहम्मद





नूंह। हरियाणा सरकार द्वारा सार्वजनिक वितरण प्रणाली को अधिक सुदृढ़ बनाने तथा गरीब एवं पात्र परिवारों को सुगमता से राशन उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से प्रदेशभर में रिक्त राशन डिपो के लाइसेंस जारी करने के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। राशन डिपो के आवंटन में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान किया गया है, जिससे महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा मिलने के साथ-साथ उन्हें स्वरोजगार के अवसर भी प्राप्त होंगे। उपायुक्त अखिल पिलानी ने जानकारी देते हुए बताया कि राशन डिपो के लाइसेंस के लिए इच्छुक एवं पात्र आवेदक हरियाणा अंत्योदय सरल पोर्टल "https://saralharyana.gov.in" (https://saralharyana.gov.in) के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन जमा करवाने की अंतिम तिथि 25 नवंबर निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि इस पहल का मुख्य उद्देश्य सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत पात्र लाभार्थियों को आवश्यक खाद्यान्न की सुगम उपलब्धता सुनिश्चित करना, युवाओं के लिए स्वरोजगार के अवसर सृजित करना तथा महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाना है।

डीएफएससी सीमा शर्मा ने बताया कि ग्रामीण एवं दूरदराज के क्षेत्रों में रहने वाले परिवारों को राशन प्राप्त करने में होने वाली कठिनाइयों को दूर करना भी इस पहल का महत्वपूर्ण उद्देश्य है। रिक्त राशन डिपो के लाइसेंस जारी होने से राशन वितरण व्यवस्था को अधिक प्रभावी बनाने और पात्र परिवारों तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने में सहायता मिलेगी। सीमा शर्मा ने बताया कि आवेदन प्रक्रिया, पात्रता शर्तों और अन्य आवश्यक दिशा-निर्देशों की विस्तृत जानकारी खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग, हरियाणा की आधिकारिक वेबसाइट "https://haryanafood.gov.in" (https://haryanafood.gov.in) पर उपलब्ध है। इच्छुक आवेदक आवेदन करने से पहले विभागीय वेबसाइट पर उपलब्ध नियमों एवं शर्तों का अच्छी तरह अध्ययन कर लें। उन्होंने जिले के सभी इच्छुक एवं पात्र आवेदकों, विशेषकर युवाओं और महिलाओं से अपील की कि वे इस अवसर का लाभ उठाते हुए निर्धारित पात्रता शर्तों के अनुसार 25 नवंबर से पहले अपना ऑनलाइन आवेदन जमा करवाएं।

खेलो मेवात 2.0 से नूंह के युवाओं को सशक्त बनाने में मिल रही है नई दिशा : उपायुक्त

नूंह के सातों ब्लॉकों और पलवल के हथीन ब्लॉक के खिलाड़ी जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं में ले रहे हैं भाग

ओपन सर्च/ आस मोहम्मद



नूंह। उपायुक्त अखिल पिलानी ने कहा कि खेल युवाओं को शारीरिक एवं मानसिक रूप से सशक्त बनाने के साथ-साथ उनमें अनुशासन, आत्मविश्वास और टीम भावना का विकास करते हैं। खेलो मेवात 2.0 प्रतियोगिता के माध्यम से क्षेत्र की खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ने और अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का बेहतर अवसर मिल रहा है। इस प्रकार के आयोजन मेवात क्षेत्र में खेल संस्कृति को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

उपायुक्त अखिल पिलानी बुधवार को पुलिस लाइन नूंह में खेलो मेवात 2.0 के तहत आयोजित जिला स्तरीय चैंपियनशिप के शुभारंभ अवसर पर खिलाड़ियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इस बार प्रतियोगिता को ब्लॉक स्तर से आगे बढ़ाकर जिला स्तर पर आयोजित किया जा रहा है, जिसमें नूंह जिला के सभी सातों ब्लॉकों तथा पलवल जिला के हथीन ब्लॉक के खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। इस आयोजन की विशेष उपलब्धि यह है कि इसमें दिव्यांगजनों के लिए भी अलग श्रेणी निर्धारित की गई है, ताकि उन्हें अपनी खेल प्रतिभा प्रदर्शित करने का समान अवसर मिल सके।

उपायुक्त ने कहा कि पिछले वर्ष शुरू की गई इस खेल पहल को इस वर्ष भी निरंतर जारी रखा गया है और इसमें खिलाड़ियों की अच्छी भागीदारी देखने को मिल रही है। उन्होंने इस आयोजन को निरंतर आगे बढ़ाने के लिए आईएएस अधिकारी अमितेश पांगती, खेल विभाग तथा मेवात डेवलपमेंट एजेंसी (एमडीए) के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बधाई दी। उन्होंने उम्मीद जताई कि प्रतियोगिता में सभी खिलाड़ी पूरी खेल भावना, अनुशासन और निष्पक्षता के साथ भाग लेंगे तथा एक-दूसरे को बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रतियोगिता का उद्देश्य केवल पदक और पुरस्कार जीतना ही नहीं, बल्कि युवाओं को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करना, उनकी प्रतिभा को पहचानना और उन्हें आगे बढ़ने के लिए उचित मंच उपलब्ध करवाना भी है। ऐसे आयोजनों से ग्रामीण क्षेत्रों की छिपी हुई खेल प्रतिभाओं को जिला एवं राज्य स्तर पर अपनी पहचान बनाने का अवसर मिलता है।

उपायुक्त अखिल पिलानी ने जूस पिलाकर मेवात इंजीनियरिंग कॉलेज के विद्यार्थियों का अनशन करवाया समाप्त

विद्यार्थियों की समस्याओं एवं मांगों का प्राथमिकता के आधार पर किया जा रहा समाधान

ओपन सर्च/ आस मोहम्मद





नूंह। उपायुक्त अखिल पिलानी बुधवार को मेवात इंजीनियरिंग कॉलेज पहुंचे और धरनारत विद्यार्थियों से बातचीत कर उनकी समस्याओं एवं मांगों के समाधान का आश्वासन दिया। उन्होंने विद्यार्थियों को जूस पिलाकर उनका अनशन समाप्त करवाया। इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि विद्यार्थियों की समस्याओं एवं मांगों को गंभीरता से लिया जा रहा है तथा संबंधित विभागों के माध्यम से उनका समाधान सुनिश्चित किया जा रहा है। विद्यार्थियों की मांगों और शेष कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। उपायुक्त ने बताया कि हरियाणा वक्फ बोर्ड द्वारा कॉलेज के संचालन के लिए शुरुआत से ही ब्याज मुक्त ऋण के रूप में आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है, जो निरंतर जारी है। उन्होंने बताया कि कॉलेज की शैक्षणिक व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए वक्फ बोर्ड हरियाणा की ओर से संविदा शिक्षकों से संबंधित आदेश जारी कर दिए गए हैं तथा गेस्ट फैकल्टी की नियुक्ति की प्रक्रिया भी पूरी कर ली गई है। इसके अलावा, कॉलेज की लाइब्रेरी के लिए पुस्तकों का प्रस्ताव प्राप्त हो चुका है और पुस्तकों की खरीद की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। विद्यार्थियों के हितों को ध्यान में रखते हुए कॉलेज की सुविधाओं में निरंतर सुधार किया जा रहा है।

भूख हड़ताल समाप्त, धरना प्रदर्शन रहेगा जारी; 13 नवंबर को मुख्यमंत्री से मिलेंगे छात्र

नूंह के पल्ला स्थित वक्फ इंजीनियरिंग कॉलेज में पिछले 41 दिनों से चल रहे आंदोलन में बुधवार को बड़ा घटनाक्रम सामने आया। जिला उपायुक्त अखिल पिलानी ने कॉलेज पहुंचकर भूख हड़ताल पर बैठे दो छात्रों को जूस पिलाकर उनकी भूख हड़ताल समाप्त कराई। इस दौरान दोनों छात्रों को फूलमालाएं पहनाकर अनशन खत्म कराया गया। हालांकि, छात्रों ने स्पष्ट किया कि उनकी भूख हड़ताल समाप्त हुई है, लेकिन कॉलेज परिसर में धरना-प्रदर्शन अभी जारी रहेगा। छात्रों का कहना है कि जब तक उनकी मांगों का स्थायी समाधान नहीं होता, तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा। प्रशासन की ओर से छात्रों की समस्याओं के समाधान को लेकर बातचीत की गई।

भैया दूज पर विधायक मनमोहन भड़ाना ने दिया भाईचारे और संस्कारों का संदेश

ओपन सर्च/मनदीप कुमार



समालखा। भाई-बहन के अटूट प्रेम, विश्वास और स्नेह के प्रतीक भैया दूज का पर्व समालखा के विधायक मनमोहन भड़ाना ने हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस अवसर पर बहनों ने विधायक के माथे पर तिलक लगाकर उनकी लंबी उम्र और सुख-समृद्धि की कामना की। वहीं विधायक ने बहनों को उपहार भेंट कर उनका आशीर्वाद लिया और पर्व की खुशियां साझा कीं। विधायक मनमोहन भड़ाना ने कहा कि भैया दूज केवल एक त्योहार नहीं, बल्कि भाई-बहन के अटूट प्रेम, विश्वास और एक-दूसरे की रक्षा के संकल्प का प्रतीक है। ऐसे पर्व हमारी भारतीय संस्कृति, पारिवारिक मूल्यों और सामाजिक परंपराओं को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि बहनें और बेटियां परिवार एवं समाज की अनमोल धरोहर हैं। उनका सम्मान, सुरक्षा और अधिकार सुनिश्चित करना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। बेटियों को बेहतर शिक्षा, आत्मनिर्भरता और समान अवसर उपलब्ध करवाने के लिए समाज के प्रत्येक व्यक्ति को आगे आना चाहिए। विधायक ने समालखा हलके के सभी निवासियों को भैया दूज की शुभकामनाएं देते हुए सभी के जीवन में सुख, शांति, समृद्धि और आपसी प्रेम की कामना की। उन्होंने युवाओं से अपनी संस्कृति और परंपराओं को संजोकर रखने तथा समाज में भाईचारे और सद्भाव की भावना को मजबूत करने का आह्वान किया। इस अवसर पर क्षेत्र के गणमान्य व्यक्ति, कार्यकर्ता और ग्रामीण मौजूद रहे। सभी ने एक-दूसरे को भैया दूज की बधाई दी और मिठाई बांटकर पर्व की खुशियां साझा कीं।

पूर्व पार्षद पुनीत राई ने तिलक लगाकर हर्षोल्लास से मनाया भाई दूज का पर्व, प्रदेशवासियों को दी शुभकामनाएं

ओपन सर्च/मनदीप कुमार



समालखा। पूर्व पार्षद पुनीत राई ने भाई-बहन के अटूट प्रेम और विश्वास के प्रतीक भाई दूज का त्योहार हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस अवसर पर उन्होंने तिलक लगाकर भाई दूज की परंपरा निभाई और वार्ड नंबर 8 के निवासियों सहित समस्त प्रदेशवासियों को पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि भाई दूज का पर्व भाई-बहन के पवित्र रिश्ते, प्रेम, स्नेह और आपसी विश्वास का प्रतीक है। ऐसे त्योहार हमारी भारतीय संस्कृति और पारिवारिक परंपराओं को मजबूत बनाते हैं। उन्होंने कामना की कि यह पर्व सभी के जीवन में सुख, शांति, समृद्धि और खुशहाली लेकर आए।

वार्ड की कन्याओं से तिलक लगवाकर पार्षद मनीष बेनीवाल ने मनाया भाई दूज का पर्व, दी शुभकामनाएं

ओपन सर्च/मनदीप कुमार



समालखा। नगर परिषद के वार्ड नंबर 10 के पार्षद मनीष बेनीवाल ने वार्ड की कन्याओं से तिलक लगवाकर भाई दूज का त्योहार हर्षोल्लास और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ मनाया। इस अवसर पर उन्होंने कन्याओं को उपहार भेंट किए और सभी को भाई दूज की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर पार्षद मनीष बेनीवाल ने कहा कि भाई दूज का पर्व भाई-बहन के अटूट प्रेम, विश्वास और स्नेह का प्रतीक है। ऐसे त्योहार हमारी भारतीय संस्कृति और पारिवारिक परंपराओं को मजबूत बनाते हैं। उन्होंने कहा कि बेटियां और बहनें परिवार व समाज की अनमोल धरोहर हैं। उनके सम्मान, सुरक्षा और खुशियों का ध्यान रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने कामना की कि यह पावन पर्व सभी के जीवन में सुख, समृद्धि और खुशहाली लेकर आए तथा समाज में आपसी प्रेम और भाईचारे की भावना और मजबूत हो।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक विजय कुमार व सम्पादक सतबीर भारद्वाज द्वारा ए.जी.एस. पब्लिकेशन्स एफ-23,सेक्टर-6, नोएडा-201301 उत्तर प्रदेश से मुद्रित, गांव- बाबुपुर गुरुग्राम, हरियाणा- 122006 से प्रकाशित। सम्पादक : सतबीर भारद्वाज
RNI No. HARHIN/2023/86132 अखबार में प्रकाशित तथ्यों एवं लेखों से सम्पादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं, किसी भी कानूनी वाद विवाद का निपटारा दिल्ली न्यायालय के अधीन होगा। मोबाइल : 9210092542, 9312643452
E-mail : opensearchnews@gmail.com

मुख्यमंत्री नायब सैनी के प्रयास से ग्रामीण चौकीदारों को अब मिलेगा 15,221 रुपये मासिक मानदेय, ईएसआई का भी मिलेगा लाभ

ओपन सर्च/प्रदीप महता

कुरुक्षेत्र। शुगर फेडरेशन के पूर्व चेयरमैन एवं हरियाणा पंजाबी साहित्य संस्कृत अकादमी के निदेशक सरदार हरपाल सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने ग्रामीण चौकीदारों को बड़ी सौगात देते हुए उनका मासिक मानदेय 11 हजार रुपये से बढ़ाकर 15,221 रुपये करने की घोषणा की है।इसके साथ ही चौकीदारों को अब कर्मचारी राज्य बीमा ईएसआईका लाभ भी मिलेगा। स. हरपाल सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री ने वर्दी भत्ता, साइकिल भत्ता और अन्य जरूरी सुविधाओं में भी बढ़ोतरी की घोषणा करके इस वर्ग को त्यौहारों का तोहफा दिया है।

हरपाल सिंह ने कहा कि चौकीदार समाज की सुरक्षा और विश्वास के सच्चे प्रहरी हैं। गांवों में होने वाली प्रत्येक मृत्यु का रिकॉर्ड हरियाणा के 5201 पदों पर तैनात चौकीदार परिवार पहचान पत्र पोर्टल पर ऑनलाइन दर्ज कर रहे हैं। उनकी यह जिम्मेदारी मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की सोच को आगे बढ़ाते हुए सरकारी योजनाओं और प्रशासनिक व्यवस्था में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मार्च 2019 में 'मैं भी चौकीदार' अभियान शुरू किया था। इस अभियान ने देश की राजनीति और सामाजिक सोच को नई दिशा दी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश सरकार चौकीदारों की सेवाओं का सम्मान करती है और उनके हित में लगातार फैसले ले रही है।उन्होंने बताया कि वर्ष 2018 में चौकीदारों का मानदेय 3500 रुपये से बढ़ाकर 7000 रुपये किया गया था।इसके बाद फरवरी 2024 में इसे बढ़ाकर 11 हजार रुपये मासिक किया गया। सरकार ने चौकीदारों को गृह विभाग से विकास एवं पंचायत विभाग में लाने का निर्णय लिया और उनके भविष्य को सुरक्षित करने के लिए ईपीएफ की सुविधा भी दी। इसके अलावा सेवानिवृत्ति पर 2 लाख रुपये की सहायता का प्रावधान किया गया।



भत्तों में भी की बढ़ोतरी

मुख्यमंत्री की घोषणा के मुताबिक अब ग्रामीण चौकीदारों का मासिक मानदेय श्रम विभाग की ओर से अकुशल श्रमिकों के लिए निर्धारित वेतन के बराबर होगा। इसे 11 हजार रुपये से बढ़ाकर 15,221 रुपये किया जाता है। वार्षिक वर्दी भत्ता 4 हजार से बढ़ाकर 5 हजार रुपये, लाठी, बैटरी, सीटी और छाते का वार्षिक भत्ता 1 हजार से बढ़ाकर 1500 रुपये तथा साइकिल भत्ता 3500 से बढ़ाकर 5 हजार रुपये किया जाता है।

52 लाख लोगों के खातों में सरकार ने कुल 4470 करोड़ 77 लाख रुपए भेजे

हरियाणा में 52 लाख लोगों के खातों में सरकार ने कुल 4470 करोड़ 77 लाख रुपए जारी किए। ये रकम प्रदेश सरकार की अलग-अलग 21 सामाजिक योजनाओं की है। इनमें बुढ़ापा-विधवा व बेसहारा पेंशन शामिल है।इसके अलावा लाडो लक्ष्मी योजना के तहत 10 लाख 59 हजार महिलाओं के खाते में पैसे गए हैं। योजना में महिलाओं को हर महीने 2100 रुपए मिलते हैं। सीएम नायब सिंह सैनी ने योजनाओं की ये राशि ऑनलाइन ट्रांसफर की। हर महीने इन योजनाओं का पैसा 10 तारीख को मिलता है, जबकि इस बार 4 दिन पहले ही खातों में ट्रांसफर किया गया।

नीलोखेड़ी हल्के की सात गौशालाओं को मिले 1 करोड़ 63 लाख रुपये के अनुदान चेक

ओपन सर्च/प्रदीप महता



नीलोखेड़ी। निसिंग स्थित गौशाला में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम के दौरान हरियाणा सरकार के गोसेवा आयोग के माध्यम से नीलोखेड़ी हल्का क्षेत्र की सात गौशालाओं को कुल 1 करोड़ 63 लाख रुपये की अनुदान राशि के चेक वितरित किए गए। इस अवसर पर हल्के की सभी सात गौशालाओं के प्रधानों एवं प्रतिनिधियों को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया और उन्हें सम्मानपूर्वक अनुदान राशि के चेक भेंट किए गए। इस अवसर पर कहा गया कि हरियाणा सरकार द्वारा गौशालाओं को प्रदान की गई यह आर्थिक सहायता गौवंश के लिए चारे, पौष्टिक आहार, उचित देखभाल तथा अन्य आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। इससे गौशालाओं को आर्थिक रूप से मजबूती मिलेगी और वहां रहने वाले गौवंश के संरक्षण एवं बेहतर रखरखाव में सहायता मिलेगी। उन्होंने कहा कि गौमाता का संरक्षण और संवर्धन हमारी सामाजिक एवं सांस्कृतिक जिम्मेदारी है। हरियाणा सरकार लगातार गौशालाओं को आर्थिक सहायता उपलब्ध करवाकर इस दिशा में सराहनीय कार्य कर रही है। सरकार का यह प्रयास गौसेवा के कार्यों को नई मजबूती प्रदान करेगा। इस पुनीत कार्य के लिए माननीय मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी एवं हरियाणा सरकार का हृदय से आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद किया गया।

सुंदरकांड पाठ में भजनों पर भाव विभोर हुए भक्त

श्री गोवर्धन महाराज तेरे माथे मुकुट विराज रह्यो..

ओपन सर्च/वेद बहल



झज्जर। सिद्ध बाबा कांशीगिरि जी महाराज मन्दिर में 328 वां सुंदरकांड पाठ एवं भजन संध्या का आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं ने हनुमान जी और भगवान श्री कृष्ण के दर्शन कर परिवार की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। पंडित पवन कौशिक ने कहा कि मंगलवार को हनुमान जी और गोवर्धन महाराज की आराधना करने से श्रद्धालुओं को दोनों का आशीर्वाद मिलेगा। समिति के हेमन्त वर्मा ने बताया कि कार्यक्रम में सुंदरकांड वाचक योगेश रंजन, भारत भूषण नंदा, राजेंद्र वधवा, ताराचंद भूटानी, केवल अरोड़ा, बंटी खत्री, विकास नरुला, आनन्द कुमार, दीपक धीमान, नारायणी सरदाना, शीला देवी चुघ, विशन वधवा, हिमांशी अरोड़ा, सुमन वधवा, प्रिया तनेजा, वीना वर्मा, सीमा तनेजा, मयंक गुर्जर, आकाश सहित श्रद्धालुओं ने संगीतमयी श्री सुंदरकांड पाठ का सामूहिक गायन किया। इस अवसर पर ताराचंद भूटानी, भारत भूषण नंदा, राजेंद्र वधवा, योगेश रंजन ने हनुमान जी और अन्य भजनों से गुणगान किया। इस दौरान ताराचंद भूटानी ने नाम मेरी राधा रानी का जिस जिस ने गाया है, बांके बिहारी ने उसे अपना बनाया है...राजेंद्र वधवा ने भूत पिशाच निकट नही आवें सब संकट भी टल जावे पढ़ो हनुमान चालीसा....योगेश रंजन ने श्री गोवर्धन महाराज तेरे माथे मुकुट विराज रह्यो....छटा तेरी तीन लोक से न्यारी हैं गोवर्धन महाराज....भजन सुनकर उपस्थित श्रद्धालुओं को भाव विभोर कर दिया। इस दौरान बाबा चालीसा, हनुमान चालीसा, आरती के उपरांत मनोहर लाल ने श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया। इस मौके पर मन्दिर समिति के प्रधान सुधांशु हंस, उपप्रधान प्रदीप काठपालिया, वीरभान वर्मा, ईशान मेहता, सुरेश गाबा, निखिल सलूजा, विकास नरुला, जय प्रकाश गुप्ता, रमेश प्रधान लखेरा समाज, वर्मा सुभाष, सक्षम वर्मा, मनोहर लाल, अर्पित सेवक, अनिल छाबड़ा सहित अन्य मौजूद रहे।

पोल्ट्री फीड में तेजी, नानवेज खाने वालों को लग सकता है बड़ा झटका

ओपन सर्च/प्रदीप महता



करनाल। पोल्ट्री पालकों का कहना है की फीड उत्पादों की मांग बढ़ने के बीच अंडे और चिकन की कीमतों में बड़ी तेजी देखने को मिल सकती है। पोल्ट्री इंडस्ट्री के मुताबिक, मक्का और टूटे चावल की बढ़ती कीमतों, इथेनॉल उत्पादन के लिए अनाज के इस्तेमाल और महाराष्ट्र-कर्नाटक में कमजोर मॉनसून के कारण पोल्ट्री फीड की लागत काफी बढ़ गई है। इसका सीधा असर आने वाले महीनों में अंडे और चिकन की कीमतों पर पड़ने की आशंका है। इंडस्ट्री के अनुमान के मुताबिक, दिसंबर तक पोल्ट्री उत्पाद 25-30% तक महंगे हो सकते हैं।

अंडे और चिकन के दाम कहां पहुंच सकते हैं?

इंडस्ट्री के वरिष्ठ अधिकारियों के मुताबिक, फिलहाल 6-7 रुपये प्रति पीस बिकने वाला थोक अंडा दिसंबर तक 7-8 रुपये प्रति पीस तक पहुंच सकता है। इसी तरह बिना स्किन वाला ड्रेस्ड चिकन, जो अभी करीब ₹225-250 प्रति किलो बिक रहा है, उसके दाम बढ़कर ₹260-275 प्रति किलो तक पहुंचने का अनुमान है।क्रिसमस और न्यू ईयर के दौरान पोल्ट्री उत्पादों की मांग आमतौर पर काफी बढ़ जाती है, जिससे कीमतों पर अतिरिक्त दबाव पड़ सकता है। मक्का और टूटे चावल की कीमत दोगुनी पोल्ट्री फीड की लागत बढ़ने की सबसे बड़ी वजह मक्का और टूटे चावल की महंगाई है। पिछले एक साल में दोनों की कीमतें लगभग दोगुनी हो गई हैं। मक्का करीब ₹18 से बढ़कर ₹34 प्रति किलो हो चुका है और दिसंबर तक इसके ₹40 प्रति किलो तक पहुंचने की आशंका जताई जा रही है। वहीं, टूटे चावल का भाव ₹14-15 से बढ़कर ₹31-32 प्रति किलो हो गया है। ज्वार, बाजरा और रागी जैसे दूसरे विकल्प भी अब महंगे पड़ रहे हैं।

मक्के की सप्लाई क्यों घट रही है?

महाराष्ट्र और कर्नाटक जैसे प्रमुख खरीफ उत्पादक राज्यों में कमजोर बारिश के कारण इस साल खरीफ मक्का उत्पादन में 15-16% की गिरावट की आशंका है। इसके अलावा, इथेनॉल उत्पादन के लिए मक्के का इस्तेमाल बढ़ने से पोल्ट्री इंडस्ट्री के लिए इसकी उपलब्धता कम हुई है।

2316 करोड़ के पैकेज से हल्के के गावों में लगेगी विकास की झड़ी : कबीरपंथी



ओपन सर्च/प्रदीप महता

नीलोखेड़ी। हरियाणा सरकार द्वारा प्रदेश के गांवों के विकास के लिए 2316 करोड़ रुपये की बड़ी सौगात देने पर नीलोखेड़ी विधायक भगवान दास कबीरपंथी एवं भाजपा के जिला प्रवक्ता शिव नाथ कपूर ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का आभार जताया है। विधायक ने कहा कि पंचायतों के खातों में सीधे 1158 करोड़ रुपये की राशि जारी होने से गांवों में विकास कार्यों को नई गति मिलेगी। भगवान दास कबीरपंथी ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में सरकार गांवों के सर्वांगीण विकास के लिए लगातार काम कर रही है। इस राशि से ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं, विकास कार्यों और जनहित की योजनाओं को मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार का लक्ष्य है कि हर गांव में बेहतर सुविधाएं पहुंचें और ग्रामीणों को विकास का सीधा लाभ मिले। कबीरपंथी ने इस बड़ी सौगात के लिए प्रदेश की सभी ग्राम पंचायतों की ओर से मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का हार्दिक धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया।

राज्य भर में खुलेंगी 2,651 फेयर प्राइस शॉप्स

इच्छुक आवेदक 25 नवंबर तक कर सकते हैं ऑनलाइन आवेदन : डीसी

ओपन सर्च/प्रदीप महता



करनाल। उपायुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने बताया कि हरियाणा सरकार ने गरीब और पात्र परिवारों के लिए राशन डिपो की पहुंच को बेहतर बनाने के लिए राज्यभर में 2,651 उचित मूल्य की दुकानें खोलने का निर्णय लिया है। हाल ही में खाद्य, नागरिक आपूर्ति और उपभोक्ता मामले विभाग ने प्रदेश में खाली पड़ी 2,651 उचित मूल्य की दुकानों (फेयर प्राइस शॉप्स) के लिए लाइसेंस हेतु ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि को आगे बढ़ा दिया है। अब इच्छुक आवेदक 25 नवंबर 2026 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकतें हैं, जबकि पहले इसकी अंतिम तिथि 10 नवंबर 2026 निर्धारित थी। उन्होंने बताया कि बताया कि फेयर प्राइस शॉप्स के माध्यम से विशेष रूप से उन दूरदराज के क्षेत्रों में रहने वाले नागरिकों को सीधा लाभ पहुंचाया जाएगा, जहां मौजूदा डिपो काफी दूर स्थित हैं। इस योजना से न केवल सार्वजनिक वितरण प्रणाली मजबूत होगी, बल्कि युवाओं के लिए स्वरोजगार के नए अवसर भी पैदा होंगे। इसके साथ ही, इस पूरी प्रक्रिया में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान किया गया है, जिससे जमीनी स्तर पर महिला सशक्तिकरण को भी एक नया बढ़ावा मिलेगा। उपायुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने बताया कि इच्छुक आवेदक ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। इस पोर्टल की शुरुआत हरियाणा के मुख्यमंत्री द्वारा 10 अक्टूबर 2026 को की गई थी। उन्होंने आगे बताया कि योग्य आवेदक हरियाणा अंत्योदय सरल पोर्टल (https://saralharyana.gov.in) के माध्यम से 25 नवंबर 2026 तक अपने आवेदन ऑनलाइन जमा कर सकते हैं। आवेदन से जुड़े विस्तृत दिशानिर्देश, पात्रता शर्तें और निर्देश विभाग की आधिकारिक वेबसाइट https://haryanafood.gov.in पर उपलब्ध हैं। उन्होंने बताया कि रिक्त उचित मूल्य की दुकानों का जिला-वार और गांव-वार विवरण भी विभाग की वेबसाइट और जिला प्रशासन की वेबसाइटों पर देखा जा सकता है।

विभाग ने सभी योग्य युवाओं और महिलाओं से इस बढ़े हुए अवसर का लाभ उठाने का आग्रह किया है और सलाह दी है कि निर्धारित अंतिम तिथि से पहले सरल पोर्टल पर आवेदन अवश्य जमा कर दें। इस पहल से हरियाणा में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के मजबूत होने और जमीनी स्तर पर रोजगार के नए अवसर पैदा होने की उम्मीद है।

पर्यावरण संरक्षण समिति ने नगर निगम के स्वच्छ शहरों में शामिल होने पर मनाई खुशी : एस.डी. अरोड़ा

ओपन सर्च/प्रदीप महता



करनाल। पर्यावरण संरक्षण समिति पंजीकृत करनाल द्वारा आज एक विशेष मीटिंग आर्य समाज मन्दिर सेक्टर-13 में बुलाई गई। समिति चेयरमैन एस.डी. अरोड़ा ने सभा में बताया कि नगर निगम करनाल स्वच्छ शहरों की सूची में शामिल हो गया है। इस बारे में केन्द्रीय शहरी एवं आवास मंत्रालय की ओर से घोषणा की गई है। दुसरी बार यह पुरस्कार पाने वाला नगर निगम करनाल अब प्रदेश का पहला नगर निगम बन गया है। उन्होंने बताया कि यह उपब्धि नगर निगम की सफाई टीमों द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्यों का परिणाम है। इसमें करनाल के नागरिकों एवं सामाजिक संस्थाओं का भी योगदान है। नगर निगम की सैनीटेशन टीम, सफाई मित्रो एवं कर्मचारियों की दिन-रात अथक मेहनत करने से करनाल को यह गौरव प्राप्त हुआ है। डोर-टू-डोर कूड़ा कोलेक्शन करने वालो का भी इस उपब्धि में काफी योगदान रहा है। चीफ पैट्रन कंवल भसीन ने बताया कि करनाल के स्वच्छता अभियान में पर्यावरण संरक्षण समिति का योगदान भी भुलाया नहीं जा सकता। समिति सदस्य अपने-अपने सैक्टरों में एवं वार्डों में घूम-घूम कर लोगों को सफाई रखने बारे जागरूक कर रहे हैं। कुड़े में आग ना लगाने बारे और सुखा-गीला कुड़ा अलग-अलग डस्टबीन में डालने के लिए प्रेरित करते हैं वह लोगों को स्वच्छता रखने के लाभ भी बता रहे हैं कि सफाई रखने से बिमारियां नहीं फैलती। वे लोगों को पानी की बर्बादी रोकने बारे भी प्रचार कर रहे हैं। समिति पेड़-पौधे लगाकर प्रदुषण दूर कर रही है और वायुमण्डल को शुद्ध कर रही है। समिति के प्रयासो से अब नागरिकों में काफी जागरूकता आ गई है। वे पेड़-पौधे भी लगाने लगे हैं और स्वच्छता भी रख रहे हैं। चेयरमैन ने आगे बताया कि शहर के सामुहिक प्रयासों से नगर निगम करनाल वर्ष 2017 से 2025 तक स्वच्छ शहरों में शामिल होकर राष्ट्रपति अवार्ड प्राप्त करता रहा है। उन्होंने कहा कि इसी प्रकार नगर निगम कर्मचारियों तथा नगर निगम अधिकारियों एवं नगरिको के संगठित प्रयासों से नगर निगम करनाल देश के स्वच्छ शहरों में प्रथम स्थान जरूर पायेगा। मीटिंग में वाईस चेयरमैन राम रतन अत्री, मैडम अंजु शर्मा, कवंल भसीन, एस.डी. अरोड़ा, विनोद गुप्ता, डॉ. वी.के. शर्मा, सुरेश खन्ना एडवोकेट, एस.के. चावला, अशोक चौधरी, डॉ. पुष्पा सिन्हा, सरोज कथूरिया, शशी आर्या व एच.डी. कथूरिया शामिल हुए।

भाई-बहन के अटूट प्रेम और विश्वास का प्रतीक है पावन पर्व 'भैयादूज' : संयोगिता गुप्ता

ओपन सर्च/प्रदीप महता



तरावड़ी। भाई-बहन के पवित्र प्रेम, अटूट स्नेह और विश्वास के प्रतीक पावन पर्व 'भैयादूज' (यम द्वितीया) के पावन अवसर पर जिला उपाध्यक्ष श्रीमती संयोगिता गुप्ता ने समस्त प्रदेशवासियों और देशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।इस अवसर पर अपने संदेश में जिला उपाध्यक्ष श्रीमती संयोगिता गुप्ता ने कहा कि "भाई-बहन का रिश्ता इस संसार के सबसे अनमोल, पवित्र और सुंदर रिश्तों में से एक है। भैयादूज का यह पर्व केवल भाई की लंबी उम्र और उनकी रक्षा की कामना का दिन नहीं है, बल्कि यह एक-दूसरे के प्रति सम्मान, सहयोग और आजीवन रक्षा का वचन देने का पावन अवसर है।"उन्होंने आगे कहा कि आज के इस भागदौड़ भरी जीवन में हमारे पारंपरिक पर्व ही हमें अपनों के करीब लाते हैं और हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को जीवित रखते हैं। ऐसे पर्व समाज में आपसी सौहार्द, प्रेम और पारिवारिक मूल्यों को और अधिक मजबूत बनाते हैं। उन्होंने सभी प्रदेशवासियों से अपील की कि वे इस पर्व को पारंपरिक उल्लास और आत्मीयता के साथ मनाएं तथा महिलाओं के सम्मान और सुरक्षा के अपने संकल्प को और अधिक दृढ़ करें।

मलेशियावास गांव में जोहड़ की समस्या का नहीं हुआ समाधान, मरी हुई मछलियों की बदबू से ग्रामीण परेशान





ओपन सर्च/प्रदीप महता

रेवाड़ी। मलेशियावास गांव में जोहड़ की समस्या का अभी तक कोई समाधान नहीं हो पाया है। जोहड़ में मछलियां मरने के कारण पूरे गांव में दुर्गंध फैल रही है, जिससे ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि बदबू के कारण जोहड़ के आसपास रहना भी मुश्किल हो गया है। इस समस्या को लेकर कृष्ण ठेकेदार ने ग्रामीणों की आवाज उठाते हुए कहा कि गांव के जोहड़ की हालत बेहद खराब हो चुकी है। जोहड़ में मछलियां मरने से उठ रही दुर्गंध पूरे गांव में फैल रही है, लेकिन बार-बार समस्या सामने आने के बावजूद प्रशासन की ओर से कोई ठोस समाधान नहीं किया गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि गांव के सरपंच की ओर से भी इस समस्या के समाधान के लिए कोई प्रभावी कदम नहीं उठाया जा रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि जोहड़ की बदहाल स्थिति के कारण उसके साइड में बने कुओं के धंसने की आशंका भी बनी हुई है। यदि समय रहते इस ओर ध्यान नहीं दिया गया तो कोई बड़ा हादसा हो सकता है। ग्रामीणों का कहना है कि जोहड़ की समस्या के साथ-साथ आसपास के कुओं की सुरक्षा को लेकर भी प्रशासन को गंभीरता से कदम उठाने चाहिए। कृष्ण ठेकेदार ने कहा कि जोहड़ की बदहाल स्थिति के कारण ग्रामीणों को रोजाना परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इससे आसपास के वातावरण पर भी बुरा असर पड़ रहा है तथा बीमारियां फैलने की आशंका बनी हुई है। उन्होंने जिला प्रशासन और संबंधित विभाग के अधिकारियों से मांग की कि मलेशियावास गांव के जोहड़ की तुरंत सफाई करवाई जाए, मरी हुई मछलियों को बाहर निकलवाया जाए, पानी की जांच करवाई जाए तथा जोहड़ के साइड में बने कुओं की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। साथ ही जोहड़ की समस्या का स्थायी समाधान किया जाए, ताकि ग्रामीणों को इस परेशानी से राहत मिल सके और किसी संभावित हादसे को रोका जा सके।

लाइब्रेरी और शिवधाम के कार्य 15 नवंबर तक करें पूरा : उपायुक्त

ओपन सर्च/प्रदीप महता



करनाल। उपायुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने कहा कि जिला में लाइब्रेरी व शिवधाम के कार्य को 15 नवंबर तक पूरा करें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इन सभी महत्वपूर्ण कार्यों को पूरा करने में तेजी लाए तथा गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए और हर सप्ताह ग्राउंड पर प्रगति नजर आए। उपायुक्त ने सीईओ जिला परिषद को निर्देश दिए कि भवन बनाने तक सभी लाइब्रेरियों के लिए किताबें और फर्नीचर की व्यवस्था करें। डीसी ने बुधवार को लघु सचिवालय के सभागार में उक्त परियोजनाओं को लेकर अधिकारियों के साथ कार्यो की समीक्षा की और कहा कि सभी परियोजनाएं आमजन व युवाओं की सुविधाओं से संबंधी है, इनकी गंभीरता को समझें और इन्हें प्राथमिकता दें। कहीं पर भी ढिलाई न बरतें। उन्होंने बीडीपीओ को निर्देश दिए कि वे फील्ड विजिट करे और कार्यो की प्रगति पर जायजा ले। जहां पर अब तक कार्य शुरू नहीं हुए है, उन्हें जल्द शुरू करवाएं। इन कार्यों को पूरा करवाने के लिए प्रशासन का पूरा सहयोग रहेगा। किसी भी गाँव में फण्ड की कोई दिक्कत नहीं होगी, एमपी लैड फंड की उपलब्धता भी इन कार्यों को पूरा करने है। इन कार्यों में विकसित भारत ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के अंतर्गत भी कार्य शामिल करने के निर्देश दिए। सीईओ जिला परिषद अमित खोखर ने बैठक में बताया कि 128 गाँव में लाइब्रेरी स्थापित की जा चुकी है, 53 अन्य में भी कार्य पूर्ण हो चुका है, शेष में कार्य प्रगति पर है। लाइब्रेरियों के लिए किताबों और फर्नीचर के लिए मुख्यालय को पत्र लिख दिया गया है।कुछ लाइब्रेरियों के लिए फर्नीचर विभाग द्वारा उपलब्ध भी करवा दिया गया है। बैठक में एडीसी डा. राहुल रईया, जिला परिषद के सीईओ अमित कुमार, डीडीपीओ कंचन लता, परियोजना अधिकारी राजेंद्र कुमार, सहायक परियोजनाओं अधिकारी जितेंद्र कुमार, खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी और सभी खंड शिक्षा अधिकारी भी मौजूद रहे।

डीवीएम विद्यालय में हुआ रंगारंग कार्यक्रमों का आयोजन : शिक्षाविद मोहनप्रकाश कौशिक

सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): सोहना में दौहला रोड स्थित डीवीएम पब्लिक सीनियर सैकेंडरी स्कूल में बुधवार को देश के पहले शिक्षामंत्री मौलाना अबुलकलामआजाद जयंती के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। आयोजन के संयोजक व विद्यालय निर्देशक हर्षित शर्मा ने बताया कि डीवीएम पब्लिक सीनियर सैकेंडरी विद्यालय प्रधानाचार्या की अध्यक्षता में देश के पहले शिक्षामंत्री मौलाना अबुलकलामआजाद जयंती स्कूल में राष्ट्रीय शिक्षा दिवस के रूप में मनाई गई। इस मौके पर उपस्थितों के बीच मुख्यातिथि पद से बोलते हुए डीवीएम पब्लिक सीनियर सैकेंडरी स्कूल प्रबंधन समिति चेयरमैन मोहनप्रकाश कौशिक ने कहा कि समाज और देश की तरक्की व विकास के लिए प्रत्येक व्यक्ति का शिक्षित होना आवश्यक है। उन्होने बताया कि देश के पहले शिक्षामंत्री मौलाना अबुल कलाम आजाद हमारे गुरूग्राम और मेवात क्षेत्र से सांसद रहकर इस क्षेत्र को गौरान्वित कर चुके है। भारत रत्न सम्मान से नवाजे गए मौलाना अबुल कलाम आजाद जयंती को राष्ट्रीय शिक्षा दिवस के रूप में मनाना अपने आप में सराहनीय काम है। शिक्षक हो चाहे विद्यार्थी प्रत्येक को उनके जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। समाज जितना शिक्षित बनेगा, देश उतना ही ज्यादा तरक्की करेगा। डीवीएम पब्लिक सीनियर सैकेंडरी स्कूल प्रबंधन समिति चेयरमैन मोहनप्रकाश कौशिक ने कहा कि शिक्षा सशक्तिकरण का साधन है। शिक्षा के प्रसार के साथ-साथ हमें शिक्षा की गुणवत्ता भी बढ़ानी है। उन्होने लोगों से आग्रह किया कि वह साफ-सफाई, स्वच्छता, पर्यावरण, पौधारोपण व जल बचत व संरक्षण व शिक्षा के प्रचार-प्रसार को बढ़ावा देने में आगे आए ताकि प्रत्येक व्यक्ति शिक्षित व्यक्ति बने। समाज और देश खुशहाल बने। उन्होने कहा कि शिक्षित व्यक्ति देश और समाज की उन्नति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। आज का युग आधुनिक युग है। हम सभी को अच्छी गुणवत्ता वाली उच्च शिक्षा ग्रहण करनी चाहिए।

सोहना में भैयादौज पर विभिन्न स्कूलों में हुआ शिक्षाप्रद कार्यक्रमों का आयोजन

सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): सोहना में बुधवार को विभिन्न शिक्षा विद्यालयों में अवकाश के बावजूद 'भैयादूज' के उपलक्ष्य में कार्यक्रमों की धूम रही। इस अवसर पर स्थानीय एशियन पब्लिक सीनियर सैकेंडरी विद्यालय में शिक्षा ग्रहण करने वाली छात्राओं ने अपने सहपाठी विद्यार्थी रूपी छात्रों को तिलक लगा मुंह मीठा करवाया। बदले में छात्रों ने उपहार प्रदत किए। विद्यालय निर्देशिका डाक्टर भारती लोहिया ने बताया कि इस अवसर पर उपस्थितों के बीच मिठाई भी वितरित की गई। इस मौके पर विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष सचिन लोहिया ने भाई दौज के महत्व पर प्रकाश डाला। इस मौके पर अमित लोहिया, जीतन लोहिया, सूर्या आदि प्रमुख लोगों के साथ-साथ बारही के अंतर्गत लगने वाले गांवों और आसपास व दूर दराज स्थानों से विशेष आमंत्रण पर आए लोगों ने जातपात और पार्टीबाजी से ऊपर उठकर हिस्सा लिया। इस मौके पर बच्चों को टाफियां, चाकलेट, फल, मिठाई वितरित की गई।

डीवीएम स्कूल में भैयादूज पर्व को सदभावना दिवस के रूप में मनाया

सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): सोहना में दौहला रोड स्थित डीवीएम पब्लिक सीनियर सैकेंडरी स्कूल प्रांगण में बुधवार को भैयादूज पर्व को स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा सदभावना दिवस के रूप में मनाया गया। पर्व के उपलक्ष्य में छात्राओं ने संस्थान में पढने वाले छात्रों को तिलक लगा मिठाई खिलाकर मुंह मीठा करवाया। तिलक करवाने वाले भाईयों में मुस्लिम वर्ग के छात्रों ने भी स्वयं खुशी-खुशी तिलक करवाते हुए भाईचारे को मजबूत बनाने का पैगाम दिया और छात्रों ने अपनी इन बहनाओं को उपहार स्वरूप पाठय सामग्री देते हुए छात्राओं रूपी बहनों के साथ-साथ शिक्षा के प्रति अपने अगाध लगाव को भी प्रदर्शित किया। इस अवसर पर आयोजित भैयादूज मिलन समारोह में मुख्य वक्ता रूप में बोलते हुए विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष मोहनप्रकाश कौशिक ने उपस्थित विद्यार्थियों को भैयादूज पर्व का महत्व समझाया। शिक्षाविद मोहनप्रकाश कौशिक ने भैयादूज पर्व को बहन-भाई के प्यार का प्रतीक व मैत्री सहयोग की भावनाओं को बढ़ावा देने वाला त्यौहार बतलाते हुए कहा कि यह पर्व हम सब को अपवित्रता, भेदभाव उग्र स्वभाव को त्यागने की प्रेरणा देता है।

सरकारी अस्पताल में सुरक्षा के लिहाज से पुलिस बूथ बनाया जाए : हेमराम खटाना एडवोकेट

सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): सोहना ब्लॉक के आदर्श गांव रिठौज में रहने वाले गुर्जर महापंचायत के संयोजक बाबू हेमराम खटाना एडवोकेट, युवा समाजसेवी सरताज खटाना रिठौजिया व सचिन तंवर एडवोकेट ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और गृहमंत्री का ध्यान सरकारी अस्पताल में बनी खामियों की तरफ दिलाते हुए मांग की है कि सोहना शहर स्थित उपमंडलस्तरीय स्थानीय सरकारी अस्पताल में सुरक्षा के लिहाज से पुलिस बूथ बनाया जाए ताकि रोगियों और उनके तीमारदारों के साथ-साथ अस्पताल में कार्यरत स्टॉफ, नर्स व डाक्टर और तमाम कर्मचारी अपने को रात के वक्त सुरक्षित महससू कर सके। क्षेत्र के प्रमुख समाजसेवी वीरेन्द्र यादव बिल्लू, युवा कांग्रेस के वरिष्ठ क्षेत्रीय नेता पंकज भारद्वाज, इनेलो के जिलाप्रधान रोहताश खटाना लोहटकी, किसान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष पहलवान सतबीर खटाना दमदमिया, शिक्षाविद सचिन लोहिया, गांव सिरसका में रहने वाले युवा समाजसेवी कर्मपाल बोकन, गांव भौंड़सी में रहने वाले ग्रामसभा सदस्य समाजसेवी रामकिशन राघव, गांव खेड़ला में रहने वाले योगी राघव, पूर्व नगरपार्षद ओमप्रकाश सैनी, डाक्टर भीमराव अंबेडकर मिशन सोसायटी के पूर्व प्रधान तथा गांव लाखुवास के रहने वाले नंबरदार मूलचंद, शिक्षाविद देवदत्त चोपड़ा, तेजपाल नंबरदार लाखुवास आदि प्रमुखजनों समेत क्षेत्र के जागरूक लोगों का कहना है कि शासन-प्रशासन को जनहित में इस तरफ ध्यान देकर सरकारी अस्पताल में पुलिस बूथ बनाने की पहल करनी चाहिए।

सदैव सीखने की ललक जीवन में देती है आगे बढने की प्रेरणा : शिक्षाविद मनोज कुमार

सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): सोहना ब्लॉक के आदर्श गांव घामडोज स्थित विवेक भारती सीनियर सैकेंडरी विद्यालय प्रांगण में बुधवार को राष्ट्रीय शिक्षक दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मौजूद विद्यार्थियों के बीच मुख्य वकता रूप में बोलते हुए शिक्षाविद व प्रधानाचार्य मनोज कुमार राघव ने कहा कि किसी भी मनुष्य में सदैव आगे बढने के लिए नया सीखने की ललक उसे जीवन में आगे बढने की प्रेरणा देती है। व्यक्ति चाहे कितना भी विद्वान हो, फिर भी यदि कही से ज्ञान की प्राप्ति हो तो उसे अवश्य ग्रहण करना चाहिए। इस मौके पर विवेक भारती सीनियर सैकेंडरी विद्यालय प्रधानाचार्य मनोज कुमार राघव ने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि समाज और देश की तरक्की व विकास के लिए प्रत्येक व्यक्ति का शिक्षित होना आवश्यक है। उन्होने बताया कि देश के पहले शिक्षामंत्री मौलाना अबुल कलाम आजाद हमारे गुरूग्राम और मेवात क्षेत्र से सांसद रहकर इस क्षेत्र को गौरान्वित कर चुके है। भारत रत्न सम्मान से नवाजे गए मौलाना अबुल कलाम आजाद जयंती को राष्ट्रीय शिक्षा दिवस के रूप में मनाना अपने आप में सराहनीय काम है। शिक्षक हो चाहे विद्यार्थी प्रत्येक को उनके जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए।

मौलाना अबुल कलाम आजाद से प्रेरणा ले : शिक्षाविद नरेन्द्र यादव

सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): सोहना नगरपरिषद के वार्ड-सात के तहत लगने वाले गांव लाखुवास स्थित एनजेल्स प्लेस इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने बुधवार को राष्ट्रीय शिक्षा दिवस के उपलक्ष्य में शहर के बाजार और प्रमुख कॉलोनियों में जागरूकता रैली निकाली। रैली को विद्यालय प्रबंधन समिति निर्देशक नरेन्द्र यादव ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली को हरी झंडी दिखाने से पूर्व उपस्थितों के बीच शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यालय प्रबंधन समिति निर्देशक नरेन्द्र यादव ने कहा कि मौलाना अबुल कलाम आजाद महान स्वतंत्रता सेनानी, लब्ध प्रतिष्ठित शिक्षा शास्त्री और देश के प्रथम शिक्षा मंत्री रहे है। उनकी जयंती को राष्ट्रीय शिक्षा दिवस के रूप में मनाते हुए आम जनमानस को शिक्षा के प्रति जागरूक बनाने के लिए इस जागरूकता रैली का आयोजन किया है। उन्होने कहा कि शिक्षा सशक्तिकरण का साधन है। शिक्षा के प्रसार के साथ-साथ हमें शिक्षा की गुणवत्ता भी बढ़ानी है। उनका ध्यान केवल स्कूल ही नही बल्कि लर्निंग पर केन्द्रित है। उन्होने लोगों से आग्रह किया कि वह साफ-सफाई, स्वच्छता, पर्यावरण, पौधारोपण व जल बचत व संरक्षण व शिक्षा के प्रचार-प्रसार को बढ़ावा देने में आगे आए ताकि प्रत्येक व्यक्ति शिक्षित व्यक्ति बने।

सोहना में भैयादूज का त्यौहार धूमधाम, उमंग व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता





सोहना। यहां पर बुधवार को सोहना शहर व देहात के गांवों में बहन-भाई के प्यार का प्रतीक भैयादूज का त्यौहार बहुत ही धूमधाम, उमंग व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस मौके पर बाजार मार्किटों खासकर हलवाईयों, ड्राईफ्रूट विक्रेताओं, गोला, किशमिश, बताशे बेचने वालों और मेहंदी रचाने, कपड़ा व साड़ी विक्रेताओं के यहां ग्राहकों की भीड़ लगी रही और बाजारों में भैयादौज की जबरदस्त भीड़ के चलते बार-बार सडक़ों पर जाम लगते रहे। बाजारों में उमड़ी भीड़ : भैयादूज के त्यौहार पर स्थानीय बाजारों में खरीददारी के लिए लोगों की भीड़ नजर आई। बाजार में भैयादूज पर हलवाईयों, ड्राईफ्रूट विक्रेताओं, गोला, किशमिश, बताशे बेचने वालों और मेहंदी रचाने, रेडीमेड कपड़ा विक्रेताओं के साथ-साथ कपड़ा व साड़ी विक्रेताओं के यहां ग्राहकों की भीड़ लगी रही। देखने में आया कि शहर में बाईपास स्थित बाली स्वीटस पर रखी तमाम मिठाईयां बिक जाने पर जहां मिठाई खरीदने के लिए आए ग्राहक मायूस नजर आए, वही बाली स्वीटस निर्देशक मोहित खटटर व कमल खटटर ने ग्राहकों की भावनाओं का सम्मान करते हुए ग्राहकों की मांग पर तुरंत कारीगरों को बुलाकर हाथोंहाथ गर्मागर्म इमरती तैयार कराकर ग्राहकों की मांग मुताबिक उपलब्ध कराई। वही खेलस्टेडियम स्थित चावला स्वीटस पर भी खरीददारों की भीड़ उमडऩे से मिठाई खरीदने आए ग्राहकों को मिठाई ना मिलने पर ग्राहक मायूस दिखे तो गोला बेचने वालों ने भी जमकर चांदी काटी। थोक बाजार में 240 से 260 रुपए किलो बिकने वाला गोला खुदरा में इस बार 510 रुपए से लेकर 540 रुपए किलो बिकता नजर आया। महिलाओं ने कहानी सुनने के बाद भाईयों को किया तिलक : भैयादूज के उपलक्ष्य में महिलाओं और युवतियों ने कहानी सुनने के बाद अपने भाईयों का रोली, गोले से तिलक कर बताशे, किशमिश देते हुए मुंह मीठा करवाया। वही भाईयों ने बहनों को अपनी सामथ्र्य अनुसार उपहार व लक्ष्मी भारद्वाज, पंडित रमेश शास्त्री, पूर्व प्रबंधक राजेश राघव, कुंवर महेन्द्र सिंह राणा, रिंकू, धर्मेन्द्र, मास्टर खूबीराम, पंडित अनिल वशिष्ठ, अनिल भारद्वाज कोकी आदि ने बताया कि ऐसी मान्यता है कि इस दिन सोहना स्थित पवित्र श्री शिवकुंड में स्नान करने से पुण्य लाभ मिलता है और पाप धुल जाते है।

श्री शिवकुंड में स्नान करने उपरांत श्रद्धालुओं ने यहां बने मंदिरों में विशेष पूजा-देकर अपना फर्ज निभाया। इस मौके पर स्थानीय श्री शिवकुंड गर्मचश्मा पर स्नान करने वाले स्नानार्थियों का जबरदस्त सैलाब देखने को मिला। गर्मचश्मा शिवकुंड पर रही स्नानार्थियों की भीड़ : यहां पर गर्मचश्मा श्री शिवकुंड स्थल के प्रधान जगजीत सिंह राणा तथा श्री शिवकुम्भ साखमजती अधमर्षण रक्षा सभा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष संदीप सिंगला कालू, आचार्य लोकेश अर्चना कर अपने सामथ्र्य इच्छानुसार दान भी वितरित किया। वाहन चालकों ने कूटी चांदी : जबरदस्त भीड़ का भरपूर फायदा उठाते हुए जहां निजी वाहन चालकों ने जरूरतमंदों से मनमाने दाम वसूल खूब चांदी काटी, वही बसों व सवारी ढोने वाले प्राईवेट वाहनों में यात्रियों को भेड़-बकरियों की तरह ठूंस-ठूंसकर दौड़ते वाहन भी खूब देखने को मिले।

स्वच्छ भारत की परिकल्पना जन भागीदारी के बिना नही संभव : चेयरमैन दयाराम लोहिया

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता

सोहना। सोहना मार्किटकमेटी चेयरमैन चौधरी दयाराम लोहिया का कहना है कि स्वच्छ भारत की परिकल्पना जन भागीदारी के बिना संभव नही है। नीति व नियमों से किसी अभियान में लोगों को जोडऩा उतना आसान नही होता है, जितना आस्था और श्रद्धा के साथ जोड़ा जा सकता है। सरकार बीते कई वर्षों से स्वच्छता अभियान और गंगा की सफाई को लेकर मुहिम चला रही है। इन दोनों ही कार्यक्रमों का लोक आस्था के पर्व छठ से सैद्धांतिक व व्यावहारिक ताल्लुकात है। इसलिए जरूरी है कि इसे राष्ट्रीय पर्व घोषित किया जाए। सोहना मार्किटकमेटी चेयरमैन चौधरी दयाराम लोहिया का कहना है कि गंगा सफाई योजना का जो मकसद है, उसे बिहार, पूर्वी, उत्तरप्रदेश, झारखंड के लोग सदियों से समझते है और छठ से पहले जलाशयों की सफाई करते है। सही मायने में तो यह साफ-सफाई का ही त्यौहार है। उन्होने कहा कि किसी भी धर्म से जुड़े त्यौहार वास्तव में समाज को जोडऩे का काम करते है। सोहना मार्किटकमेटी चेयरमैन चौधरी दयाराम लोहिया का कहना है कि त्यौहार चाहे कोई भी हो, सभी धर्मों के लोगों को मिल-जुलकर मनाना चाहिए और सामाजिक सरोकारों से जुडक़र रक्तदान, स्वास्थ्य जांच शिविर, गरीबों की सेवा, जरूरतमंदों की मदद में आगे रहना चाहिए। स्थानीय मार्किटकमेटी चेयरमैन चौधरी दयाराम लोहिया का कहना है कि छठ महापर्व ऐसा त्यौहार है, जिसे दीपावली और ईद की तरह हिंदू-मुस्लिम मिल-जुलकर मनाते है और अनेकता में एकता को प्रदर्शित करते है। उन्होने कहा कि छठ के त्यौहार में हम स्वच्छता को बढ़ावा देते हुए पवित्रता की ओर बढ़ते है।

निराहार रहकर आत्मशक्ति का साक्षात्कार करते है और आगे हम आत्म उत्थान को सर्वजन में बांटने का संकल्प लेते है। यही संकल्प उपासना को उत्सव में बदल देता है। उन्होने कहा कि मनुष्य हमेशा से कर्म को प्रधान मानता रहा है। कर्म करने के लिए ही वह अधिक दिनों तक जीवित रहना चाहता है। यदि व्यक्ति अच्छे कर्म ना कर तो वह देश, समाज के लिए एक बोझ के समान है। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को अपने मन में यह गांठ बांध लेनी होगी कि उसे यह जीवन परम उददेश्य के लिए मिला है। श्री सिंह गुरूद्वारा प्रबंधन समिति के प्रधान और नगरपार्षद राखी बागड़ी के प्रतिनिधि सरदार गुरूबचन सिंह, सैनी सभा बैसी के प्रधान चौधरी लक्ष्मण सिंह सैनी, मितर सैनी बैसिया, नरेश सैनी बैसिया, विकास सैनी, बैसिया अग्रवालसभा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष रहे उमेश अग्रवाल, विनोद शुक्ला, बृजकिशोर सिंह आदि का कहना है कि खेलस्टेडियम में छठ पूजा महोत्सव 13 नवम्बर से शुरू होगा। इस बार उत्सव में तिगुणी भीड़ आने की उम्मीद है। जिसके दृष्टिगत विशेष इंतजाम किए गए है।

भाई-बहन के प्रेम का प्रतीक है भाईदूज का त्यौहार : शिक्षाविद गंगादान डागर

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता



सोहना। यहां पर गांव खेड़ाखलीलपुर स्थित ग्रीनफ्लावर सीनियर सैकेंडरी स्कूल प्रांगण में बुधवार को भाईदूज के त्यौहार पर अवकाश के बावजूद विद्यार्थियों ने भैयादूज का त्यौहार बहुत ही धूमधाम और हर्षोल्लास के बीच मनाया। इस मौके पर स्कूल में शिक्षा ग्रहण करने वाली छात्राओं ने अपने भाई रूपी छात्रों के माथे पर तिलक कर उन्हे बताशे, किशमिश और गोला देते हुए मिठाई खिलाई और अपनी रक्षा का संकल्प कराया। इस मौके पर विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष व शिक्षाविद मास्टर गंगादान डागर, प्रबंध निर्देशक ललित डागर, विद्यालय प्रधानाचार्य राजेन्द्र कुमार, अग्रवालसभा के पूर्व वरिष्ठ उपाध्यक्ष व व्यापारमंडल संघ के मुख्य सलाहकार उमेश अग्रवाल, खेलस्टेडियम व्यापारी एसोसिएशन के नेता दिनेश गर्ग अड़बरिया, किरयाणा व्यापारी यूनियन के प्रधान रविन्द्र गोयल रब्बन, पूर्व प्रधान जितेन्द्र मित्तल, रंगमंच कलाकार देशराज गोयल, गल्ला व्यापारी एसोसिएशन के प्रधान महेश आर्य, आर्यसमाज के मंत्री संजय आर्य आदि प्रमुख लोगों समेत आमंत्रित लोग खासी तादाद में मौजूद रहे। उपस्थितों के बीच मुख्य वक्ता रूप में बोलते हुए भाजपा के वरिष्ठ क्षेत्रीय नेता और सत्पुरुष कबीर साहब मानव कल्याण समिति अध्यक्ष तथा सतगुरू कबीर वंशावली मिशन धर्मनगर दामाखेड़ा के जनपद प्रतिनिधि मास्टर गंगादान डागर तथा सोहना व्यापारमंडल संघ के मुख्य सलाहकार तथा अग्रवालसभा के पूर्व वरिष्ठ उपाध्यक्ष उमेश अग्रवाल ने विद्यालय में शिक्षा ग्रहण करने वाली छात्राओं की इस बात के लिए जमकर प्रशंसा की कि छात्राएं अपने भाई रूपी छात्रों का तिलक करने के लिए अपने घरों से बताशे, किशमिश और गोला लाई है और अपनी प्रतिभा को बखूबी प्रदर्शित किया है। बच्चों के इस कार्य की जितनी सराहना की जाए, उतना कम है। उन्होने भैया दूज के महत्व पर प्रकाश डाला और कहा कि त्यौहार चाहे कोई भी हो, हमें अनेकता में एकता को प्रदर्शित करने और मिल-जुलकर रहने की प्रेरणा देते है। हमें अपनी प्राचीन संस्कृति को बचाए रखने के लिए चाहिए कि हम हर त्यौहार को अच्छे से शालीनता के साथ मनाए। विद्यालय प्रधानाचार्य राजेन्द्र कुमार ने कहा कि भैया दूज के त्यौहार का बहुत महत्व है। यह त्यौहार भाई का बहन के प्रति प्यार

भैयादूज पर बहनों को बिल्कुल मुफ्त में घरों तक पहुंचा रहे ई-रिक्शा चालक नवीन सैनी

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता



सोहना। सोहना नगरपरिषद के वार्ड-21 में रहने वाले और ई-रिक्शा चलाकर अपनी आजीविका चलाने वाले नवीन सैनी भाईदूज के त्यौहार पर बुधवार को बहन रूपी सवारियों को अपने ई-रिक्शा के माध्यम से बसअडडे से बहनों के घर तक बिल्कुल मुफ्त में पहुंचाने का काम कर बहनों का दिल जीतने का काम कर रहे है। उन्होने कहा कि उनके लिए गए निर्णय से ई-रिक्शा चलाने और अन्य लोगों को भी प्रेरणा मिलेगी तो बहनों को मुफ्त में अडडे से घर तक पहुंचने पर किराए के रूप में दिए जाने वाले भाड़े की बचत होगी। नवीन सैनी के लिए गए फैसले का स्थानीय नगरपरिषद चेयरपर्सन प्रीति बागड़ी, भाजपा नेता व ग्रीवेसिंग कमेटी मैंबर महेन्द्र यादव, सीएम विंडो एमिनेंटपर्सन व पूर्व नगरपार्षद मुकेश सैनी, भाजपा नेता व ग्रीवेसिंग कमेटी मैंबर राजेन्द्र सिंह बागडी, सैनी युवा संगठन के प्रधान ओपी सैनी, सोहना व्यापारमंडल संघ के अध्यक्ष मनोज राघव बजरंगी, पंजाबी महासंघ के अध्यक्ष हरीश नंदा राजू, स्थानीय श्री अग्रवालसभा के प्रधान सेठ रोहित गर्ग, नगरपार्षद कपिल सैनी, नगरपार्षद ललिता नौबत सैनी, पूर्व नगरपार्षद व भाजपा नेता बालूराम सैनी, नगरपार्षद निर्मला सैनी, नगरपार्षद राखी बागड़ी, अग्रवालसभा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष उमेश गुप्ता, डाक्टर भरत सैनी, रूपचंद सैनी, सरदार गुरूचरण सिंह, डाक्टर राशिद खान, शहर में लक्ष्मी मोड पर रहने वाले किसान नेता दयाराम सैनी, सैनी सभा के उपाध्यक्ष व पूर्व नगरपार्षद ओमप्रकाश सैनी ने स्वागत किया है। वही गांव जखोपुर में रहने वाले ई-रिक्शा चालक हुकम सैनी, सोहनाढाणी रोड़ पर रहने वाले ई-रिक्शा चालक गिर्राज सैनी, चुंगी एक के समीप रहने वाले ई-रिक्शा चालक बुद्धा सैनी आदि ने भी दरियादिली दिखाते हुए भैयादूज के त्यौहार पर स्थानीय बसअडडे से बसों से उतर कर अपने घर पैदल जा रही बहनों को अपने ई-रिक्शाओं के माध्यम से निशुल्क रूप में उनके घरों तक पहुंचाया।

शिवनगरी सोहना के खेलस्टेडियम में चित्रगुप्त पूजा का हुआ आयोजन

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता

सोहना। सोहना शहर के खेलस्टेडियम बाजार मार्किट में कलम, दवात के अधिष्ठाता व युग पिता ब्रहमा जी के मानस पुत्र श्री चित्रगुप्त की जयंती पर बुधवार को पूजा कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम के संयोजक एडवोकेट नवीन गर्ग ने बताया कि इस अवसर पर मुख्यातिथि रूप में व्यापारी नेता लाला दिनेश गर्ग अड़बरिया तथा विशिष्ठ अतिथि के रूप में सोहना व्यापारमंडल संघ के चीफ एडवाईजर व अग्रवालसभा के पूर्व वरिष्ठ उपाध्यक्ष उमेश अग्रवाल, जूता विकेरता व्यापारी एसोसिएशन के प्रधान सेठ नरेन्द्र गर्ग अड़बरिया मौजूद रहे। कार्यक्रम में आमंत्रितों ने बढ़-चढक़र हिस्सा लिया। इस मौके पर उपस्थितों के बीच बोलते हुए व्यापारी नेता लाला दिनेश गर्ग व लाला हरीश गर्ग अड़बरिया ने बताया कि भारतीय संस्कृति में श्री चित्रगुप्त को पृथ्वी पर कलम, दवात का अधिष्ठाता और देवलोक के प्रधान लेखापाल, अक्षर विद्या के जनक, लेखन कला के आविष्कारक और लेखनी के प्रधान देवता तथा मृत्यु के देवता यम का अनुज माना जाता है। उन्होने कहा कि प्राचीन ग्रंथों के अनुसार चित्रगुप्त को ब्रहमा जी का 17वां मानस पुत्र होने के कारण ब्रहम देवता भी कहा गया है। सूर्य को 7 अंक प्रिय होने के कारण श्री चित्रगुप्त सूर्य देवता से किसी ना किसी रूप में जुड़े हुए है। उन्होने बताया कि मंदिर नगरी खजुराहो के मंदिर में एक चित्रगुप्त मंदिर सूर्य देवता से संबंधित है। धर्म साहित्य का अध्ययन करने से जानकारी मिलती है कि देवी की साधना के बाद चित्रगुप्त देवकी, विद्वता और सर्वगुण सम्पन्न स्वरूप की ख्याति चारों दिशाओं में फैली हुई है। प्राय चित्रगुप्त की तस्वीर में एक कोने पर माता का स्थान उनकी देवी साधना का प्रमाण है। समुंद्र मंथन में लक्ष्मी जी के साथ ही चित्रगुप्त जी के उत्पन्न होने से इन्हे वैष्णव जगत में विशिष्ठ सम्मान प्राप्त है और जिन्होने भी कलम पकड़ी है, वह किसी ना किसी रूप में चित्रगुप्त भगवान से जुड़े है। कार्यक्रम में युवा अग्रवाल नेता हरीश गुप्ता, देविन्द्र तायल, देविन्द्र गर्ग, चौधरी बहाल सिंह खटाना, नंबरदार बीर सिंह खटाना, टेकचंद बंसल, नूनेहरा गांव से आए संजय आर्य, सैंकी सिंगला, लाला ताराचंद गर्ग, राजन तायल, युवा समाजसेवी व पंजाबी नेता जितिन चावला आदि प्रमुख लोगों समेत व्यापारी समाज व आमंत्रितों ने बढ़-चढक़र हिस्सा लिया।

गर्मचश्मा श्री शिवकुंड का हजारों लीटर पानी हो रहा बर्बाद-नही दे रहा कोई ध्यान

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता



सोहना। शिवनगरी सोहना के ऐतिहासिक व प्राचीन धार्मिक स्थल श्री शिवकुंड गर्मचश्मा गंधक युक्त पानी के कारण देश ही नही विदेशों में भी ख्याति प्राप्त है। एक तरफ केन्द्र व प्रदेश सरकार जल संचयन व जल संरक्षण पर विशेष फोकस कर जागरूकता अभियान चला रही है तो दूसरी तरफ यहां पर धार्मिक स्थल श्री शिवकुंड गर्मचश्मा के कुंडों में स्नान के बाद जल सरोवर का हजारों लीटर पानी रोजाना गंदे गटरों, नालों में बह रहा है। जागरूक लोग यह नही समझ पा रहे है कि शासन-प्रशासन का ध्यान यहां पर धार्मिक स्थल श्री शिवकुंड गर्मचश्मा के कुंडों में स्नान के बाद जल सरोवर का हजारों लीटर पानी रोजाना गंदे गटरों, नालों में बहने के बावजूद इस तरफ क्यो नही जा रहा है? गर्मचश्मा जल सरोवर के गटरों और सीवर, नालों में बहकर रोजाना बर्बाद हो रहे हजारों लीटर पानी के सदुपयोग के लिए कोई योजना क्यो नही बनाई जा रही है? लोगों का कहना है कि अगर सरकार इस पानी को इकटठा कर शोधित कर खेती, बागवानी आदि के उपयोग में आसानी से ला सकती है। जिससे प्यासे खेतों की प्यास बुझाने में मदद मिलेगी और गर्मचश्मा जल सरोवर के गटरों और सीवर, नालों में बहकर रोजाना बर्बाद हो रहे हजारों लीटर पानी का सही से सदुपयोग हो सकेगा। गौर करने वाली बात यह है कि इस गर्म जल सरोवर के कुंडों में करीब एक हजार स्नानार्थी रोजाना स्नान कर रहे है जबकि सर्दियों में यह संख्या बढक़र कई गुणा ज्यादा हो जाती है। ऐसे में जरूरी है कि गर्मचश्मा जल सरोवर के बह रहे इस व्यर्थ पानी का सदुपयोग करने के लिए विशेष योजना बनाई जाए। कांग्रेस पार्टी के पूर्व विधानसभा प्रत्याशी वीरेन्द्र यादव बिल्लू, गांव बालूदा में रहने वाले युवा कांग्रेस नेता व पूर्व नगरपार्षद राजीव यादव, व्यापारमंडल संघ के प्रधान मनोज राघव बजरंगी, पंजाबी महासंघ के अध्यक्ष व नगरपार्षद हरीश नंदा राजू, सैनी सभा के उपाध्यक्ष व पूर्व नगरपार्षद ओमप्रकाश सैनी, शिक्षाविद व पूर्व नगरपार्षद डाक्टर पलक वर्मा, इनेलो के जिलाप्रधान व जिलापरिषद के पूर्व सदस्य रोहताश खटाना लोहटकी, सैनी युवा संगठन के प्रधान ओपी सैनी, नंबरदार दलीप कुमार मोहम्मदपुर, नंबरदार जितेन्द्र सैनी सोहनाढाणी का कहना है कि जल है तो कल है। भविष्य में जब भी कोई विश्व युद्ध होगा तो वह जल के लिए ही होना तय है। सोहना गांव के नंबरदार तेजपाल सैनी का कहना है कि आज के समय में जल को बचाना जरूरी है। जल की एक-एक बूंद कीमती है। भाजपा नेता व सीएम विंडो एमिनेंट पर्सन चौधरी मामराज डागर अलीपुरिया और गांव घामडोज में रहने वाली सीएम विंडो एमिनेंट पर्सन निर्मला चोपड़ा, सोहनाढाणी गांव में रहने वाले भाजपा नेता व सीएम विंडो एमिनेंटपर्सन मुकेश सैनी का कहना है कि केन्द्र व प्रदेश सरकार जल संचयन व जल संरक्षण पर विशेष फोकस कर जागरूकता अभियान चला रही है। सरकार को गर्मचश्मा जलसरोवर के कुंडों में स्नान के बाद व्यर्थ बह रहे पानी को सदुपयोग में लाने के लिए ठोस योजना तैयार करनी चाहिए। सोहना बार एसोसिएशन के पूर्व प्रधान देवदत्त शर्मा एडवोकेट और वार्ड-पांच से नगरपार्षद वेदकला शर्मा का कहना है कि गर्मचश्मा सोहना की प्राचीन व ऐतिहासिक धरोहर है। यहां पर स्नानार्थियों के बाद यहां से निकलने वाले पानी को उपयोग में लाने के लिए ध्यान देने की जरूरत है। गांव सिरसका में रहने वाले युवा समाजसेवी कर्मपाल बोकन तथा स्थानीय बार एसोसिएशन के पूर्व उपाध्यक्ष नितिन अग्रवाल एडवोकेट का कहना है कि गर्मचश्मा जल सरोवर का जल बहुत ही उपयोगी है। इस जल में स्नान करने से चर्म रोग ठीक हो जाते है। स्नान के बाद व्यर्थ बहने वाले पानी को भी शोधित कर उपयोग में लाना चाहिए। शहर की तुलाराम कॉलोनी में रहने वाले जमीदार दीवान चंद सैनी, रोहित सैनी, राहुल सैनी का कहना है कि शासन-प्रशासन को गर्मचश्मा जल सरोवर के स्नान के बाद व्यर्थ बहने वाले पानी को शोधित करने की पहल करनी चाहिए। श्री सनातन धर्मसभा राममंदिर से जुड़े समाजसेवी डाक्टर सतीश जुनेजा, युवा समाजसेवी विपिन मल्होत्रा, श्री सनातन धर्मसभा के उपाध्यक्ष विनीत रतड़ा का कहना है कि जल संरक्षण व संचयन के लिए सभी को जागरूक बनना होगा। सब्जीमंडी खुदरा व्यापारी एसोसिएशन के उपाध्यक्ष समीर राजपाल का कहना है कि आज के युग में जल का बहुत ही महत्व है। जल की एक-एक बूंद कीमती है। युवा अग्रवाल नेता सैंकी सिंगला का कहना है कि हमें सरकार पर ही आश्रित नही रहना चाहिए। खुद भी जल बचत, संरक्षण व संचयन के लिए जागरूक बनकर आगे आना चाहिए। पूर्व नगरपार्षद महेन्द्रप्रताप अरोड़ा बिल्लू का कहना है कि गर्मचश्मा जल सरोवर का जल बहुत ही उपयोगी है।

मौलाना अबुल कलाम आजाद से प्रेरणा ले : शिक्षाविद सचिन लोहिया

सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): सोहना खंड के गांव खरोदा स्थित एशियन पब्लिक सीनियर सैकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों ने बुधवार को राष्ट्रीय शिक्षा दिवस के उपलक्ष्य में शहर के बाजार और प्रमुख कॉलोनियों में जागरूकता रैली निकाली। रैली को विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष सचिन लोहिया ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली को हरी झंडी दिखाने से पूर्व उपस्थितों के बीच शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष सचिन लोहिया ने कहा कि मौलाना अबुल कलाम आजाद महान स्वतंत्रता सेनानी, लब्ध प्रतिष्ठित शिक्षा शास्त्री और देश के प्रथम शिक्षा मंत्री रहे है। उनकी जयंती को राष्ट्रीय शिक्षा दिवस के रूप में मनाते हुए आम जनमानस को शिक्षा के प्रति जागरूक बनाने के लिए इस जागरूकता रैली का आयोजन किया है। उन्होने कहा कि शिक्षा सशक्तिकरण का साधन है। शिक्षा के प्रसार के साथ-साथ हमें शिक्षा की गुणवत्ता भी बढ़ानी है। उनका ध्यान केवल स्कूल ही नही बल्कि लर्निंग पर केन्द्रित है। उन्होने लोगों से आग्रह किया कि वह साफ-सफाई, स्वच्छता, पर्यावरण, पौधारोपण व जल बचत व संरक्षण व शिक्षा के प्रचार-प्रसार को बढ़ावा देने में आगे आए ताकि प्रत्येक व्यक्ति शिक्षित व्यक्ति बने। समाज और देश खुशहाल बने। उन्होने कहा कि शिक्षित व्यक्ति देश और समाज की उन्नति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। आज का युग आधुनिक युग है। हम सभी को अच्छी गुणवत्ता वाली उच्च शिक्षा ग्रहण करनी चाहिए।

मौलाना अबुल कलाम आजाद से प्रेरणा ले : शिक्षाविद भागीरथ राघव

सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): सोहना ब्लॉक के आदर्श गांव भौंड़सी स्थित आरबीएसएम पब्लिक सीनियर सैकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों ने बुधवार को राष्ट्रीय शिक्षा दिवस के उपलक्ष्य में गांव भौंड़सी के आसपास लगती कई कॉलोनियों में जागरूकता रैली निकाली। रैली को विद्यालय प्रबंधन समिति निर्देशक भागीरथ राघव ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर प्रमुख लोगों में विद्यालय निर्देशिका विमला राघव समेत कई पूर्व व मौजूदा नगरपार्षद और आमंत्रित लोग मौजूद रहे। रैली को हरी झंडी दिखाने से पूर्व उपस्थितों के बीच शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए भागीरथ राघव एडवोकेट ने कहा कि मौलाना अबुल कलाम आजाद महान स्वतंत्रता सेनानी, लब्ध प्रतिष्ठित शिक्षा शास्त्री और देश के प्रथम शिक्षा मंत्री रहे है। उनकी जयंती को आरबीएसएम पब्लिक सीनियर सैकेंडरी स्कूल ने राष्ट्रीय शिक्षा दिवस के रूप में मनाते हुए आम जनमानस को शिक्षा के प्रति जागरूक बनाने के लिए इस जागरूकता रैली का आयोजन किया है। उन्होने कहा कि शिक्षा सशक्तिकरण का साधन है। शिक्षा के प्रसार के साथ-साथ हमें शिक्षा की गुणवत्ता भी बढ़ानी है। उनका ध्यान केवल स्कूल ही नही बल्कि लर्निंग पर केन्द्रित है। उन्होने लोगों से आग्रह किया कि वह साफ-सफाई, स्वच्छता, पर्यावरण, पौधारोपण व जल बचत व संरक्षण व शिक्षा के प्रचार-प्रसार को बढ़ावा देने में आगे आए ताकि प्रत्येक व्यक्ति शिक्षित व्यक्ति बने। समाज और देश खुशहाल बने। उन्होने कहा कि शिक्षित व्यक्ति देश और समाज की उन्नति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

छठ पर्व को स्वच्छता का राष्ट्रीय पर्व घोषित किया जाए : पूर्व नगरपार्षद राजीव यादव

सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): सोहना ब्लॉक के आदर्श गांव बालूदा में रहने वाले युवा कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व पूर्व नगरपार्षद राजीव यादव ने छठ पर्व को स्वच्छता का राष्ट्रीय पर्व घोषित किए जाने की मांग की है। उन्होने कहा कि जिस तरह दीपावली पर लोग अपने घरों-दुकानों की विशेष रूप से सफाई करते है, उसी तर्ज पर श्रद्धालु छठ के त्यौहार के उपलक्ष्य में नदी, तालाब, पोखर व जलाशयों की सफाई करते है। उन्होने छठ पर्व के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि सफाई की यह परम्परा मगध, मिथिला और उसके आसपास के क्षेत्रों में प्राचीनकाल से चली आ रही है। दीपावली के अगले दिन से ही लोग इस कार्य में जुट जाते है क्योकि बरसात के बाद जलाशयों और उसके आसपास कीड़े-मकौड़े अपना डेरा जमा लेते है। जिसके कारण बीमारियां फैलती है। इसलिए विशेष रूप से सफाई अभियान चलाया जाता है। युवा कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व पूर्व नगरपार्षद राजीव यादव ने कहा कि छठ का त्यौहार जलाशयों की सफाई का पर्व है। आज स्वच्छ भारत अभियान और नमामि गंगे योजना प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मनपसंद परियोजनाओं में शुमार है।

मंदिरों में जींस की बजाय मर्यादित वस्त्र पहनकर आए श्रद्धालु : विनीत रतड़ा

सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): स्थानीय श्री सनातन धर्मसभा राममंदिर प्रबंधन समिति में उपाध्यक्ष विनीत रतड़ा ने श्रद्धालुओं से आग्रह किया है कि कोई भी महिला अथवा पुरूष श्रद्धालु जब भी मंदिर आदि धार्मिक स्थल में आए तो उनसे आग्रह है कि वह मर्यादित वस्त्र पहनकर ही मंदिरों व पूजा स्थलों में आए। छोटे वस्त्र, हाफ पैंट, बर्मूडा, मिनी स्कर्ट, नाइट शूट, कटी-फटी जींस आदि पहनकर पूजा स्थल व मंदिर में आने की बजाय बाहर से ही दर्शन करे क्योकि धार्मिक स्थल हमारी सदियों से चली आ रही प्राचीन पूजा पद्धति और भारतीय संस्कृति के परिचायक है।

शिवनगरी में 18 को धूमधाम से मनेगा आंवला नवमी का त्यौहार : वेदप्रकाश शास्त्री

सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): यहां पर सुशीलनगर कॉलोनी स्थित प्राचीन शिवमंदिर के पुजारी पंडित वेदप्रकाश शास्त्री ने बताया कि शिवनगरी सोहना में 18 नवम्बर को भगवान विष्णु व माता लक्ष्मी को समर्पित आंवलानवमी का त्योहार पूरे हर्षोल्लास के बीच विधि-विधानपूर्वक मनेगा। मंदिर में पूजा अर्चना के लिए आए श्रद्धालुओं के बीच बोलते हुए प्राचीन शिवमंदिर के पुजारी पंडित वेदप्रकाश शास्त्री ने बताया कि आंवलानवमी पर आंवले के पेड़ की पूजा कर सम्पूर्ण परिवार के लिए सुख-समृद्धि के साथ-साथ निरोगी रहने की कामना की जाती है। इस दिन किया गया तप, जप और दान व्यक्ति को सभी पापों से मुक्त करता है और मनोकामनाओं की पूर्ति करने वाला होता है। उन्होने बताया कि ऐसी मान्यता है कि इस दिन आंवले के पेड़ के नीचे पूजा करने से भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी की कृपा प्राप्त होती है। उन्होने कहा कि श्रद्धालु को पूजा शुरू करने से पहले आंवले के पेड़ के नीचे गंगाजल छिडक़र पेड़ के चोरों और देशी घी के दीपक जलाते हुए पूजन करना चाहिए। उन्होने बताया कि आंवले के पेड़ की पूजन उपरांत परिक्रमा करने व पेड़ पर जल चढ़ाने से लक्ष्मी जी प्रसन्न होती है। खुशी की बात यह है कि इस अक्षय नवमी पर कई शुभ योग बन रहे है।

गौपाष्टमी पर्व 17 को मनाया जाएगा : परम गौभक्त बलराज भड़ाना

सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): सोहना के नयागांव में रहने वाले परम गौभक्त चौधरी बलराज भड़ाना ने बताया कि सोहना क्षेत्र की श्री सत्य सनातन गौशाला समेत विभिन्न गौशालाओं में इस बार गौपाष्टमी पर्व 17 नवम्बर को पूरे हर्षोल्लास व धूमधाम से मनाया जाएगा। इस मौके पर गौशाला में प्रात: 9 बजे विश्वकल्याण की मंगलकामना को लेकर हवन-यज्ञ, गौधन की पूजा उपरांत गुड़, चना, हरा चारा गौधन को खिलाया जाएगा। नंगली गौशाला संचालन समिति से जुड़े देवदत्त शर्मा एडवोकेट, पंडित रमेश शास्त्री, विनोद अधाना, कृष्ण सैनी, सैनी युवा संगठन के प्रधान ओपी सैनी, पंडित भगवतदयाल शर्मा, एडवोकेट चंचल शर्मा, जल सिंह खूटी, नंबरदार भबीचंद, बाबू धर्म सिंह, रामकला यादव, उमेश अग्रवाल, मुकेश शर्मा एडवोकेट ने संयुक्त रूप से बताया कि 17 नवम्बर को गौपाष्टमी के उपलक्ष्य में गौशाला प्रांगण में प्रात: 9 बजे हवन के उपरांत गौमाता की पूजा अर्चना कर हरा चारा व गुड़ खिलाया जाएगा।

अपनी प्राचीन भारतीय संस्कृति को दे बढ़ावा : समाजसेवी मोहित खट्टर

सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): स्थानीय श्री सनातन धर्मसभा राममंदिर प्रबंधन समिति से जुड़े प्रमुख कारोबारी और बाली स्वीटस ग्रुप के ग्रुप निदेशक मोहित खटटर व कमल खटटर ने मंदिर में आए श्रद्धालुओं से आग्रह किया है कि कोई भी महिला अथवा पुरूष श्रद्धालु जब भी मंदिर आदि धार्मिक स्थल में आए तो उनसे आग्रह है कि वह मर्यादित वस्त्र पहनकर ही मंदिरों व पूजा स्थलों में आए। छोटे वस्त्र, हाफ पैंट, बर्मूडा, मिनी स्कर्ट, नाइट शूट, कटी-फटी जींस आदि पहनकर पूजा स्थल व मंदिर में आने की बजाय बाहर से ही दर्शन करे क्योकि धार्मिक स्थल हमारी सदियों से चली आ रही प्राचीन पूजा पद्धति और भारतीय संस्कृति के परिचायक है।

सोहना में छठ पूजा के लिए कॉलोनियों और शहर समेत 6 स्थानों पर बनाए गए है घाट

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता

सोहना। सोहना शहर के खेलस्टेडियम में छठ पूजा उत्सव आयोजन के लिए प्रति वर्ष की तरह इस वर्ष भी छठ पूजा उत्सव कमेटी ने छठ पर्व मनाने के लिए तैयारियां जोरशोर से शुरू कर दी है। आयोजन से जुड़े बृजकिशोर सिंह, मुन्ना सिंह, देवदत्त शर्मा एडवोकेट, उमेश गुप्ता, विनोद शुक्ला, बीरमनी सिंह, मुन्ना सिंह, दीनानाथ दूबे, तारकेश्वर पांडे, टीपी सिन्हा, बीएनके सिन्हा, एके यादव, एके उपाध्याय, एके पांडे, मुन्ना, रमाशंकर उपाध्याय, देवदत्त शर्मा एडवोकेट, बृजकिशोर सिंह, अखिलेश्वर पांडे, रामायसा वर्मा, संजय मिश्रा, ओमप्रकाश चौरसिया, रिंकू सिन्हा, प्रवीण दूबे, निखिल सिन्हा, मनीष सिंह, अभिषेक सिंह, अखिलेश उपाध्याय, सोनू पांडे, बैजनाथ उपाध्याय, राहुल मिश्रा, विजयप्रकाश मिश्रा, रवि मिश्रा, सुगंधि देवी, मीना कुमार, इंद्रा देवी, ममता देवी, रीतू शुक्ला ने बताया कि सोहना में छठ पूजा उत्सव नहाय-खाय के साथ 13 नवम्बर से शुरू होगा। पहले दिन नहाय-खाय, अगले दिन खरना, 15 नवम्बर को पहला अघ्र्य अर्पण और 16 नवम्बर को उदीयमान सूर्य को अघ्र्य देकर श्रद्धालु व्रत का समापन करेंगे। भाजपा किसान मोर्चा में भौंड़सी मंडल अध्यक्ष सरपंच सुरज्ञान सिंह ने बताया कि इस बार क्षेत्र में कृष्णाकुंज कॉलोनी में बनाए गए घाट के साथ-साथ नयागांव स्थित बाबा मोहनराम मंदिर प्रांगण, मारूतिकुंज कॉलोनी, श्यामकुंज कॉलोनी, वाटिकाकुंज कॉलोनी और रेयान इंकलेव में भी छठ पूजा के लिए 6 घाट बनाए गए है। मारूतिकुंज में रहने वाले ताराचंद तिवारी का कहना है कि मारूतिकुंज कॉलोनी में छठ पूजा के लिए तैयारियां जोरो से चल रही है। वाटिकाकुंज में डीके मिश्रा और उमेश शर्मा का कहना है कि मारूतिकुंज में जगह की कमी के चलते वाटिका कुंज में नया घाट बनाया गया है जबकि रेयान इंकलेव में रहने वाले निखिल कुमार का कहना है कि छठ पूजा आयोजन को लेकर तैयारियां जोरो पर चल रही है। छठ पूजा 13 नवम्बर से शुरू हो रही है लेकिन श्रद्धालुओं में अभी से जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। ध्यान योग्य यह है कि इस बार



सोहना क्षेत्र में छठ पूजा उत्सव को लेकर खासी धूम मची है। बिहार व उत्तरप्रदेश आदि सूबों से आकर यहां अपने परिवारों का भरण-पोषण करने वाले लोगों व परिवारों के बीच छठ पूजा उत्सव आयोजन को लेकर यहां पर जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। यहां उत्सव आयोजन से जुड़े विनोद शुक्ला, टीपी सिन्हा, बीरमनी सिंह, वरदान अस्पताल में एचआर हैड व छठ माता के परम भक्त प्रमोद कुमार पांडे, देवदत शर्मा एडवोकेट, मुन्ना पांडे आदि लोगों ने इस पर्व के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह पर्व भगवान सूर्य देव की आराधना और सूर्य देव को अघ्र्य देने का स्वर्णिम अवसर प्रदत करता है। उन्होंने बताया कि हिंदू चन्द्र मास में कार्तिक महीने में छठवें दिन छठ का त्यौहार श्रद्धालु भक्तों द्वारा पूरी श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जाता है। गौरतलब यह है कि एक तरफ जहां इस क्षेत्र में बिहार, उत्तरप्रदेश के लोगों द्वारा छठ पूजा को लेकर पूजा-अर्चना उत्सव के लिए खासा उत्साह बना हुआ है। वही क्षेत्र में जगह-जगह छठ पूजा की तैयारियां श्रद्धालु भक्तों द्वारा की गई है। इसके अलावा शहर के खेलस्टेडियम में सामूहिक ढंग से छट पूजा उत्सव आयोजित किया गया है। जिसके लिए प्रशासनिक अनुमति प्राप्त करने हेतु आवेदन कर दिया गया है। उन्हे उम्मीद है कि प्रशासनिक अनुमति जल्द मिलेगी। विनोद शुक्ला, बीरमनी सिंह, मुन्ना सिंह, दीनानाथ दूबे, तारकेश्वर पांडे, टीपी सिन्हा, बीएनके सिन्हा, एके यादव, एके उपाध्याय, एके पांडे, मुन्ना, रमाशंकर उपाध्याय, देवदत्त शर्मा एडवोकेट, बृजकिशोर सिंह, अखिलेश्वर पांडे, रामायसा वर्मा आदि ने बताया कि छठ पूजा की शुरूआत के पहले दिन नहाए-खाए उत्सव आयोजन होता है। श्रद्धालु सुबह-सवेरे स्नान उपरांत पूरा दिन निर्जल व्रत रखने, शाम के वक्त घरों में पकवान बनाते है। कोई मीठे चावलों से तो कोई फलों से अपना व्रत खोलेगा। अगले दिन शाम के समय गुड़, चावल से तैयार की गई खीर, जिसे रसिया कहा जाता है और देशी घी से चुपड़ी रोटी बनाकर प्रसाद रूप में ग्रहण करते हुए व्रत खोला जाएगा। तीसरे दिन श्रद्धालु निर्जला व्रत रखेंगे और अस्ताचलगामी सूर्य को अघ्र्य देंगे जबकि चौथे दिन सुबह उदित होते सूर्य भगवान को अघ्र्य देकर छठ पूजन का श्रद्धापूर्वक समापन होगा। महत्वपूर्ण यह है कि छठ पूजा उत्सव को लेकर यहां बाजारों में भीड़ उमड़ी हुई है।

मुख्य रूप से बिहार, झारखंड, पूर्वी उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ से आकर यहां अपनी आजीविका चलाने वाले लोग छठ पूजा उत्सव को लेकर पूजा और खानपान सामग्री खरीदने बाजार में आ रहे है और गन्ना टोकरी, छाज, नारियल, पूजा सामग्री, फलों और व्रत के सामान, गुड़, चावल, देशी घी आदि की जमकर बिक्री हो रही है। सोहना शहरी क्षेत्र में रहने वाले लोगों को कहना है कि वह सोहना खेलस्टेडियम में बनाए गए घाट पर पूजा अर्चना करेंगे और छठ पूजा उत्सव में सपरिवार बढ़-चढक़र हिस्सा लेंगे। बृजकिशोर सिंह व मुन्ना भाई ने बताया कि पूजन सामग्री में चावल से बना प्रसाद, चावल का लडडू, आटा, गुड़ का ढेकुआ, अदरक, नींबू, सूप, देउड़ा, पान का पत्ता, सुपारी, मूली, सरीफा, मौसमी फल, गन्ना और फूलों से छठ पूजा की जाती है।

धूल नियंत्रण नियमों की अनदेखी पर एचएसपीसीबी की कार्रवाई-पांच निर्माण स्थल सील



ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता

सोहना। वायु प्रदूषण की रोकथाम और निर्माण स्थलों पर धूल नियंत्रण के निर्धारित उपायों का पालन सुनिश्चित करने के लिए हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (एचएसपीसीबी) की ओर से सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में एचएसपीसीबी के क्षेत्रीय कार्यालय गुरुग्राम (उत्तर) की टीम ने नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर पांच निर्माण स्थलों को सील कर दिया। इनमें से तीन निर्माण स्थल उद्योग विहार क्षेत्र में स्थित हैं एचएसपीसीबी के एईई कामेश ने बताया कि निरीक्षण के दौरान



इन निर्माण स्थलों पर वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का उल्लंघन पाया गया। इसके अलावा, संबंधित निर्माण स्थलों की ओर से एचएसपीसीबी के डस्ट पोर्टल से जुड़ी आवश्यक अनुपालन प्रक्रिया भी पूरी नहीं की गई थी। इन उल्लंघनों को गंभीरता से लेते हुए पांचों स्थलों को सील करने की कार्रवाई की गई। उन्होंने कहा कि निर्माण गतिविधियों के दौरान धूल नियंत्रण के निर्धारित उपायों को अपनाना अनिवार्य है। नियमों का पालन नहीं करने वाले निर्माण स्थलों के खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। क्षेत्र में निरीक्षण अभियान भी लगातार चलाया जाएगा, ताकि सीएक्यूएम के दिशा-निर्देशों का प्रभावी अनुपालन सुनिश्चित किया जा सके।

तरक्की के लिए शिक्षा अत्यंत आवश्यक : शिक्षाविद नरेन्द्र बोकन

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता

सोहना। यहां सोहना-पलवल सडक़ मार्ग पर खंड के गांव हाजीपुर-सिलानी के बीच स्थित वल्र्ड इंस्टीटयूट ऑफ टैक्नोलोजी इंजीनियरिंग कॉलेज प्रांगण में बुधवार को देश के पहले शिक्षामंत्री मौलाना अबुलकलामआजाद जन्मदिवस और राष्ट्रीय शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। विट कॉलेज प्रबंधन समिति महासचिव अभिमन्यु बोकन ने बताया कि देश के पहले शिक्षामंत्री मौलाना अबुलकलामआजाद का जन्मदिन कॉलेज में राष्ट्रीय शिक्षा दिवस के रूप में मनाया गया। इस मौके पर उपस्थितों के बीच मुख्यातिथि पद से बोलते हुए विट कॉलेज प्रबंधन समिति अध्यक्ष नरेन्द्र बोकन ने कहा कि समाज और देश की तरक्की व विकास के लिए प्रत्येक व्यक्ति का शिक्षित होना आवश्यक है। उन्होने बताया कि देश के पहले शिक्षा मंत्री मौलाना अबुल कलाम आजाद हमारे गुरूग्राम और मेवात क्षेत्र से सांसद रहकर इस क्षेत्र को गौरान्वित कर चुके है। भारत रत्न सम्मान से नवाजे गए मौलाना अबुल कलाम आजाद जयंती को राष्ट्रीय शिक्षा दिवस के रूप में मनाना अपने आप में सराहनीय काम है। शिक्षक हो चाहे विद्यार्थी प्रत्येक को उनके जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। समाज जितना शिक्षित बनेगा, देश उतना ही ज्यादा तरक्की करेगा। विट कॉलेज प्रबंधन समिति अध्यक्ष नरेन्द्र बोकन ने कहा कि शिक्षा सशक्तिकरण का साधन है। शिक्षा के प्रसार के साथ-साथ हमें शिक्षा की गुणवत्ता भी बढ़ानी है। उनका ध्यान केवल स्कूल ही नही बल्कि लर्निंग पर केन्द्रित है। उन्होने लोगों से आग्रह किया कि वह साफ-सफाई, स्वच्छता, पर्यावरण, पौधारोपण व जल बचत व संरक्षण व शिक्षा के प्रचार-प्रसार को बढ़ावा देने में आगे आए ताकि प्रत्येक व्यक्ति शिक्षित व्यक्ति बने। समाज और देश खुशहाल बने। उन्होने कहा कि शिक्षित व्यक्ति देश और समाज की उन्नति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

सोहना में बंदरों के उत्पात से जनता परेशान : किसान नेता विजय सिंह डागर

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता

सोहना। सोहना क्षेत्र के प्रमुख किसान नेता चौधरी विजय सिंह डागर रायपुरिया का कहना है कि सोहना शहरी क्षेत्र में बन्दरों के बढ़ते उत्पात के चलते लोगों की जान मुश्किल में आ गई है।

शहर के जागरूक लोगों, स्वयंसेवी संस्थाओं के बार-बार गुहार लगाने के बाद भी स्थानीय नगरपरिषद प्रशासन के इस मामले पर कोई ठोस व प्रभावी कदम नहीं उठाये जाने से आम जनमानस विशेषकर छोटे-छोटे बच्चों, महिलाओं को खासी परेशानियों से जूझना पड़ रहा है। वही नगरपरिषद अधिकारियों तथा जनप्रतिनिधियों की बरती जा रही अनदेखी और बेरूखी जनता के 'जले पर नमक छिडक़ने' वाली कहावत को चरितार्थ करती प्रतीत हो रही है। सोहना क्षेत्र के प्रमुख किसान नेता चौधरी विजय सिंह डागर



रायपुरिया ने शहर में वानर सेना रूपी बन्दरों के बढ़ रहे उत्पात का विस्तारपूर्वक खुलासा करते हुए बताया कि बंदर सुबह-सवेरे मुंह अंधेरे ही आ धमकने और उनकी छतों के इर्द-गिर्द मोर्चा संभाले यह उत्पाती बंदर घरों के ऊपर लगे एंटीना, गमलों, फैं सी लाइटों आदि सामानों को तोडऩे के अलावा घर के भीतर रखी खान-पान की वस्तुओं को झपट कर ले जाने, कपड़ों को फाडऩे तथा छतों पर सुखाये जाने वाले अनाज को खाने के साथ-साथ बिखेरने के अलावा घरों में रहने वाले लोगों के बीच अपना खौफ बना उन्हें छतों पर टहलने का आनंद लेने से वंचित कर घरों के भीतर दुबकने को मजबूर बनाये हुए है। उत्पाती बन्दरों की यह टोलियां गली-मोहल्लों में आते-जाते छोटे-छोटे बच्चों को भी डराते है और काटने में भी देर नहीं लगाते। यहां बंदरों ने दर्जनों बच्चों को काट अपना शिकार बना लेने और कई लोगों के दौड़ इनसे बचने के चक्कर में चोटिल होने पर हाथ-पैरो पर पलस्तर चढ़वाने के अलावा कई महिलाओं को छतों से नीचे कू दा यमदूत के यहां पहुंचा चुके है। हालात इतने बिगड़ गये है कि इन बंदरों के खौफ से डरे बच्चों ने अकेले घरों से बाहर निकलना और खुले मैदानों में खेलना प्राय: बंद सा ही कर दिया है। जनहित के दृष्टिगत सोहना क्षेत्र के प्रमुख किसान नेता चौधरी विजय सिंह डागर रायपुरिया ने सोहना नगरपरिषद से इस तरफ तत्काल ध्यान दे जनता को उत्पाती बन्दरों से निजात दिलाने की मांग की है।

2 नाबालिग बच्चियों की तालाब में डूबने से हुई मौत के सम्बंध पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए घटनास्थल का निरीक्षण किया तथा साक्ष्य जुटाकर की किया अभियोग अंकित

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता

सोहना। गुरुग्राम के सेक्टर-71, फाजिलपुर क्षेत्र में एक निर्माणाधीन/कच्चे तालाब में नहाने के दौरान दो नाबालिग बच्चियों की डूबने से हुई दुखद मौत के मामले में गुरुग्राम पुलिस द्वारा तत्परता से कार्यवाही करते हुए घटनास्थल का निरीक्षण किया गया तथा आवश्यक साक्ष्य एकत्रित करके नियमानुसार अभियोग अंकित किया गया है।दस नवंबर को दोपहर समय करीब 12:30 बजे से 1:00 बजे के बीच सेक्टर-71, फाजिलपुर, गुरुग्राम स्थित एक कच्चे तालाब में नहाने के लिए गई दो नाबालिग बच्चियां, जिनकी आयु लगभग 12 वर्ष बताई गई है, पानी में डूब गईं। बच्चियों के पिता द्वारा पुलिस टीम को इस सम्बंध में दी गई शिकायत में बतलाया कि तालाब के चारों ओर कोई पक्की चारदीवारी नहीं है, केवल लोहे की टीन लगाई गई है और बीच में खाली जगह छोड़ी गई है। इसी संबंध में शिकायतकर्ता ने लापरवाही बरतने वाले जिम्मेदार व्यक्तियों के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही की मांग की। घटना की सूचना ERV-272 के माध्यम से प्राप्त होने पर पुलिस टीम तत्काल घटनास्थल पर पहुंची। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने घटनाक्रम की जानकारी प्राप्त की। वहां मौजूद सुरक्षा गार्ड द्वारा पुलिस को बताया गया कि दोनों बच्चियों को पानी से निकालकर सेक्टर-10 स्थित अस्पताल ले जाया गया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस द्वारा सीन ऑफ क्राइम टीम को घटनास्थल पर बुलाया गया। टीम ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया तथा घटनास्थल से संबंधित आवश्यक साक्ष्य, जिनमें मृतक बच्चियों के कपड़े एवं तालाब के पानी का नमूना शामिल है। इसके उपरांत पुलिस टीम अस्पताल पहुंची, जहां डॉक्टर द्वारा दोनों बच्चियों को मृत घोषित किया गया। पुलिस द्वारा आवश्यक कानूनी प्रक्रिया अमल में लाई गई। मृतक बच्चियों के पिता की लिखित शिकायत के आधार पर थाना बादशाहपुर, गुरुग्राम में दिनांक 10 नवंबर 2026 को धारा 106 एवं 3(5) भारतीय न्याय संहिता (BNS) के तहत अभियोग अंकित किया गया है। पुलिस टीम द्वारा घटनास्थल से संबंधित तथ्यों, उपलब्ध साक्ष्यों एवं कथित लापरवाही के सभी पहलुओं की जांच की जा रही है। जांच के दौरान जो भी व्यक्ति कानूनन जिम्मेदार पाया जाएगा, उसके विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी। पुलिस आमजन से आग्रह करती है कि खुले तालाबों, गहरे गड्ढों, निर्माणाधीन स्थलों एवं अन्य जलभराव वाले खतरनाक स्थानों पर विशेष सावधानी बरतें। ऐसे स्थानों को सुरक्षित करने के लिए आवश्यक सुरक्षा प्रबंध सुनिश्चित किए जाने चाहिए तथा बच्चों को ऐसे खतरनाक स्थानों के आसपास अकेले जाने से रोकें। गुरुग्राम पुलिस आमजन की सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्ध है तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही से संबंधित शिकायत पर नियमानुसार प्रभावी कानूनी कार्यवाही सुनिश्चित करती है।

आईटीआई में प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना पर जागरूकता कार्यशाला आयोजित

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता

सोहना। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई), गुरुग्राम में प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना (पीएमआईएस) को लेकर एक दिवसीय जागरूकता कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में विभिन्न विभागों, विश्वविद्यालयों, रोजगार कार्यालयों, आईटीआई तथा औद्योगिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। कार्यशाला के दौरान संस्थान के प्रधानाचार्य रविन्द्र कुमार ने प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के उद्देश्यों, पात्रता, पंजीकरण प्रक्रिया और योजना के तहत उपलब्ध अवसरों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि योजना के अंतर्गत पात्र युवाओं को प्रतिष्ठित कंपनियों में



6 से 9 माह तक सशुल्क इंटर्नशिप करने का अवसर मिलता है। इसके लिए आयु सीमा 18 से 25 वर्ष तथा वार्षिक पारिवारिक आय की अधिकतम सीमा 12 लाख रुपये निर्धारित की गई है। प्रतिभागियों को ऑनलाइन पंजीकरण की प्रक्रिया, आवश्यक दस्तावेजों तथा योजना का लाभ प्राप्त करने के संबंध में भी जानकारी दी गई।

इस दौरान कौशल विकास और रोजगार के अवसरों पर भी चर्चा की गई। प्रधानाचार्य रविन्द्र कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना युवाओं को उद्योगों से जोड़ने और उन्हें रोजगार के लिए तैयार करने की महत्वपूर्ण पहल है। इसके माध्यम से युवाओं को प्रतिष्ठित कंपनियों में काम करने का व्यावहारिक अनुभव मिलता है, जिससे उनके कौशल विकास और रोजगार की संभावनाओं को बढ़ावा मिलता है।कार्यशाला के साथ-साथ संस्थान परिसर में रोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेले का भी आयोजन किया गया। इसमें एचबीएसएस ई-मोबिलिटी और बी ऑटोमेशन प्राइवेट लिमिटेड ने भाग लेकर आईटीआई के पासआउट छात्र-छात्राओं को रोजगार एवं अप्रेंटिसशिप के अवसर प्रदान किए।

सोहना में गुरू नानक देव सिंह का जन्मोत्सव 24 को मनेगा : सरदार गुरूबचन सिंह

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता

सोहना। सोहना में सिखों के गुरू नानक देव जी का जन्मदिवस प्रकाशोत्सव रूप में 24 नवंबर को बहुत ही श्रद्धापूर्वक, उमंग, हर्षोल्लास के बीच धूमधामपूर्वक मनाया जाएगा। गुरू नानक देव जी के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में स्थानीय श्री सिंह गुरू द्वारा को रंग-बिरंगी रोशनी से सजाया जाएगा। इससे पूर्व 21 नवंबर को स्थानीय श्री सिंह गुरूद्वारा में श्री अखंड पाठ का आयोजन होगा तथा गुरू श्री नानक देव जी के बहुआयामी जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनकी गौरव भरी गाथा का उल्लेख किया जाएगा। 24 नवंबर को दोपहर वक्त में भोग बाद अटूट गुरू लंगर में सभी धर्मों के लोग शिरकत कर अनेकता में एकता को प्रदर्शित करते हुए प्रशाद छकेंगे। उपरोक्त जानकारी देते हुए श्री गुरूद्वारा प्रबंधन समिति अध्यक्ष सरदार गुरूबचन सिंह, नगरपार्षद राखी बागड़ी, सरदार जसवंत सिंह, कृपाल सिंह, सरदार प्रीतपाल सिंह बिल्लू, सरदार प्रीतम सिंह, बिजेन्द्र सिंह खन्ना, सुनील प्रेम सिंह, सोनू सावरिया, जीतू पहाडिय़ा, जसबीर सिंह, निशांत सिंह आदि ने बताया कि सिखों के गुरू नानक देव जी का जन्मदिवस प्रकाशोत्सव से पूर्व शहर में प्रतिदिन भोरे सवेरे प्रभात फेरी निकाली जा रही है। ध्यान योग्य यह कि श्री गुरू नानक देव प्रकाशोत्सव को लेकर स्थानीय श्री सिंह गुरूद्वारा प्रबंधन समिति से जुड़े सदस्यों, पदाधिकारियों, प्रमुख लोगों, समुदाय की महिलाओं, नौजवानों, उत्साही वृद्धों समेत समूचे सिख समाज के तमाम लोग तथा मातृशक्ति भी जी जान से जुटे है। उन्होने बताया कि श्री सिंह गुरूद्वारा में शाम के वक्त भी प्रतिदिन दीवान सजेगा और 24 नवंबर को भोग लगेगा। तत्पश्चात अटूट लंगर चलेगा। उन्होने यह भी बताया कि इस बार पंजाब के लुधियाना से रागी जत्थे को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया है।

पल्ला इंजीनियरिंग कालेज के छात्रों की मांग बिना देरी के पूरी करे सरकार : कांग्रेस नेता महेश घोडारोप

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता

सोहना। हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी मैंबर चौधरी महेश घोडारोप ने नूंह जिला के पल्ला इंजीनियरिंग कॉलेज में चल रहे आंदोलन को समर्थन देते हुए छात्रों की मांगों को जल्द से जल्द मानने की सरकार से मांग की है। उन्होंने कहा कि शिक्षा के मंदिर को भाजपा के नेता ने राजनीति का अखाड़ा बना दिया है, जो निंदनीय है। किसी भी शिक्षण संस्थान में मूलभूत सुविधाओं होना पहली जरूरत होती है, मगर पल्ला इंजीनियरिंग कालेज सुविधाओं से महरूम रखा जा रहा है। हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी मैंबर चौधरी महेश घोडारोप ने कहा कि पल्ला इंजीनियरिंग कॉलेज में बुनियादी सुविधाओं की कमी, खराब हॉस्टल की स्थिति, पीने के पानी का संकट, पर्याप्त प्रयोगशालाओं और शिक्षकों की कमी के साथ-साथ कर्मचारियों के 2018 से डीए से रुके हुए डीए व प्रमोशन की मांग को लेकर छात्र व स्टाफ धरने पर हैं। हरियाणा में यह कारनामा भाजपा की सरकार में हो रहा है कि छात्र और स्टाफ मिलकर आंदोलन की राह पर हैं। सरकार शिक्षण संस्थान की इस गंभीरता को समझ ही नहीं रही। दिखावे के लिए बातचीत का रास्ता निकाल रही है, जबकि मांगों को शत-प्रतिशत पूरा करना ही इस आंदोलन की समाप्ति की राह है। उन्होंने कहा कि आंदोलन कर रहे छात्रों की मुख्य मांग कॉलेज एडमिनिस्ट्रेटर जाकिर हुसैन का इस्तीफा है, जिस पर सरकार की ओर से कोई पहल नहीं की जा रही है। उन्होंने कहा कि वक्फ बोर्ड ने जिस उद्देश्य से इस कॉलेज को बनाया था, वह उद्देश्य यहां पूरा नहीं हो रहा। कालेज की छात्र हित में इस्तेमाल होना चाहिए, मगर यहां कालेज को राजनीतिक लोग संचालित कर रहे हैं। हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी मैंबर चौधरी महेश घोडारोप ने कहा कि ये सभी मांगें पूरी तरह जायज हैं। किसी भी इंजीनियरिंग कॉलेज में अगर यही सुविधाएं नहीं होंगी, तो छात्र कैसे पढ़ेंगे, कैसे आगे बढ़ेंगे। उन्होंने कहा कि सरकार को शिक्षा पर खर्च को बोझ नहीं, बल्कि निवेश समझना चाहिए। अगर आज छात्रों को अच्छी शिक्षा नहीं मिलेगी, तो कल प्रदेश और देश का विकास कैसे होगा। उन्होंने आरोप लगाया कि सत्ता पक्ष के एक नेता द्वारा कॉलेज के मामलों में हस्तक्षेप किया जा रहा है। इससे कॉलेज का शैक्षणिक माहौल खराब हो रहा है। शिक्षण संस्थान को राजनीति से दूर रखना चाहिए। वहां



सिर्फ पढ़ाई, अनुशासन और छात्रों के भविष्य की बात होनी चाहिए। लेकिन यहां उल्टा हो रहा है। राजनीति के कारण ही छात्रों की समस्याएं बढ़ी हैं और उन्हें सडक़ों पर उतरना पड़ा है। हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी मैंबर चौधरी महेश घोडारोप ने कहा कि कांग्रेस पार्टी पूरी तरह से छात्रों के साथ खड़ी है। छात्रों का संघर्ष अकेला नहीं है। अगर सरकार ने जल्द उनकी मांगों को नहीं माना, तो कांग्रेस सडक़ से लेकर विधानसभा तक उनकी आवाज उठाएगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के समय में शिक्षा को हमेशा प्राथमिकता दी गई। मौजूदा सरकार शिक्षा के क्षेत्र में पूरी तरह से विफल साबित हुई है। आज सरकारी स्कूल, कॉलेजों की हालत खराब है। उन्होंने कहा कि पल्ला इंजीनियरिंग कॉलेज मेवात जैसे पिछड़े क्षेत्र में स्थित है। यहां के छात्र पहले से ही कई चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। ऐसे में अगर उन्हें कॉलेज में भी सुविधाएं नहीं मिलेंगी, तो यह उनके भविष्य के साथ खिलवाड़ होगा। सरकार को इस क्षेत्र पर विशेष ध्यान देना चाहिए। मेवात के युवाओं को आगे बढ़ाने के लिए उन्हें बेहतर शिक्षा और रोजगार के अवसर देने होंगे। छात्रों ने सरकार से मांग की है कि सबसे पहले कालेज के एडमिनिस्ट्रेटर जाकिर हुसैन को हटाया जाए। भूख हड़ताल पर बैठे दोनों छात्रों को तत्काल बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाए। कॉलेज की इमारत और हॉस्टल की स्वतंत्र तकनीकी जांच कराई जाए। छात्रों की 16 सूत्रीय मांगों पर एवं शिक्षकों की 14 सूत्रीय मांगों पर बिना देरी के विचार करके समाधान निकाला जाए। कॉलेज के संचालन, बजट और भविष्य को लेकर सरकार साफ तौर पर रोडमैप सार्वजनिक करे, ताकि कालेज के स्टाफ व छात्रों को पढऩे-पढ़ाने का बेहतर माहौल मिले। छात्रों ने कहा कि जब तक उनकी मांगें नहीं मानी जातीं, तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा।

सोशल मीडिया से कमजोर हो रहे है बच्चे : पूर्व नगरपार्षद महेन्द्रप्रताप अरोड़ा

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता



सोहना। सोहना नगरपालिकापरिषद में नगरपार्षद रहे महेन्द्रप्रताप अरोड़ा बिल्लू का कहना है कि फिटनेस को लेकर युवाओं में भले ही जागरूकता आ गई है लेकिन बच्चों के स्वास्थ्य को लेकर लोग अभी भी उदासीन रवैया अपना रहे है। देखा जाए तो बच्चों के दांत, पेट और मौसमी बुखार आदि बीमारियों को लेकर माता-पिता जागरूक रहते है लेकिन अब बदलते वक्त की चुनौतियों में पनप रही बीमारियों से अनजान अभिभावकों को सावधान होने की जरूरत है क्योकि लाइफ स्टाईल में बदलाव, जंक फूड की लोकप्रियता, मोबाइल व सोशल मीडिया की लत बच्चों के स्वास्थ्य पर असर डाल रही है। ऐसे में दिल का कमजोर होना और मोटापा बच्चों में समस्या बनकर उभर रहा है। प्रत्येक माता-पिता को चाहिए कि वह अपने बच्चों में इस तरह की समस्या देखे तो इन लक्षणों को अनदेखा ना करे। बच्चों पर अधिक दबाव, खानपान का बदलाव, इंडोर गति की वजह से भी बच्चे कमजोर हो रहे है। बच्चों में ज्यादा मोटापा बीमारियों का घर है। इसलिए जरूरी है कि बच्चों की दिनचर्या और उनके रहन-सहन, आवाजाही पर पूरा ध्यान रखा जाए। सुबह सवेरे योगा और प्रात:कालीन भ्रमण तथा दौड़ आदि नियमित रूप से दिनचर्या का अंग बनाया जाए। स्थानीय श्री सनातन धर्मसभा राममंदिर प्रबंधन समिति संरक्षक हरीश नंदा राजू तथा युवा समाजसेवी व बाली स्वीटस ग्रुप के निर्देशक मोहित खटटर और युवा समाजसेवी डाक्टर सतीश जुनेजा, श्री सनातन धर्मसभा राममंदिर प्रबंधन समिति में उपाध्यक्ष विनीत रतड़ा, विपिन मल्होत्रा ने भी समाजसेवी महेन्द्रप्रताप अरोड़ा बिल्लू के बच्चों को सोशल मीडिया से दूर रखने के दिए गए सुझावों का स्वागत किया है।

श्री गौवर्धन गौशाला में गौपाष्टमी पर्व 17 को होगा : नंबरदार तेजपाल सैनी

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता



सोहना। यहां पर गांव आटा स्थित श्री गौवर्धन गौशाला में इस बार गौपाष्टमी पर्व 17 नवम्बर को पूरे हर्षोल्लास व धूमधाम से मनाया जाएगा। गौशाला संचालन समिति से जुड़े परम गौभक्त व सोहना गांव के नंबरदार तेजपाल सैनी, एडवोकेट मुकेश गर्ग और पंडित ठाकुरदास शर्मा ने बुधवार को संयुक्त रूप से बताया कि 17 नवम्बर को गोपाष्टमी के उपलक्ष्य में गौशाला प्रांगण में प्रात: 9 बजे हवन के उपरांत गौमाता का पूजन करने उपरांत गौमाता पर आधारित भजन, कीर्तन तथा दोपहर एक बजे प्रसाद वितरण होगा। गौपाष्टमी पर्व को कामयाब बनाने के लिए गौशाला संचालन समिति से जुड़े तमाम कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों के साथ गौभक्त संजय आर्य, प्रवेश गर्ग, सर छोटूराम जाट वैलफेयर सोसायटी के प्रधान धर्मेन्द्र चौधरी इंडरिया, मास्टर अमीचंद गर्ग, राजकुमार सिंगला, सतेन्द्र एडवोकेट, लोकेश राघव, अग्रवाल नेता मुकेश मोदी, सतीश संदूजा, अर्जुन बजाज, सरपंच रामअवतार तथा सोहना गौरक्षादल के कार्यकर्ता शहर और क्षेत्र में गौभक्तों को आमंत्रण देने में जुटे है।

नवंबर माह में पेंशन प्राप्त करने के लिए पेंशनरों को देना होगा जीवन प्रमाण पत्र : खजाना अधिकारी नैंसी यादव

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता



सोहना। हरियाणा सरकार से सेवानिवृत्त पेंशनरों को अपनी पेंशन प्राप्त करने के लिए नवंबर माह में अपना जीवित होने का प्रमाण पत्र (जीवन प्रमाण पत्र) जमा करवाना होगा। इस संबंध में खजाना अधिकारी, गुरुग्राम नैन्सी यादव ने बताया कि जिले के कोषागारों एवं उप-कोषागार कार्यालयों से पेंशन प्राप्त कर रहे पेंशनरों को नवंबर माह में जीवन प्रमाण पत्र देना अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि पेंशनर अपने संबंधित खजाना अथवा उप-खजाना कार्यालय में 25 नवंबर तक जीवन प्रमाण पत्र जमा करवा सकते हैं। इसके अतिरिक्त, पेंशनर अपने स्मार्टफोन के माध्यम से भी घर बैठे डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र तैयार कर सकते हैं। इसके लिए डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र की सुविधा का लाभ लिया जा सकता है। उन्होंने बताया कि गुरुग्राम खजाना कार्यालय से लगभग आठ हजार पेंशनर पेंशन प्राप्त कर रहे हैं। इन सभी पेंशनरों की सुविधा के लिए कार्यालय की ओर से आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं। उन्होंने पेंशनरों से निर्धारित समय सीमा के भीतर जीवन प्रमाण पत्र जमा करवाने की अपील की, ताकि पेंशन प्राप्त करने में किसी प्रकार की परेशानी न हो। हरियाणा सरकार के खजाना एवं उप-खजाना कार्यालयों, विशेषकर सोहना, फर्रुखनगर और पटौदी से पेंशन प्राप्त करने वाले पेंशनरों को अपने संबंधित कार्यालय में जीवन प्रमाण पत्र देना होगा। जीवन प्रमाण पत्र जमा करवाने के लिए पेंशनर को अपना आधार कार्ड, बैंक खाते से संबंधित विवरण तथा मोबाइल नंबर साथ लेकर जाना चाहिए। पारिवारिक पेंशन प्राप्त कर रहे पेंशनरों को पुनर्विवाह न करने का प्रमाण पत्र भी देना होगा। आश्रित बच्चों को परिवार पहचान पत्र के अनुसार अपना आय प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि बीमार एवं बुजुर्ग पेंशनर, जिन्हें खजाना कार्यालय आने में असमर्थता होती है, वे डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट सुविधा के माध्यम से घर बैठे जीवन प्रमाण पत्र जमा कर सकते हैं। इसके लिए इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक के प्रतिनिधियों के माध्यम से निर्धारित शुल्क पर यह सुविधा प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने बताया कि पेंशनर अपने स्मार्टफोन में आधार फेस ऑथेंटिकेशन के माध्यम से भी डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र तैयार कर सकते हैं। इसके लिए आवश्यक प्रक्रिया पूरी करके घर बैठे ही प्रमाण पत्र जमा करवाने की सुविधा उपलब्ध है। उन्होंने सभी पेंशनरों से आग्रह किया कि वे समय रहते अपना जीवन प्रमाण पत्र जमा करवाएं और पेंशन संबंधी औपचारिकताएं पूरी करें।

नवम्बर में होगा मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन : व्यापारी नेता गौरव सिंगला

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता



सोहना। यहां पर बर्तन विक्रेता व्यापारी एसोसिएशन से जुड़े युवा समाजसेवी और लायंसक्लब सोहना सिटी में मैंबरशिप चेयरपर्सन गौरव सिंगला ने बताया कि चल रहे एसआईआर अभियान कार्यक्रम में चुनावआयोग द्वारा किए गए बदलाव के बाद अब मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन नवम्बर माह में होगा। उन्होने युवाओं से आग्रह किया कि जिन युवाओं की उम्र 18 वर्ष पूरी हो गई है, ऐसे युवा रंगीन मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज कराने और रंगीन वोटर आईकार्ड प्राप्त करने के लिए जल्द से जल्द फार्म छह भरकर चुनावआयोग की वैबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन करने में कोताही ना बरते। व्यापारी नेता गौरव सिंगला ने बताया कि एसआईआर के दौरान जो भी मतदाता किसी भी कारणवश अपना फार्म जमा नही करा पाए और इस वजह से उनके नाम प्रारंभिक वोटर सूची में शामिल नही हुए, अब उन्हे भी एक और मौका दिया गया है। ऐसे मतदाता अपना गणना फार्म भरकर जमा कर सकेंगे। उन्होने बताया कि दस जनवरी से ऑनलाइन फार्म भरने की सुविधा चुनावआयोग की तरफ से उपलब्ध कराई गई है।

भ्रष्टाचार के विरुद्ध पुलिस की जीरो टॉलरेंस नीति

ट्रैफिक ड्यूटी के दौरान किसी भी ट्रैफिक पुलिस कर्मी, होमगार्ड या SPO की संलिप्तता पाए जाने पर ZO और TI की तय होगी जिम्मेदारी

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता

सोहना। पुलिस आयुक्त शिबास कबिराज द्वारा भ्रष्टाचार, लापरवाही, अवैध वसूली, अनुचित व्यवहार सहित किसी भी प्रकार के भ्रष्ट आचरण के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाते हुए सोशल मीडिया पर होमगार्ड द्वारा उपहार के नाम पर अवैध वसूली करने के सम्बन्ध में वायरल हुई वीडियो के आधार पर त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी होमगार्ड को गिरफ्तार करने के साथ गुरुग्राम पुलिस के सभी DCsP, ACsP के माध्यम से ग्राउंड लेवल के पुलिसकर्मियों को सख्त आदेश/निर्देश दिए गए है। पुलिसकर्मियों की कार्यप्रणाली में पारदर्शिता एवं जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए पुलिस आयुक्त के कड़े निर्देश जारी किए है तथा उक्त घटना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस विभाग में अनुशासन, पारदर्शिता एवं जवाबदेही को और अधिक सुदृढ़ करने के उद्देश्य से DCsP एवं ACsP के माध्यम से ग्राउंड लेवल पर तैनात पुलिसकर्मियों की बैठक लेकर निम्नलिखित सख्त दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं।सभी DCsP एवं ACsP अपने-अपने अधीनस्थ अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ जोन स्तर तक बैठक आयोजित करके स्पष्ट एवं सख्त निर्देश देंगे कि ड्यूटी के दौरान किसी भी प्रकार की अवैध वसूली, अनुचित व्यवहार अथवा भ्रष्ट आचरण को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। भविष्य में इस प्रकार की किसी भी घटना की पुनरावृत्ति होने पर संबंधित क्षेत्र के ZO एवं TI की जवाबदेही भी निर्धारित की जाएगी। अधीनस्थ कर्मचारियों की कार्यप्रणाली पर प्रभावी निगरानी रखना संबंधित अधिकारियों की जिम्मेदारी होगी।



पुलिस कंट्रोल रूप में ACP रैंक के अधिकारी सभी CCTV कैमरों की नियमित रूप से जांच एवं निगरानी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि ड्यूटी के दौरान पुलिसकर्मियों की कार्यप्रणाली पर प्रभावी नजर रखी जा सके। यातायात नियमों के उल्लंघन पर चालान की कार्यवाही बॉडी वॉर्न कैमरे की निगरानी में करने के निर्देश दिए गए हैं, जिससे पूरी प्रक्रिया पारदर्शी रहे तथा वाहन चालकों एवं पुलिसकर्मियों दोनों के हित सुरक्षित रहें। ड्यूटी में पारदर्शिता बनाए रखने, किसी एक स्थान पर लंबे समय तक तैनाती से उत्पन्न होने वाली अनियमितताओं की संभावनाओं को कम करने तथा निष्पक्ष व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए प्रत्येक 60 दिन में रैंडम कंप्यूटरीकृत ट्रांसफर की व्यवस्था लागू करने के निर्देश दिए गए हैं। संबंधित अधिकारियों को भी CCTV फुटेज का नियमित विश्लेषण करने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि अथवा अनियमितता के सामने आने पर तत्काल आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। गुरुग्राम पुलिस आमजन की सुरक्षा, सम्मान एवं विश्वास को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है। पुलिस की वर्दी जनसेवा, कानून व्यवस्था एवं नागरिकों की सुरक्षा का प्रतीक है। वर्दी की आड़ में किसी भी प्रकार की अवैध वसूली, भ्रष्टाचार अथवा अनुचित व्यवहार को किसी भी स्तर पर स्वीकार नहीं किया जाएगा। गुरुग्राम पुलिस द्वारा आमजन से अपील की जाती है कि यदि कोई पुलिसकर्मी अथवा अन्य कर्मचारी ड्यूटी के दौरान किसी भी प्रकार की अवैध मांग या वसूली करता है, तो इसकी सूचना तत्काल गुरुग्राम पुलिस को दें। ऐसी शिकायतों पर नियमानुसार सख्त कार्यवाही की जाएगी।

पेट्रोलपंपों पर जनसुविधाओं का अभाव-वाहन चालक हो रहे परेशान : डाक्टर सतीश जुनेजा

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता



सोहना। यहां पर स्थानीय श्री सनातन धर्मसभा राममंदिर से जुड़े समाजसेवी डाक्टर सतीश जुनेजा ने बताया कि सोहना-भौंड़सी और आसपास क्षेत्रों में चल रहे पेट्रोलपम्पों पर वाहन चालकों को बुनियादी सुविधाएं नही मिल पा रही है। कई पेट्रोलपम्पों पर वाहनों में भरने के लिए हवा, पीने के लिए स्वच्छ पानी और शौचालय जैसी जरूरी सुविधाएं बदहाल हालत में है। जिसका खामियाजा जरूरत के वक्त वाहन चालकों को भुगतना पड़ रहा है और संबंधित विभाग की बरती जा रही अनदेखी व लापरवाही वाहन चालकों पर भारी पड़ रही है। किसी पेट्रोलपम्प पर सफाई का बुरा हाल है तो किसी पेट्रोलपम्प पर वाहन में हवा भरने वाली मशीन बंद पाई गई तो किसी मशीन का नोजल खराब तो किसी मशीन की बैल्ट खराब होने की वजह से वह काम नही कर पा रही है। ऐसे में जागरूक वाहन चाक मांग कर रहे है कि सोहना-भौंड़सी-बादशाहपुर और आसपास लगते सभी क्षेत्रों में पेट्रोलपम्पों पर बुनियादी सुविधाओं की जांच नियमित रूप से होनी चाहिए और बीच-बीच में जनसुविधाओं को परखने के लिए औचक निरीक्षण भी किया जाना चाहिए।

पशुपालकों को आर्थिक रूप से सशक्त और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में निरंतर प्रयासरत : कृषि एवं पशुपालन मंत्री

ओपन सर्च/ब्यूरो

चंडीगढ़। हरियाणा के कृषि एवं पशुपालन मंत्री श्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि प्रदेश सरकार राज्य में पशुपालकों को आर्थिक रूप से सशक्त और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को और अधिक मजबूत करने की दिशा में निरंतर प्रयासरत है , इसीलिए पशुपालन को प्रोत्साहन देने और किसानों की आजीविका के नए आयाम समृद्ध करने के लिए सरकार द्वारा उठाए गए कई बड़े कदम उठाए गए हैं।

उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र



मोदी के विजन के अनुरूप, पर्यावरण और पशुधन हमेशा से भारत के आर्थिक चिंतन का एक अत्यंत महत्वपूर्ण हिस्सा रहे हैं, तथा राज्य सरकार इसी दिशा में निरंतर कार्य कर रही है। श्री राणा ने बताया कि राज्य की पंजीकृत गौशालाओं और नंदीशालाओं के गौवंश के साथ-साथ पुनर्वसित गौवंश के लिए चारा अनुदान हेतु अक्टूबर 2024 से नवंबर 2026 तक लगभग 361 करोड़ रुपये की धनराशि वितरित की गई है। इसके अतिरिक्त, दुग्ध प्रसंस्करण और पोषण को बढ़ावा देने के लिए पिस्ता और केसर फ्लेवर में दूध, जौ-ज्वार के लड्डू, बाजरे के लड्डू और मैंगो लस्सी जैसे पौष्टिक उत्पादों को भी लॉन्च किया गया है।

- गौवंश के लिए चारा अनुदान हेतु अक्टूबर 2024 से नवंबर 2026 तक लगभग 361 करोड़ रुपये की धनराशि वितरित
- वर्ष 2024-26 के दौरान 80 "बल्क मिल्क कूलर" आवंटित

कृषि एवं पशुपालन मंत्री ने आगे जानकारी देते हुए बताया कि डेयरी क्षेत्र में ढांचागत सुधारों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इसी कड़ी में सहकारी समिति स्तर पर दूध ठंडा करने के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के उद्देश्य से वर्ष 2024-26 के दौरान 80 "बल्क मिल्क कूलर" आवंटित किए गए हैं।

उन्होंने पशु नस्ल सुधार की दिशा में एक बड़ी उपलब्धि का उल्लेख करते हुए उन्होंने बताया कि हिसार में लगभग 18.63 करोड़ रुपये की लागत से एक आधुनिक सैक्स-सोर्टिड सीमन प्रयोगशाला (Sex-Sorted Semen Laboratory) स्थापित की गई है। इसके अलावा, पशुपालकों और दुग्ध उत्पादकों को सीधा आर्थिक लाभ पहुंचाने के लिए 'मुख्यमंत्री दुग्ध उत्पादक प्रोत्साहन योजना' के तहत अक्टूबर 2024 से सितंबर 2026 तक लगभग 51,000 लाभार्थियों के खातों में 133.11 करोड़ रुपये की सब्सिडी राशि हस्तांतरित की गई है। श्री राणा ने कहा कि सरकार के इन निरंतर प्रयासों से राज्य में पशुपालकों का आर्थिक सशक्तिकरण होगा और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को और अधिक मजबूती मिलेगी।

भौंड़सी मार्डन जेल में बहनों ने कैदी भाईयों को किया टीका

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता

सोहना। यहां पर भौंड़सी मार्डन जेल में बुधवार को भैयादूज पर अपने भाईयों से मिलने आने वाली बहनों को इस बार बिना बेरोक-टोक मिलने देने के लिए गए जेल प्रशासन के निर्णय से बहनों के चेहरों पर खासी रौनक देखने को मिली। जेल अधीक्षक ने बताया कि इस बार जेल प्रशासन की तरफ से जेल में बंद कैदियों को भैयादूज पर उनकी बहनों से मिलने के लिए कारागार की डयोढ़ी में विशेष इंतजाम किए गए थे। काफी संख्या में महिलाएं यहां आई और अपने भाईयों को भैयादूज के मौके पर तिलक किया।